आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.53
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:38 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

रविवार, 7 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 288, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ कांग्रेस के शासनकाल में कर का था भारी बोझ - 12



■ जीएसटी में बदलाव से हर परिवार को होगा लाभ : सीतारमण - 12



■ हजरतबल मस्जिद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने पर और गरमाया माहौल - 13



■ अल्काराज और सिनर में होगा अमेरिकी ओपन का खिताबी मुकाबला - 14

# विकसित भारत का सारथी बनेगा यूपी परिवहन विभाग : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने 400 बसों को दिखाई हरी झंडी, 20 फीसदी कम होगा ग्रामीण रोडवेज बसों का किराया
- बस सेवा की गांवों तक कनेक्टिविटी से करीब तीन लाख रोजगार के अवसर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की नई योजनाओं और सेवाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि इसे विकसित भारत का सारथी बनाना होगा। यूपी रोडवेज के पास देश का सबसे बड़ा बेड़ा है, जिसे आधुनिक, सुरक्षित व प्रतिस्पर्धी बनाना प्राथमिकता है। कहा कि बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट और गांव-गांव कनेक्टिविटी से तीन लाख रोजगार सृजित किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने आठ डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस, 16 इलेक्ट्रिक बस, 1 रेट्रोफिट इलेक्ट्रिक बस, 10 सीएनजी बस, दो एसी बस, 20 टाटा बस, 43 आयशर सहित 400 बीएस-सिक्स बसों और सड़क सुरक्षा के लिए 11 इंटरसेप्टर को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के पास देश में सबसे बड़ा 14 हजार बसों का बेड़ा होने के बावजूद चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उन्होंने विभाग से अल्पकालिक (3 वर्ष), मध्यम अवधि (10 वर्ष) और दीर्घकालिक (22 वर्ष) योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित फाइलों के निपटारे, जनसुनवाई तेजी से कराने और टीम वर्क मजबूत करने सख्त हिदायत दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग संकट काल में भी भरोसेमंद रहा। 2019 कुंभ और कोरोना महामारी के दौरान विभाग ने उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के प्रवासियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया। प्रयागराज महाकुंभ में रेलवे स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

योगी ने प्रदेशभर में 250 ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा देते हुए कहा कि प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन, आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है।



लखनऊ। रोडवेज बेड़े में शामिल हुईं बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी।

### निगम को मिली प्रमुख योजनाएं

- 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों से आमजन तक 45 से अधिक सेवाएं।
- सरल परिवहन हेल्पलाइन 149, डिजिटल बस ट्रैकिंग एप का शुभारंभ।
- 400 नई बसों को हरी झंडी, 3 महिला परिचालकों को नियुक्ति पत्र।
- सात पीपीपी मॉडल आधुनिक बस स्टेशनों का शिलान्यास।
- जूपिटर ऑडिटोरियम के नवीनीकरण-उच्चीकरण का लोकार्पण।
- एडीटीसी और आरवीएसएफ के नवीनतम केंद्रों को प्रमाण पत्र।

### फिटनेस जांच अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर साल सड़क हादसों में कोविड काल से अधिक लोग मारे जाते हैं। उन्होंने बस चालकों की हर तीन महीने में मेडिकल और फिटनेस जांच अनिवार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आंखों की जांच पर विशेष ध्यान देने देंगे। साथ ही आईआईटी खड़गपुर और पुलिस की मदद से सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कवि सम्मेलन : कविता से मसखरी तक का सफर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### इंडिगो फ्लाइट में तकनीकी खराबी कोच्चि लौटी

**कोच्चि।** अबू धाबी के लिए रवाना हुआ इंडिगो का एक विमान दो घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार देर रात कोच्चि लौट आया। इंडिगो ने यह जानकारी दी। विमान में 180 से अधिक यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। उड़ान 6ई-1403 शुक्रवार रात 11 बजकर 10 मिनट पर कोच्चि से रवाना हुई और तकनीकी खराबी के कारण रात लगभग 1:44 बजे शहर लौटी। रात लगभग साढ़े तीन बजे यात्रियों को एक अन्य विमान से अबू धाबी ले जाया गया।

### मेफेड्रोन इकाई का भंडाफोड़, बांग्लादेशी सहित 12 गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र की मीरा भयंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने तेलंगाना में एक मेफेड्रोन इकाई का भंडाफोड़ किया और एक बांग्लादेशी महिला सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया। यह इकाई तेलंगाना के चेरलापल्ली में संचालित की जा रही थी। एमबीवीवी पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने संवाददाताओं को बताया कि 5.968 किलोग्राम मेफेड्रोन, 27 मोबाइल फोन, तीन वाहन, चार इलेक्ट्रॉनिक तराजू, रसायन और प्रतिबंधित पदार्थ के उत्पादन में इस्तेमाल की जाने वाली अन्य सामग्री के साथ 23.97 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा, "मेफेड्रोन सहित जब्त की गई वस्तुओं की कुल कीमत कई करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# भारत से संबंधों पर ट्रंप का यूटर्न, मोदी बोले सकारात्मक राय का समर्थन करता हूं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- दोनों देशों के बीच विशेष रिश्ते, मोदी मेरे अच्छे दोस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों के सकारात्मक आकलन के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना करते हैं। इससे पहले, ट्रंप ने दोनों देशों के विशेष संबंध की सराहना की, जिसे दोनों देशों के रिश्तों में आए तनाव को खत्म करने के प्रयास के तौर पर देखा गया।



ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह हमेशा मोदी के मित्र रहेंगे, लेकिन मोदी इस समय जो कर रहे हैं, वह उन्हें पसंद नहीं आया। ट्रंप ने हालांकि, विस्तार से नहीं बताया कि वह किस बारे में बात कर रहे हैं। इसके कुछ घंटे बाद मोदी की सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी आई। मोदी ने कहा, हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी सकारात्मक राय की सराहना करते हैं और उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच बहुत सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि अमेरिका भारत को चीन के हाथों खो रहा है। इस पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ऐसा हुआ है। मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि भारत रूस से इतना तेल खरीद रहा है। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें बताया कि हमने भारत पर बहुत बड़ा शुल्क लगाया है - 50 प्रतिशत शुल्क, बहुत ज्यादा शुल्क। जैसा कि आप जानते हैं, मोदी के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, वह कुछ महीने पहले यहां आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा था, लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो! सोशल मीडिया पर ट्रंप का यह नया पोस्ट ऐसे समय में आया था, जब कुछ ही दिन पहले चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गर्मजोशी से हुई बातचीत ने दुनिया का ध्यान खींचा।

पिछले कुछ दिनों में व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो समेत ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने भारत को निशाना बनाने के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। भारत ने शुक्रवार को नवारो की टिप्पणी को खारिज करते हुए उसे गलत और भ्रामक बताया था। पिछले कुछ सप्ताह में, दो दशकों से अधिक के घनिष्ठ सहयोग के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में गंभीर तनाव देखा गया। यह तनाव तब शुरू हुआ, जब व्यापार समझौते के लिए बातचीत में बाधा उत्पन्न हो गई तथा ट्रंप ने बार-बार दावा किया कि उन्होंने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को समाप्त कराया। भारत का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत के बाद संघर्ष समाप्त हुआ।

### 17 जून को फोन पर हुई बातचीत के बाद पहली बार एक दूसरे के बारे में दोनों नेताओं ने दिया बयान

दोनों नेताओं ने 17 जून को फोन पर हुई बातचीत के बाद पहली बार एक दूसरे के बारे में बयान दिए हैं। भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर लगाया गया था। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित और विवेकहीन बताया था। इससे पहले, भारत के साथ संबंधों को पुन: स्थापित करने की संभावना के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। ट्रंप ने कहा, मैं हमेशा (नरेन्द्र) मोदी का मित्र रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध हैं। चिंता की कोई बात नहीं है।



शाहजहांपुर : एसएसएमवी स्कूल में शनिवार को जब छात्र पीईटी देने पहुंचे तो कॉलेज परिसर में पानी भरा होने से परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने के लिए भवन के किनारे मेज लगाकर रस्सी बांधी गई। पुलिस कर्मियों ने पानी में खड़े होकर उन्हें केंद्र तक पहुंचाया।

# पीईटी 2025 : पहले दिन 3 लाख अनुपस्थित, 10 साल्वर पकड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2025) पहले दिन शनिवार दोनों पालियों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई।

12,65,998 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 9,64,802 उपस्थित हुए। 3 लाख परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आयोग के अनुसार, औसत उपस्थिति 76.21% रही। इस दौरान 10 साल्वर भी पकड़े गए। पहली पाली में 6,32,999 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,80,918 उपस्थित हुए, जबकि दूसरी पाली में 4,83,884 अभ्यर्थी शामिल हुए। मथुरा में उन्नाव का नीतेश गांव के अखिलेश की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया। मीरजापुर में एक अभ्यर्थी ब्लूटूथ डिवाइस छिपाकर नकल करता पाया गया। दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई। पहली पाली में 7, दूसरी में 3 लोग अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़े गये।

## गणपति बप्पा मोरया



मुंबई में शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर बारिश के बीच लोग भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ढोल-ताशे के साथ और गुलाल उड़ाते हुए सड़कों पर उमड़ पड़े। मुंबई के विभिन्न जलाशयों में 3000 से अधिक गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

# गुजरात का पावागढ़ रोपवे टूटा, 6 लोगों की मौत

**हलोल।** गुजरात के पंचमहाल जिले की प्रसिद्ध पावागढ़ पहाड़ी पर शनिवार को एक माल ढुलाई रोपवे का तार टूट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी पर यह हादसा अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। यह पहाड़ी अपनी चोटी पर स्थित महाकालिका मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। पंचमहल के जिलाधिकारी अजय ने बताया कि विभिन्न वस्तुओं को ले जाने के लिए बनाया गया रोपवे छह लोगों को लेकर नीचे की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। मृतकों में दो लिफ्ट ऑपरेटर, दो मजदूर व दो अन्य शामिल हैं। तार टूटने से केबल कार उस आधार बिंदु के पास गिरी, जहां रोपवे का पहला टावर स्थित है।

# कनाडा ने माना देश में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली फंडिंग

- बब्बर खालसा इंटरनेशनल और सिख्स फॉर जस्टिस जैसे संगठन जुटा रहे पैसा

ओटावा, एजेंसी

खालिस्तानी आतंकवादियों की फंडिंग को लेकर कनाडा सरकार की चौकाने वाली एक नई रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार कम से कम दो खालिस्तानी चरमपंथी समूहों को देश के भीतर से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। इस रिपोर्ट से दिल्ली के उन दावों की पुष्टि होती दिख रही कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्व बिना किसी रोक-टोक के भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं।

2025 असेस्मेंट ऑफ मनी लॉन्डरिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कनाडा के अंदर से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले खालिस्तानी चरमपंथी समूहों की पहचान बब्बर खालसा इंटरनेशनल व इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के रूप में की गई। रिपोर्ट में कनाडा में सूचीबद्ध व राजनीति से प्रेरित हिंसक चरमपंथ में शामिल कई आतंकवादी संगठन जैसे हमास, हिजबुल्ला व खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा तथा इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन कनाडा से ही वित्तीय सहायता प्राप्त करते पाए गए हैं।

### पंजाब में स्वतंत्र क्षेत्र के लिए कई देशों में धन जुटाने का संदेह

रिपोर्ट में पंजाब प्रांत में एक स्वतंत्र क्षेत्र स्थापित करने के लिए हिंसक तरीकों का समर्थन करने वाले खालिस्तानी चरमपंथी समूहों पर कनाडा सहित कई देशों में धन जुटाने का संदेह है। इन समूहों का पहले कनाडा में धन उगाही का नेटवर्क था लेकिन अब ऐसा प्रतीत होता है कि इनमें ऐसे व्यक्तियों के छोटे समूह शामिल हैं, जो इस मुद्दे के प्रति निष्ठा रखते हैं लेकिन किसी विशिष्ट समूह से कोई विशेष संबंध नहीं है।

**पहल** फीडिंग जोन होंगे सार्वजनिक स्थलों से दूर, तय स्थानों पर देना होगा खाना, उल्लंघन पर कार्रवाई

# सुरक्षित होंगे इंसान और श्वान, उप्र में नई गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा के मद्देनजर फीडिंग जोन होंगे सार्वजनिक स्थलों से दूर
- तय स्थानों पर ही श्वानों को देना होगा खाना, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों में आवारा श्वानों के बढ़ते खतरे और फीडिंग विवादों को देखते हुए नई गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन एनिमल बर्थ कंट्रोल (स्वान) नियमावली, 2023 के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें सुरक्षित फीडिंग व्यवस्था, स्थायी नसबंदी अभियान और जन-जागरूकता पर जोर दिया गया है।

नगर विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, हर वार्ड में फीडिंग जोन बनाए जाएंगे, जो बच्चों के खेल स्थलों, स्कूलों या भीड़-भाड़ वाले रास्तों से दूर होंगे। भोजन कराने का समय भी इस तरह तय किया जाएगा जिससे किसी की सुरक्षा प्रभावित न हो। खासतौर पर, फीडिंग कर रहे लोगों की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा गया है कि वे केवल निर्धारित स्थानों पर ही भोजन दें और स्वच्छता बनाए रखें। समाज कल्याण की भावना के साथ कार्य कर रहे पशुप्रेमियों को नसबंदी और टीकाकरण अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया है। गाइडलाइन के अनुसार, यदि किसी क्षेत्र में फीडिंग को लेकर विवाद उत्पन्न होता है तो वहां एक विवाद निस्तारण समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पुलिस अधिकारी, आरडब्ल्यूए सदस्य और शिकायतकर्ता शामिल होंगे। समिति का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

> यह गाइडलाइन मानवीय दृष्टिकोण से बनी है, जिसमें सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों सुनिश्चित किए गए हैं। सुरक्षित फीडिंग जोन, विवाद निस्तारण समिति और सामुदायिक भागीदारी से न केवल बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा होगी बल्कि पशु कल्याण भी सुनिश्चित होगा। स्थानीय निकायों को दिशा-निर्देशों का त्वरित अनुपालन करना होगा, जिसकी राज्य स्तर पर सतत निगरानी की जाएगी।
>
> -**अमृत अभिजात**, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग

### पशु प्रेमियों को डराना-धमकाना अब दंडनीय अपराध

गाइडलाइन के तहत तय जोन के बाहर श्वानों को भोजन देना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। स्थानीय निकायों को सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, पशुप्रेमियों को डराना या धमकाना अब दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। स्थानीय निकाय नियमों की जानकारी और फीडिंग जोन के प्रचार हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाएंगे। राज्य स्तर पर नगर विकास निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक की अध्यक्षता में एक मॉनिटरिंग सेल गठित की जाएगी।

### गोद लेकर छोड़ना अपराध, रेबीज पीड़ितों को पृथक केंद्र

श्वानों को गोद लेने की सुविधा दी गई है, लेकिन गोद लेने के बाद उन्हें छोड़ना कानूनन अपराध होगा। आक्रामक या रेबीज से संक्रमित श्वानों को विशेष निगरानी केंद्रों में रखा जाएगा। साथ ही, नगर निकायों में नोडल अधिकारी नामित होंगे जो सभी गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे।

# खेती से हरित ऊर्जा तक यूपी करेगा नेतृत्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2030 तक कृषि और हरित ऊर्जा में भारत में अव्वल बनने का लक्ष्य

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित यूपी @2047 के तहत प्रदेश को कृषि और ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का रोडमैप तय कर दिया है।

सरकार की योजना 22 साल में प्रदेश को फसल उत्पादकता और कृषि निर्यात दोनों में वैश्विक लीडर बनाने की है, साथ ही, सभी प्रमुख शहरों को सोलर सिटी में बदला जाएगा। सरकार ने 2030 तक कृषि उत्पादकता में भारत में पहला स्थान पाने और 2047 तक अमेरिका, फ्रांस, मैक्सिको व चीन जैसे देशों की श्रेणी में पहुंचने का लक्ष्य तय किया है। इसी तरह, कृषि निर्यात में भी यूपी 2030 तक भारत में नंबर-1 और 2047 तक कनाडा, रूस, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के समकक्ष बनने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए राज्य में व्यापक बदलाव लाए जा रहे हैं। भंडारण, कोल्ड चेन, प्रोसेसिंग यूनिट, पीएसीएस और एफपीओ आधारित ढांचे को सशक्त किया जा रहा है। कृषि अनुसंधान, नवाचार और तकनीक आधारित खेती को प्रोत्साहित कर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर का मॉडल बनाया जा रहा है। उधर, ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में भी योगी सरकार ने 2047 तक बड़ा लक्ष्य तय किया है। राज्य के सभी प्रमुख नगरों को सोलर सिटी में बदलने, शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करने और वृक्षावरण को 20% तक ले जाने की योजना है।

# उफनाई गर्रा का पानी सैलाब बनकर बरेली मोड़ हाईवे पर पहुंचा

## मुमुक्षु आश्रम, सुभाषनगर, आवास विकास कॉलोनी, काशीराम कॉलोनी सहित कई मोहल्ले हुए जलमग्न, लोगों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गर्रा नदी में पानी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे सैलाब बनकर पानी बरेली मोड़ हाईवे पर बहने लगा है। इसके साथ ही मुमुक्षु आश्रम, आवास विकास कॉलोनी, सुभाषनगर, काशीराम कॉलोनी सहित कई मोहल्ले भी पानी- पानी हो गए हैं। वहीं मेडिकल कॉलेज में भी जलभराव बढ़ता जा रहा है। डीएम, एसपी, नगर आयुक्त समेत कई अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया है और आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम को बरेली मोड़ पर तैनात किया है।

शहर से होकर निकली गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से आसपास के मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। वहीं शनिवार को दोपहर में हालात यह बने कि उफनाई गर्रा नदी का पानी बरेली मोड़ पर हाईवे पर बहने लगा। इससे हाईवे पर गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। साथ ही हाईवे के किनारे मोहल्ले और दुकानें जलमग्न हो गई। आशंका है कि अभी जलस्तर में और वृद्धि देखने को मिल सकती है जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित ठिकानों की ओर पलायन करना पड़ सकता है। कई कॉलेजों में बाढ़ का पानी भरने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होगी और रविवार को दो पालियों में होने वाली पीईटी परीक्षा के परीक्षार्थियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।


बाढ़ का पानी हाईवे पर भरने के चलते पैदल जाते लोग। ● अमृत विचार


हाथ में चप्पल लेकर जाता बालक।


दिल्ली-लखनऊ हाईवे हुआ जलमग्न, जिससे यातायात प्रभावित रहा।

### परीक्षार्थियों को बाढ़ के पानी ने डराया दोपहिया वाहन पानी में लुढ़के

पीईटी के लिए शहर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर हजारों की संख्या में परीक्षार्थी पहुंचे, जिन्हें भी बाढ़ के पानी का सामना करना पड़ा। गर्रा नदी के आसपास स्थित जयपुरिया स्कूल, एसडीएस इंटर कॉलेज आदि में भी बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे परीक्षार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। खासकर दूसरी पाली में तीन से पांच बजे तक परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को बाढ़ के पानी से होकर गुजरना पड़ा। बरेली मोड़ हाईवे पर स्थित कालेजों तक पहुंचने के लिए दोपहिया वाहन से सफर करने वाले परीक्षार्थियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा, क्योंकि कई वाहन बाढ़ के पानी में फंसकर लुढ़क गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मदद का वाहनों को बाहर निकाला।

### जलस्तर और बढ़ने की आशंका

गर्रा नदी के आसपास बसे मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुसने से लोग भयभीत दिखे, क्योंकि जलस्तर में कमी आने के बजाय लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इससे आशंका जताई जा रही है कि रात में कहीं जलस्तर में ज्यादा वृद्धि हुई, तो लोगों को जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। सबसे ज्यादा खराब हालात मोहल्ला सुभाषनगर में देखने को मिला, जहां घरों में तीन से पांच फीट तक पानी भर चुका है। वहीं बरेली मोड़ के किनारे स्थित एलआईसी दफ्तर भी जलमग्न हो गया है। पानी के सैलाब का मोहल्लों व हाईवे पर पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।

**एनडीआरएफ टीम बरेली मोड़ पर तैनात :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार के साथ गर्रा एवं खन्नौत नदी के बढ़े जलस्तर का मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरेली मोड़ और आवास विकास कालोनी सहित अन्य स्थलों पर स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने जलस्तर की स्थिति एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न टीमों द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाव, गोताखोर एवं खाने-पीने की सामग्री का पर्याप्त वितरण होता रहे। बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन, पानी, स्वास्थ्य सुविधा मिलती रहे। बाढ़ प्रभावित परिवारों को शारणालय सहित अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।

सभी राहत टीमें अपने अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर बचाव कार्य करते रहे।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से कहा गया है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत बाढ़ नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें। इसके लिए नियंत्रण कक्ष के नंबर 05842-351037, 05842-351038, 05842-462754, 05842-220018 या टोल फ्री नंबर 1077 (24×7उपलब्ध) पर फोन करके मदद मांगी जा सकती है।

> गर्रा व खन्नौत नदी जलस्तर स्थिर है। दियूनी बांध से गर्रा नदी में 14720 क्यूसेक पानी पास हो रहा था, वह अब घटकर 12988 रह गया है। इससे रविवार से पानी घटने की उम्मीद है। अभी गर्रा नदी खतरे के निशान से 40 सेमी और खन्नौत नदी खतरे निशान से 30 सेमी ऊपर चल रही है। बरेली हाईवे पर बाढ़ का पानी आने का कारण भी खतरे के निशान से ऊपर नदियों का आना है। धीरे धीरे जलस्तर कम होगा। किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दे। **– नेहा वर्मा**, एडीएम एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ कन्ट्रोल रुम

● **गर्रा नदी खतरे के निशान से 40 सेंटीमीटर और खन्नौत नदी खतरे के निशान से 30 सेंटीमीटर ऊपर बह रहीं**

## न्यूज ब्रीफ

### यात्री की तबीयत बिगड़ी स्टेशन पर उतारा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नौचंदी एक्सप्रेस में एक यात्री की तबीयत खराब होने पर आरपीएफ ने उसे उतारकर एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल भेज दिया। बागपत जिले के थाना छपरौली के गांव कुरड़ी निवासी महक सिंह शनिवार की सुबह नौचंदी एक्सप्रेस से मेरठ से प्रयागराज जा रहे थे। स्लीपर कोच में उनकी तबीयत खराब हो गई। यात्रियों ने टीटीई को जानकारी दी। टीटीई ने कंट्रोल को सूचना दी। कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को प्लेटफार्म एक पर रोका गया। आरपीएफ के एएसआई वीरभद्र सिंह सिपाहियों के साथ कोच में पहुंचे और बीमार यात्री को उतारकर एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल भेज दिया। उसके परिवार वालों को फोन पर सूचना दे दी।

### हाईटेंशन लाइन में लगी आग, हड़कंप

**परौर, अमृत विचार :** कुण्डरी गांव की मेन गली में शनिवार सुबह 11 हजार वोल्टेज की लाइन में आग लग गई। ग्रामीण लपटें देख घरों से बाहर निकल आए। तार टूटकर गली में गिरा, लेकिन बड़ा हादसा टल गया। जेई और लाइनमैन का फोन रिसीव न होने पर ग्रामीणों ने एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह को सूचना दी। अधिकारियों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए युवा नेता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अहमदपुर रेती रोड स्थित लोक कल्याण भवन में ठहरे बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को जानने पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा हनुमंतधाम मंडल उपाध्यक्ष जितिन तिवारी ने पीड़ितों को जनरेटर, फोल्डिंग, गद्दे और खानपान की व्यवस्था दिलाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम सदर संजय पांडे व नायब तहसीलदार निवेदिता सिंह को अवगत कराया। लेखपाल मनोज सिंह भी सक्रिय रहे।

### 'परी आपकी रसोई' से बाढ़ पीड़ितों को भोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विनय अग्रवाल परी नमकीन वालों की ओर से संचालित 'परी आपकी रसोई' की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भोजन वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में पीयूष मिश्रा, वरुण मिश्रा, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता आदि सहयोगी रहे। विनय अग्रवाल ने कहा कि सेवा तब तक जारी रहेगी जब तक महानगरवासियों को राहत नहीं मिल जाती।

# मेडिकल कॉलेज में इलाज ठप, सीएचसी भावलखेड़ा मरीजों का नया ठिकाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बाढ़ का पानी मेडिकल कॉलेज में भरने से यहां स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अस्थाई रूप से सीएचसी भावलखेड़ा को चिकित्सीय इकाई नामित किया है।

साथ ही मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए हैं कि अधीनस्थ चिकित्सकों को सीएचसी भावलचखेड़ा में उपस्थित होकर पूर्णकालिक चिकित्सीय कार्य करें। ताकि बाढ़ की विभीषिका के समय जन सामान्य को निर्बाध रूप से चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा सीएमओ ने पुलिस द्वारा कराए जाने वाले मेडिको लीगल के संबंध में एसपी को पत्र भेजकर बताया है कि अब मेडिको लीगल के कार्य के लिए सीएचसी भावलखेड़ा को नामित किया गया है।

जब तक मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल नहीं हो जाती, तब तक सीएचसी भावलखेड़ा में ही मेडिको लीगल का कार्य किया जाएगा।

### कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक

सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने जिले के सभी चिकित्सा अधीक्षक व चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत सुविधा कैंप लगाकर मरीजों का इलाज करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों के फैलने के खतरे को देखते हुए जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपरिहार्य स्थिति के अलावा अधिकारियों व कर्मचारियों को छुट्टी देने पर रोक लगाते हुए रोस्टर बनाकर 24 घंटे ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने के कारण सीएचसी तिलहर, भावलखेड़ा व पुवायां में मरीजों को इमरजेंसी सुविधा देने के लिए कहा गया है। सीएमओ ने निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

● **मेडिको लीगल के लिए भी सीएचसी भावलखेड़ा नामित**

## करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार:** ग्राम ककराह चौराहे के निकट शनिवार सुबह करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। गांव निवासी भूपेंद्र ने बताया कि उनकी भैंस मकान के सामने बंधी हुई थी।

सुबह 9 बजे मकान के पास लगे 33 हजार वोल्टेज की लाइन के खंभे में करंट उतर आया और भैंस उसकी चपेट में आ गई। भूपेंद्र ने यह भैंस 70 हजार रुपये में खरीदी थी। इस संबंध में कई बार उन्होंने बिजली विभाग से खंभे में करंट आने की शिकायत की थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहसील व पुलिस प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने भैंस का पोस्टमार्टम कराया है।

# बाढ़ का पानी गांवों में फिर घुसा

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** गंगा और रामगंगा नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का कहर गहराता जा रहा है। उफनती लहरों ने कई गांवों में दस्तक दे दी है, जिससे खेत-खलिहान जलमग्न होकर फसलें चौपट हो रही हैं। धान की फसल भी बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। स्टेट हाईवे और संपर्क मार्ग तेज बहाव में डूब गए हैं, जिससे आवाजाही प्रभावित हो रही है। गंगा की बाढ़ से इस्लामनगर, आजाद नगला, मस्जिद नगला, पकड़िया नगला, भरतपुर, पैलानी उत्तर, गुटेटी, बख्तबरगंज, धीयरपुरा, काटेला नगला, लुहारन नगला सहित दर्जनों गांव प्रभावित हो चुके हैं। वहीं रामगंगा की लहरों ने परौर, कुण्डरी, ककोड़ा, दहिलिया, गहवरा, मई धीरगंज, हरिहरपुर, बीघापुर, सिठौली, मौजमपुर, अतरी समेत अनेक गांवों के खेतों को डुबो दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में दाद, खाज-खुजली और बुखार जैसी बीमारियां फैल रही हैं, लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम नहीं पहुंची। वहीं राजस्व विभाग की टीम भी मौके से नदारद है। कुंडरी गांव में बाढ़ से हालात गंभीर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नाव की सख्त जरूरत है, मगर विभाग की रिपोर्ट के चलते अब तक व्यवस्था नहीं हो सकी। ग्रामीण जानवरों का सहारा लेकर रामगंगा पार कर अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल नाव उपलब्ध कराने और राहत कार्य शुरू करने की मांग की है।


राम गंगा में शनिवार को जलस्तर बढ़ा हुआ देखा गया। ● अमृत विचार

● **संपर्क मार्ग डूबे, खेत जलमग्न नाव न होने से किसान हो रहे परेशान**

# महिलाओं को सुरक्षा की दी जानकारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन योजना के अंतर्गत जनपद में 2 से 12 सितंबर तक 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में शनिवार को वूमेन सेफ्टी एट वर्क प्लेस की थीम पर सीएमओ ऑफिस में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित की ओर से कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम के संबंध में उपस्थित एएनएम व आशाओं को यौन उत्पीड़न के विषय में बताया। जिसमें अनुचित प्रस्ताव, यौन प्रकृति के व्यवहार और शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाना शामिल होता है, उन्होंने बताया कि इस उत्पीड़न को रोकने के लिए प्रत्येक जिले में आंतरिक शिकायत समिति आईसीसी गठित की गई है। जिसमें उत्पीड़ित हर कार्यरत महिला अपनी शिकायत कर सकती है। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण वातावरण तैयार करता है, जिससे महिलाएं सुरक्षा भाव के साथ अपने कार्यस्थल पर कार्य कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्पॉन्सरशिप योजना आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीपीएम इमरान खान, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, सीसीपीएम अजीत कुमार, संतोष कुमार, गीता ,बुलबुल ,दीपा ,सीमा आदि स्टाफ मौजूद रहा।


मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित विभागीय योजनाओं की जानकारी देती हुई।

● **सीएमओ आफिस में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

## विधायक सलोना ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट

**तिलहरा, अमृत विचार:** गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में पानी घुस गया है, जिससे लोगों के घर जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा नायब तहसीलदार पूनम मधुकर व राजस्व टीम के साथ शनिवार को प्रभावित गांवों में पहुंचीं।

विधायक व नायब तहसीलदार ने घनश्यामपुर, आजमाबाद, बिहारीपुर, रटा व जिक्रीपुर गांवों में ग्रामीणों को लंच पैकेट बांटे। अजमाबाद गांव में मेडिकल कैंप लगाकर लोगों को समय पर दवाएं उपलब्ध कराई गईं। वहीं, जिक्रीपुर में स्टीमर से बाढ़ग्रस्त ग्रामीणों तक भोजन पहुंचाया गया। विधायक ने भरोसा दिलाया कि बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद दी जाएगी।

# समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**जलालाबाद, अमृत विचार:** समस्याओं का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी संगठन के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने शनिवार को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार रोहित कटियार को जिलाधिकारी संबोधित सौंपा। संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरी शंकर त्रिवेदी और तहसील अध्यक्ष विनोद राजपूत के नेतृत्व में ग्राम ककराला में तैनात एक सचिव पर आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की गई। ग्रामीणों ने कहा यदि 15 दिन में भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन जिला स्तर पर उग्र आंदोलन करेगा। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में ग्राम पंचायत ककराला के ग्राम खड़े देवरिया में वर्षों से लंबित मार्ग निर्माण, जन्म-मृत्यु, मूल निवास, आय व जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही दिक्कतों का समाधान कर जन सेवा केंद्र संचालकों को निर्धारित स्थान पर संचालन के लिए बाध्य करना, परशुराम पुरी मेन चौराहे पर रोडवेज बसों को स्टैंड पर खड़ा कराना ताकि अव्यवस्था व दुर्घटनाओं की संभावना समाप्त हो, हर ग्राम पंचायत में आधार कार्ड संशोधन केंद्र खोले जाना, परशुरामपुरी क्षेत्र में बिना मान्यता चल रहे विद्यालयों की जांच कर कार्रवाई करना तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत डाली गई पाइपलाइन से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराना शामिल हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि सचिव एक लंबे समय से जलालाबाद विकासखंड की पंचायतों में जमी हुई हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही हैं, इसलिए उनका तत्काल स्थानांतरण कर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने के समय संगठन के पदाधिकारी अंकित दीक्षित, अनिल कुशवाहा, सचिन राजपूत, तस्लीम अंसारी, सुभाष दीक्षित, कृष्ण कुमार पांडे, अभि मिश्रा, कुलदीप, प्रदीप, दीपक पांडे, सोहन राज, बटेश्वर, पंकज यादव, प्रमोद कुशवाहा, कौशल प्रताप सिंह, आकिल सिद्दीकी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने जाते प्रदर्शनकारी। ● अमृत विचार

● **भ्रष्टाचार विरोधी संगठन ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा**

# मेडिकल कॉलेज में घुसा पानी, वार्डों में ताला लटका, बिजली काटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में बाढ़ का पानी भर जाने से ट्रामा सेंटर और ओपीडी में ताले डाल दिए गए है। जब तक बाढ़ का पानी नहीं निकल जाएगा, मेडिकल कॉलेज बंद रहेगा। वन विभाग की नहर में बाढ़ का पानी आने से मेडिकल कॉलेज की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया है। मेडिकल कॉलेज और कॉलोनी की बिजली काट दी गई है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज शुक्रवार की रात तक ओपीडी के सामने गेट पर पानी भरा था। क्योंकि नाले से पानी आ गया था। शनिवार सुबह 7 बजे गर्रा नदी का बाढ़ का पानी डैम से नहर में छोड़ा गया तो वन विभाग रोड पर नहर का पानी ऊपर तक आ जाने पर मेडिकल कॉलेज की दीवार को तोड़कर अंदर घुस गया। साथ ही गर्रा नदी में गिरा नाले से भी पानी अंदर आ गया। देखते-देखते ट्रामा सेंटर, प्रशासनिक भवन, ओपीडी के बाहर और सरकारी कालोनी में पानी भर गया।

मेडिकल कालेज परिसर में बाढ़ का पानी भर जाने से ट्रामा सेंटर, ओपीडी और वार्डों में ताला डाल दिए गए। भर्ती मरीजों को देर शाम अन्य अस्पतालों में एंबुलेंस से शिफ्ट कर दिया गया था। मेडिकल कालेज पूरी तरह से खाली करा लिया गया। मेडिकल कालेज और कालोनी की बिजली शनिवार की सुबह काट दी गयी है। मेडिकल कॉलेज गेट पर पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है, जिससे कोई अंदर न जा सके।



मेडिकल कॉलेज में ओपीडी के बाहर भरा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार

> बाढ़ का पानी मेडिकल कालेज परिसर में भर गया है। मरीजों को शुक्रवार की शाम पुवायां, तिलहर, पुवायां सीएचसी और वरुण मेडिकल कालेज में शिफ्ट कर दिया था। काफी मरीज छुट्टी कराके दिन में ही चले गए थे। साथ मेडिकल कालेज परिसर की बिजली काट दी गयी है। बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद ही मेडिकल कालेज चालू किया जाएगा। **–डॉ . नेपाल सिंह** सीएमएस मेडिकल कालेज

### कर्मियों के बाहर निकलने की व्यवस्था नहीं

मेडिकल कॉलेज के पीछे डॉक्टर और कर्मचारियों की तीन मंजिल कॉलोनी है। बाढ़ का खतरा देखते हुए प्रथम तल पर रहे डॉक्टर और कर्मचारियों ने शुक्रवार की शाम सरकारी आवास खाली कर दिए थे। प्रथम तल पर रहे कर्मचारियों ने दूसरी ओर तीसरी मंजिल पर अन्य कर्मचारियों के यहां अपना सामान रख दिया। कुछ कर्मचारी अपना सामान लेकर कॉलोनी छोड़कर शहर में मिलने वालों के यहां आ गए। कर्मचारियों ने बताया कि प्रशासन की तरफ से मेडिकल कॉलेज से बाहर जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। कर्मचारी दो फीट पानी से निकलकर सड़क पर आ रहे है।

### बिजली काट देने से लोगों की बढ़ी दिक्कत

मेडिकल कॉलेज की कालोनी में दो मंजिल और तीन मंजिल पर डॉक्टर और कर्मचारी अभी रह रहे थे। कर्मचारियों के सामने दिक्कत बढ़ गई है। क्योंकि शनिवार को दिन में पांच बजे मेडिकल कालेज और कॉलोनी की लाइट काट दी गई है। कालोनी में अंधेरे में डूब गई है। कर्मचारियों ने बताया कि इनवर्टर चार्ज थे, उसी से बल्ब जल रहे है। इनवर्टर बंद हो जाने से दिक्कत बढ़ जाएगी। कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उनको कालोनी से बाहर निकाला जाए।

### गैलरी में सर्प आने कर्मचारी भयभीत

दो मंजिल और तीसरी मंजिल पर रह रहे कर्मचारियों ने बताया कि बाढ़ का पानी भर जाने से सीढ़ियों की गैलरी में फर्श के पास आकर सांप आकर बेठ गए है। इतना अन्य कीड़े मकोड़े भी जीने की गैलरी में बैठ गए है। कर्मचारियों ने कहा कि सीढ़ियों से नीचे उतकर आते है तो सांप के काटने का डर बना रहता है। सांप को लेकर कर्मचारी काफी दहशत में है।

# सांसद अरुण सागर ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भाजपा सांसद अरुण सागर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि राहत बचाव कार्य में और तेजी लाने की जरूरत है। ताकि बाढ़ पीड़ितों को समय रहते रैन बसेरे, टेंट और राहत शिविर लगाने के साथ ही राहत सामग्री की समुचित व्यवस्था कराने के साथ बचाव कार्य के लिए 50 स्टीमर और नाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

सांसद ने बताया गर्रा, खननौत, बहगुल और रामगंगा नदियों में पानी छोड़े जाने से जलस्तर खतरे के निशान से पर पहुंच गया है। जिससे बाढ़ का पानी ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों के मकानों तक पहुंच गया है। अधिकतर लोग घर छोड़कर बाढ़ शिविरों में रहने को मजबूर हैं। कई मकान डूब गए। 15 ब्लॉकों में से ज्यादातर ब्लॉक और शहर क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ चुका है। जिस कारण लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने सीएम से आग्रह किया है कि बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए 50 स्टीमर, नाव, राहत सामग्री की समुचित व्यवस्था कराया जाए। सांसद ने कहा कि सरकार लगातार बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए अधिकारियों की निर्देशित कर रही है। बाढ़ से निपटने के लिए उनके द्वारा भी लगातार निगरानी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि वह इस घड़ी में जिलेवासियों के साथ हैं।

● **बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान की दी जानकारी**

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

**तिलहर, अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात शव की शिनाख्त नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी राजू के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। एसआई राहुल सिसोदिया ने बताया बुधवार को तिलहर रेलवे स्टेशन मास्टर ने कोतवाली पुलिस को मेमो भेजकर सूचना दी थी कि गुलचंपा रेलवे फाटक के पास पोल संख्या 1257/28 पर अज्ञात शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव की तत्काल पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित होने के बाद परिजनों ने मृतक की पहचान राजू के रूप में की।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत

**रोजा, अमृत विचार :** रेलवे फाटक अटसलिया के निकट ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। शनिवार की सुबह 6 बजे ट्रैक मैन ने अप लाइन के किनारे एक शव को पड़ा देखा। उन्होंने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रोजा थाना पुलिस को मेमो दिया गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को रेलवे लाइन के किनारे से हटाया। मृतक की उम्र 65 वर्ष है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुल पर पानी, काशन से निकाल रहे गाड़ियां

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गर्रा रेलवे पुल पर बाढ़ का पानी काफी बढ़ गया है। डाउन व अप लाइन की ट्रेनों को 30 किलो मीटर प्रतिघंटा की स्पीड से ट्रेन और मालगाड़ियों को निकाला जा रहा है। रेल अधिकारियों ने काशन देकर ट्रेनें निकाली जा रही है।

### कार ने ट्रॉली में मारी टक्कर, बाल बाल बचे

**पुवायां,अमृत विचार :** कार –ट्रॉली से शुक्रवार रात टक्करा गई, कार क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि सवार युवक बाल –बाल बच गए। खुटार के गांव मोहनपुर निवासी विशाल वर्मा और अवनीश वर्मा अपने साथी लालपुर निवासी पुष्कर वर्मा के साथ पुवायां की ओर आ रहे थे। रास्ते में गांव गंगसरा में उनकी कार सामने से आ रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।

## डीआरएम कार्यालय का बाबू बनकर पांच लाख 20 हजार ठगे

**रोजा/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रिटायर्ड कर्मचारी ठगी का शिकार हो गया है। ठग ने डीआरएम कार्यालय का बाबू बनकर रिटायर्ड कर्मचारी से पांच लाख 20 हजार रुपये ठग लिए है। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव भावलखेड़ा निवासी ओमप्रकाश ने बताया रेलवे का रिटायर्ड कर्मचारी है। 20 अगस्त की सुबह 9:30 बजे उसके पास व्हाटसएप पर काल आई। काल करने वाले ने बताया वह मुरादाबाद डीआरएम कार्यालय से बोल रहा हूं। वह पेंशन बाबू है। उसने पेंशन के लिए सत्यापन करने की बात कही। व्हाटसएप पर उनके पास कागज भेजे। जिससे उन्हें विश्वास हो गया। इसके बाद मोबाइल पर आए ओटीपी को पूछ लिया। उनके खाते से तीन बार रुपये निकल गए। निकाल लिए।

### बर्थ पर बैठे यात्रियों से हुई नोकझोंक, टीटीई ने वर्दी समेट ली, आरपीएफ, जीआरपी, अधिकारी रहे अलर्ट

## पीईटी परीक्षार्थियों ने ट्रेनों के एसी और स्लीपर कोच पर जमाया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पीईटी को लेकर रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी । ट्रेन के एसी कोच ओर स्लीपर कोच पर कब्जा कर लिया है। आरक्षित बर्थ परीक्षार्थियों के कब्जे में हो गई। इस दौरान परीक्षार्थियों से यात्रियों की नोकझोंक हुई। विवाद में पड़ने से बचने के लिए कोच के टीटीई ने अपनी वर्दी उतार ली। स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर आरपीएफ और जीआरपी और रेल अधिकारी अलर्ट रहे। इधर रोडवेज बस अड्डे पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही।

पीईटी को लेकर परीक्षार्थी शुक्रवार देर रात विभिन्न ट्रेनों से रेलवे स्टेशन पर उतरे थे। परीक्षार्थियों को प्लेटफार्म एक पर जहां लेटने की जगह मिली, वहां पन्नी बिछाकर लेट गए। प्लेटफार्म एक, द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय ओर पार्सल घर आदि स्थान परीक्षार्थियों से भरे हुए थे। प्लेटफार्म एक पर निकलने की जगह नहीं थी। शनिवार की सुबह परीक्षार्थियों ने अपने परीक्षा केंद्र पर जाकर परीक्षा दी। दोपहर एक बजे प्लेटफार्म एक परीक्षार्थियों से भर गया। प्लेटफार्म एक से यात्री काफी मुश्किल से निकल पा रहे थे। दोपहर को अमरनाथ एक्सप्रेस, त्रिवेणी एक्सप्रेस और सियालदह एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर आकर रुकी। इस दौरान तीनों ट्रेन के एसी कोच और स्लीपर कोच में परीक्षार्थी जबरन घुस गए। आरपीएफ, जीआरपी ओर टीटीई ने परीक्षार्थियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने ओर कहने लगे कि जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। यात्रियों की बर्थ पर परीक्षार्थियों ने कब्जा कर लिया। इस दौरान यात्रियों की परीक्षार्थियों से नोकझोंक हुई। परीक्षार्थियों ने यात्रियों की एक नहीं सुनी और जबरन सीट पर बैठ गए। इधर रोडवेज बस अड्डे पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। स्टेशन पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक, जीआरपी प्रभारी निरीक्षक, सीएमआई और एसएस प्लेटफार्म पर बराबर डटे रहे।


प्लेटफार्म पर परीक्षार्थियों की भीड़ । ● अमृत विचार


ट्रेन के एसी कोच में चढ़ते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### ई-रिक्शा चालकों ने मनचाहा किराए वसूला

ई-रिक्शा चालकों ने रेलवे स्टेशन से परीक्षार्थियों से परीक्षा केंद्र तक जाने का मनचाहा किराया वसूल किया है। चालकों ने स्टेशन से जीएफ कालेज का 20 रुपये, आर्य महिला डिग्री कालेज का 20 रुपये, बरेली मोड़ का 35 रुपये किराया लिया। जबकि रेलवे स्टेशन से रोजाना सिटी बसें चलती थी, लेकिन आज एक सिटी बस नहीं चली। यात्रियों को परीक्षा केंद्र पर जाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा।

### टिकट घर पर भीड़ नहीं

रेल प्रशासन परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे के जनरल टिकट के तीन काउंटर खोल दिए थे और एक टिकटिंग मशीन चल रही थी। दोपहर एक बजे तीनों काउंटर पर भीड़ नहीं थी। काउंटर पर नाममात्र के लोग लगे थे। परीक्षार्थी आपस में कह रहे थे कि जब नौकरी लग जाएगी तो टिकट लेकर चलेंगे। परीक्षार्थियों की भीड़ के हिसाब से रेलवे की आय उतनी नहीं हुई।

## पीईटी: पहले दिन 4771 ने छोड़ी परीक्षा, 14237 हुए शामिल

### दोनों पालियों में शांतिपूर्ण तरीके से हुई परीक्षा, एडीएम प्रशासन समेत अन्य अधिकारियों ने केंद्रों का लिया जायजा, व्यवस्थाओं पर रखी नजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में शनिवार को 21 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) संपन्न हुई। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

जिसमें प्रथम पाली में पंजीकृत 9504 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7177 उपस्थित तथा 2327 अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों की उपस्थिति 75.52 रही। द्वितीय पाली में पंजीकृत 9504 के सापेक्ष 7060 उपस्थित तथा 2444 अनुपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति फीसदी 74.27 रही। बच्चों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क बनाई गई थी, जिससे वह अपने परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंच सके और उनको कोई दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कन्ट्रोल रुम से भी परीक्षा केंद्रों. पर लगे सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की गतिविधियों पर सीधी नजर रखी गई। मजिस्ट्रेटों ने भ्रमण कर निगरानी की गई।

हालांकि शहर में बाढ़ के खतरे व बारिश के चलते कही- कही ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लचर नजर आया, जिस कारण अंटा चौराहा, कच्चा कटरा, राजघाट पुलिस चौकी तिराहा पर जाम लग गया और परीक्षार्थियों समेत अन्य लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।ट्रैफिक पुलिस ने काफी मशक्कत कर किसी तरह यातायात सुचारू कराकर वाहन पास कराएं, जिससे किसी को परेशानी नहीं हुई।


एसडीएम सदर परीक्षार्थी को छाता लगवाकर परीक्षा केंद्र तक ले जाते है हुए।

> सभी केंद्रों पर दोनों पाली में पीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करा ली गई है। जिन केंद्रों पर पानी आ गया था, उन परीक्षा केंद्रों को अन्य स्कूलों में शिफ्ट किए जाने पर विचार चल रहा है। जिससे कि रविवार को होने वाली परीक्षा में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। परीक्षा में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को मेरी ओर से ढ़ेरों शुभकामनाएं।
> – डीआईओएस **हरिवंश कुमार।**


डीएम अधिकारियों के साथ परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने जाते। ● अमृत विचार

> परीक्षार्थियों को किसी तरह कोई दिक्कत न आए, इसके लिए हमारे मजिस्ट्रेटों द्वारा निगरानी की गई। दोनों पाली में परीक्षार्थियों की उपस्थिति फीसदी अच्छी रही। जिन केंद्रों पर बाढ़ का पानी घुस आया था, उन सेंटरों को डीएम अनुमोदन के बाद अन्य स्कूलों में शिफ्ट कर दिया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था न बिगड़े, इसके लिए पुलिस प्रशासन को दिशा निर्देश दिए गए हैं। जलस्तर बढ़ने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। परीक्षार्थियों को असुविधा न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखा गया है।
> – **रजनीश कुमार मिश्रा,** एडीएम प्रशासन

| (प्रथम पाली) | | (द्वितीय पाली) | |
|---|---|---|---|
| 7177 | उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या | 7060 | उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या |
| 2327 | अनुपस्थिति अभ्यर्थियों की संख्या | 2444 | अनुपस्थिति अभ्यर्थियों की संख्या |
| 75.52 | उपस्थिति फीसदी | 74.28 | उपस्थिति फीसदी |
| 9504 | कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या | 9504 | कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या |

**38016** दो दिन में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या | **21** सेक्टर मजिस्ट्रेट | **21** स्टैटिक मजिस्ट्रेट

### बाढ़ के दृष्टिगत इन केंद्रों में फेरबदल

- माधव राय सिंधिया पब्लिक स्कूल न्यू जिला अस्पताल के पीछे नवादा इन्देपुर से संजय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज
- शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ निकट बरेली मोड से रॉयन इण्टरनेशनल स्कूल सीतापुर-बरेली बाईपास रोड।
- स्वामी धर्मानन्द सरस्वती इंटर कालेज मुमुक्षु आश्रम से डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज
- स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय ब्लॉक-ए, गुमुक्षु आश्रम से केन्द्रीय विद्यालय-1 कैंटोमेंट।
- स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय ब्लॉक-बी मुमुक्षु आश्रम से केन्द्रीय विद्यालय-2 कैंटोमेंट।
- राजकीय पॉलीटेक्निक लालपुर जलालाबाद रोड से श्री फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नियामतपुर बनाए गए हैं।

## बाढ़ से 117 गांवों में 8420 लोग प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **राहत शिविरों में 755 लोग भेजे गए**

**अमृत विचार:** जिले में बाढ़ का कहर जारी है,ब तक 117 गांवों में 8420 लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 755 लोगों को रेस्क्यू करके राहत शिविरों में भेजा गया है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए 36 नावों की मदद ली जा रही है और 18 मोटर बोट भी लगाई गई हैं। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 264 हेक्टेयर फसलें तबाह हो चुकी हैं, जिससे किसानों को 36 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

जिले की चार तहसीलें सदर, तिलहर, जलालाबाद और कलान बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण आम लोगों की दिक्कतें बढ़ी हैं, तो वहीं किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से नुकसान का आंकड़ें अभी और बढ़ेंगे। राहत एवं बचाव के लिए प्रशासन द्वारा 66 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं और 65 राहत शिविर बनाए गए हैं। इसके अलावा पशुओं के उपचार के लिए भी 10 शिविर बनाए गए हैं, जिनमें अब तक 4037 पशुओं का उपचार किया गया है। वहीं 3089 लोगों का उपचार किया गया है। एडीएम अरविंद कुमार ने बताया कि 58 मेडिकल टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लंच पैकेट का वितरण कराया जा रहा है और दवाएं व तिरपाल भी बांटे जा रहे हैं।

## लाइव : परीक्षार्थियों ने दिखाई हिम्मत, रस्सी-मेज के सहारे क्लासरूम पहुंचे

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

- **प्रशासनिक अधिकारी व पुलिसकर्मी बने देवदूत, ट्रैक्टर ट्राली से बच्चों को निकाला**
- **पुलिसकर्मियों की सेवा भाव देखकर परीक्षार्थियों और अभिभावकों ने सराहना की**

**अमृत विचार:** ऐसी भी परीक्षा देनी होगी कि जान जोखिम में डालकर भविष्य के सपने गढ़ने होगे...शायद ही किसी पीईटी परीक्षार्थी ने कल्पना की होगी।

सुबह जिस शहर में सब कुछ पटरी पर चल रहा था, पीईटी केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों- अभिभावकों व सुरक्षाकर्मियों की चहलकदमी थी, लेकिन अचानक बाढ़ का पानी केंद्रों में भर जाने से दूसरी पाली में परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी भयभीत नजर आए और केंद्र के अंदर जाने भी कतराते नजर आए, हालांकि जिला प्रशासन के अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने बच्चों की हौसला अफजाई की और माइक से बच्चों बच्चों को परीक्षा केंद्र तक आने की अपील की। एसएसएमवी परीक्षा केंद्र पर पानी का फ्लो ज्यादा होने के चलते अधिकारियों ने देवदूत बनकर बच्चों को हाथ थामा और मेज लगाकर रस्सी के सहारे उनको परीक्षा कक्ष तक पहुंचाया। परीक्षार्थियों के अंदर भी पीईटी देने को लेकर खास उत्साह अधिकारियों की हौसलाअफजाई के बाद देखने को मिला।

परीक्षा संपन्न होने के बाद पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर ट्राली की मदद से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में भरे पानी से बाहर निकाला और उनके गंतव्य स्थान के वाहनों में बैठाकर रवाना किया। पुलिसकर्मियों की यह मदद देखकर हर कोई परीक्षार्थियों व अभिभावकों ने प्रशासन को धन्यवाद बोला। बता दें कि परीक्षा की पहली पाली संपन्न होने के बाद घड़ी में 2 बजकर 11 मिनट पर बाढ़ के सैलाब के पानी से छह परीक्षा केंद्र में खलबली मच गई और जिला प्रशासन भी चिंतित नजर आया।

हालांकि एडीएम वित्त अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, सीओ सिटी पंकज पंत ने पुलिसकर्मियों व राजस्व कर्मियों के साथ लगकर जिन केंद्रो. में पानी भर गया था, उनमें परीक्षार्थी कैसे पहुंचे, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराते हुए बच्चों की परीक्षा दिलाई और उनके अंदर भरे डर व भय को भी दूर किया। उधर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जिन परीक्षा केंद्रो. में पानी भर आया था, उनको परिवर्तित करते हुए अन्य स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए और उसकी सूची को प्रसारित कराया। जिससे कि आज रविवार को होने वाली परीक्षा में दिक्कतें न आए।


बाढ़ के पानी में खड़े होकर सीट प्लान देखते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


पुलिसकर्मियों ने अभ्यर्थियों को ट्रैक्टर ट्राली लगाकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकाला।

> बाढ़ का पानी अचानक रफ्तार में आने से कही कही दिक्कतें आई है।उनको दूर करने एवं लोगों को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैदी से काम कर रहा है। काशीराम कालोनी में पानी का बहाव रोकने की कोशिश में वहां पर दीवार गिर जाने से पानी पास हुआ। अब जलस्तर स्थिर बना हुआ है, रात से धीरे धीरे पानी घटना शुरू हो जाएगा। अफवाहों पर कोई ध्यान दे, इस घड़ी में जिला प्रशासन जनता के साथ है, हर पीड़ित तक मदद पहुंचाई जा रही है। वही जिन परीक्षा केंद्रों पर पानी घुस आया था, उन केंद्रों को परिवर्तित कर दिया गया है।
> –**धर्मेंद्र प्रताप सिंह,** डीएम

## दो युवतियों ने पुल से गर्रा नदी में लगाई छलांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गर्रा पुल से दो युवतियों ने नदी से नदी में छलांग लगा दी। दोनों युवतियों ने बाढ़ के पानी में दो गोते लगाए और उसके बाद पता नहीं चली। दोनों युवतियों ने पहले अपनी चप्पल पुल के पास उतार दी। पुल पर खड़े लोगों ने शोर मचाया तो दोनों युवतियां गहरे पानी में जा चुकी थी। स्टीमर से कुछ दूरी तक तलाश किया गया और पता नहीं चला।

चौक कोतवाली क्षेत्र में स्थित राजघाट पुलिस चौकी से दो सौ गज की दूरी गर्रा पुल है। गर्रा नदी काफी उफना रही है और पानी का बहाव काफी तेज है। इस समय बाढ़ का पानी खतरे के निशान पर है। पुल पर बाढ़ का पानी देखने वालों की काफी संख्या में भीड़ है और तमाशबीन बने हुए है। शनिवार की शाम साढ़े चार बजे दो युवतियों ने गर्रा पुल पर अपनी चप्पल उतारी और पुल की रेलिंग पर चढ़कर नीचे नदी में कूद गई। दोनों युवतियों ने पानी में दो पलटे लिए और पता नहीं चली। नदी में कूदते देखकर लोगों ने शोर मचाया और पुल पर अफरा-तफरी मच गयी। इधर सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी और चौक कोतवाली पुलिस गर्रा पुल पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की तो दोनों की उम्र 20 व 21 के आस-पास बताई गई और शलवार व कुर्ता पहने हुए थी। नदी में डूबी दोनों युवतियों की स्टीमर और गोताखोरों ने तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने दोनों की चप्पलों को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि दो युवतियों ने गर्रा पुल से छलांग नदी में छलांग लगा दी है। उनकी तलाश कराई जा रही है और अभी पता नहीं चला है।


मौके पर जांच करने पहुंचे पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- **दोनों की चप्पल पुल पर मिली स्टीमर और गोताखोरों ने किया तलाश, नहीं चला पता**

### सुभाष नगर-नगरिया रोड नहीं किया बंद नहीं

सुभाष नगर और नगरिया रोड पर शहबाजनगर तिराहे के पास सड़क पर बाढ़ का पानी दो-दो फुट भर गया है। नगरिया रोड और शहबाजनगर रोड पर पानी बह रहा है। डाट वाले पुल के पास बाढ़ का पानी भर जाने से लोग बाढ़ के पानी में छलांग लगाकर नहा रहे है। जबकि लोग मना कर रहे है कि उसके बाद भी लोग नहीं मान रहे है। कार और बाइक पानी के बीच से निकल रही है। पुलिस प्रशासन ने इस रोड को बंद नहीं कराया है। सुभाष नगर से नगरिया मोड़ तक रोड के दोनों तरफ लाइटें बंद है। बाढ़ के पानी से कार और बाइक लेकर रात में लोग निकल रहे है। नगर निगम ने लाइटें लगा दी है, लेकिन स्ट्रीट लाइट को चालू नहीं किया है। सड़क के आस-पास कालोनी है, जहां भी पानी घरों में भरा है। कालोनी के लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि स्ट्रीट लाइट चालू की जाए।

## बाबा ने ट्रक चालक को मारा नुकीला हथियार

**पुवायां,अमृत विचार:** बाबा बनकर घूम रहे युवक ने ट्रक चालक से विवाद होने पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। हालांकि ट्रक चालक को मामूली चोट आई। आसपास के लोगों ने बाबा को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

शनिवार दोपहर नगर में बाबा बनकर घूम रहे युवक का राजीव चौक के पास ट्रक चालक से विवाद हो गया। विवाद में दोनों ओर से गाली गलौज हुआ जिस पर बाबा ने ट्रक चालक पर नुकीला हथियार चला दिया, जो चालक की आंख के पास लगा। हालांकि चालक को मामूली चोट लगी। इसी बीच आसपास के लोगों ने बाबा को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। बाबा नगर के मोहल्ला गढ़ी के पास का बताया जा रहा है। वहीं कुछ देर बाद चालक अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गया।

## युवक ने फंदा लगाया, महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पुवायां,अमृत विचार:** नगर में शनिवार को एक युवक ने नीम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं एक गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के मोहल्ला तरती बाजार निवासी प्रमोद कुमार (30) नशे का आदी बताया जा रहा है। सुबह 10 बजे कालामठ के पास स्थित नीम के पेड़ पर प्रमोद का शव राहगीरों ने लटकता देखा। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

परिजनों ने बताया प्रमोद कुमार अविवाहित था और अक्सर नशे की हालत में रहता था। घर में उसके दो बड़े भाई हैं जिनकी शादी हो चुकी है। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उधर गांव सतवां बुजुर्ग में स्कूल के किनारे थान के पास सुबह ग्रामीणों ने एक महिला को तड़पते देखा, जिसे अस्पताल भिजवाया गया, जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र ने पुलिस को शिकायत कर महिला की बीमारी से मौत होने की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए भेज दिया है।

- **युवक का शव पेड़ पर लटकता देख ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना**

### सड़क हादसे में युवक की गई जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राजष्ट्रीय राजमार्ग अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी, पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय निवासी हसनैन (19)शुक्रवार की शाम 7 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहल्ला बिल्लीगंज के सामने सड़क पार कर रहा था। अचानक वाहन ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सामाजिक संस्थान से तीन सदस्य निष्काषित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चलो गांव की ओर सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ने तीन सदस्यों ओमपाल सिंह, संजय कुमार और राजकिशोर कनौजिया को संस्थान से निष्कासित करते हुए पदमुक्त कर दिया है। अध्यक्ष फूल कुमार वर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निष्कासित सदस्यों द्वारा सदस्यता शुल्क जमा न किए जाने के कारण कार्रवाई की गई है।

### छात्राओं को सरकारी वाहन से पहुंचाया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पीईटी में शामिल होने आई तीन छात्राओं को परीक्षा केंद्र बरेली मोड़ पर स्थित एमआर जयपुरिया स्कूल में था। बरेली मोड़ के आस-पास बाढ़ का पानी भर जाने से तीनों छात्राओं को परीक्षा केंद्र पर जाने में काफी दिक्कत हो रही थी। सड़क पर पानी भर जाने से कोई वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। तीनों छात्राओं ने पुलिस को अपनी परेशानी अवगत कराया। चौक प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने तीनों छात्राओं की समस्या को देखते हुए उन्हें सरकारी वाहन से परीक्षा केंद्र पर पहुंचाया गया, जिसमें वे बिना किसी व्यवधान के परीक्षा में शामिल हो सकें।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज थाना के उप निरीक्षक मोहित कुमार ने बताया कि 27 अगस्त को बरेली का आरोपी किशन एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। परिवार वालों ने उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी किशन को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। अल्हागंज थाना के उप निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व आरोपी पवन ने घर में घुसकर एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर आरोपी ने महिला को मारा पीटा था और जान से मारने की धमकी दी थी। महिला ने आरोपी पवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

# श्री गणेश उत्सव का समापन गाजे-बाजे के साथ विसर्जन

## महाराष्ट्र से आए नासिक बैंड पर झूमे श्रद्धालु, गुलाल से सराबोर हुई चौक की गलियां

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में चल रहे श्री गणेश उत्सव का शनिवार को हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के बीच समापन हुआ। चौक स्थित गणेश उत्सव मंडल की ओर से भव्य शोभायात्रा निकालकर गाजे-बाजे और भक्तिमय माहौल में श्री गणेश प्रतिमा का गर्रा नदी में विसर्जन किया गया।

विसर्जन यात्रा चौक खत्री धर्मशाला से प्रारंभ हुई, जो छोटा चौक और चार खंभा मार्ग से होते हुए गर्रा नदी के तट तक पहुंची। यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण महाराष्ट्र से आए नासिक बैंड रहे, जिनकी धुनों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते रहे। शोभायात्रा के दौरान वातावरण गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना जैसे जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने प्रतिमा पर

**● विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की**

फूलों की वर्षा की और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल से सराबोर कर उत्सव को यादगार बना दिया।

गर्रा नदी तट पर विधि-विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने माहौल को और भी भव्य बना दिया। गणेश उत्सव मंडल चौक के संरक्षक शिवाजी राव खांडे, विश्राम चौहान, प्रकाश मोरे, हनुमान बागल, अशोक शुक्ला, रूपेश पवार, पुरोहित अनंत राम शुक्ला, विकास वर्मा, अनमोल वर्मा, अपूर्व अग्रवाल, सचिन खांडे, विशाल मोरे, शेखर यादव, सूरज चौहान, अक्षय मोरे, मुकेश कपूर, आकांक्ष दीक्षित, सचिन सक्सेना, अनुज वर्मा, रीतेश माने, अखिल अवस्थी, अंकुश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


शोभायात्रा के दौरान झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शोभायात्रा के दौरान नासिक बैंड बजाते कलाकार। ● अमृत विचार

## ग्रामीण की मौत के मामले में पत्नी समेत चार पर रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार:** गांव नवदिया प्रेमराज के रहने वाले रणजीत सिंह ने पुलिस को बताया उसके बड़े भाई करनैल सिंह की शादी जिले के थाना अल्हागंज के गांव नगला हल्लू निवासी दलवीर सिंह की पुत्री बलजिंदर कौर से हुई थी। बड़े भाई करनैल सिंह और उसकी पत्नी के बीच आपसी विवाद चल रहा था। दोनों लोगों में बातचीत होती रहती थी। भाई को बिना किसी कारण के काफी प्रताड़ित, अपमानित करती थी। 22 अगस्त को भाई की पत्नी बलजिंदर कौर, भाभी के भाई अवतार सिंह, सतनाम कौर पत्नी अवतार सिंह से फोन पर बातचीत हुई। भाई पत्नी, बेटी को साथ में रखने की बात कहता रहा। लेकिन भाभी बलजिंदर कौर, उनके पिता दलवीर सिंह, भाई अवतार सिंह, सतनाम कौर भाई को फोन पर काफी बेइज्जत कर अपमानित, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और आत्महत्या करने को उकसाया। भाई करनैल सिंह ने उसे पूरी बात बताई थी। 22 अगस्त की रात को किसी समय भाई करनैल सिंह ने आत्महत्या कर ली।

## शिक्षकों को उपहार देकर किया सम्मानित


लीड कान्वेंट स्कूल में केक काटकर शिक्षक दिवस मनाती शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लीड कान्वेंट स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या तराना जमाल और निदेशक मोहम्मद जमाल ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके की।

प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन शिक्षा और मूल्यों के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में छात्रों ने शिक्षकों को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा 1 की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पेश की, जबकि कक्षा 2 और 3 के छात्रों ने आई लव माय टीचर गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 5 और 6 के बच्चों ने हम दीप शिक्षा के हैं जगमगाए गीत पर प्रस्तुति देकर शिक्षा व शिक्षक के महत्व को दर्शाया। क्विज प्रतियोगिता में शिक्षक दीपक दीक्षित प्रथम, शिक्षिका श्रीती सिंह द्वितीय और दीपशिखा गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में चांदनी अनवर प्रथम, फराह खान द्वितीय तथा तरन्नुम अजमी और रहत संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं टीचर्स डे क्वीन प्रतियोगिता में वर्णिका सक्सेना प्रथम, रूपा सिंह द्वितीय और नीतू सक्सेना तृतीय चुनी गईं।

## शिक्षकों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शिक्षक दिवस पर उड़ान एक उम्मीद संस्था की ओर से छह शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईओएस हरिवंश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता और हरिवंश जी ने सर्वपल्ली डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से की। इसके बाद सभी सम्मानित शिक्षकों और पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

महामंत्री शैली गुप्ता के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में अकर्रा रसूलपुर बेसिक स्कूल के संस्थापक मुदित सेठ, बनित नियामतपुर भावलखेड़ा, शालिनी दीक्षित हाता दलेलपुर, अनंत


शिक्षक दिवस पर सम्मानित किए गए शिक्षक व पदाधिकारीगण।

**● शिक्षक दिवस पर हनुमत धाम में हुआ भव्य आयोजन**

बाजपेयी ब्लॉक निगोही, आशीष कुशवाहा और ज्योति सक्सेना को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरिवंश ने शिक्षकों की भूमिका को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। वहीं संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान के अलावा शिक्षा ही सबसे बड़ी आवश्यकता है। शिक्षा ऐसा धन है जिसे अर्जित करने पर केवल लाभ ही मिलता है, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। समारोह में संस्था की उपाध्यक्ष रेखा मोदी, सचिव सोनिया गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीति गुप्ता, महामंत्री शैली गुप्ता और मीडिया प्रभारी रश्मि गुप्ता भी मौजूद रहीं।

## फसल चराने का आरोप लगाकर युवक से मारपीट

**खुटार, अमृत विचार:** गांव सिल्हुआ निवासी शिवानन्द शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार को सुबह 9.30 बजे वह खेत पर धान की फसल में दवाई स्प्रे करने गया था। उसी समय पिपरिया भागवन्त निवासी रवि शुक्ला खेत पर आ गया। रवि शुक्ला शिवानन्द पर अपनी धान की फसल पशुओं से चरवाने का आरोप लगाने लगा। जिस पर विरोध किया तो वह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर लाठी से मारपीट करने लगा। आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी बीच शिवानन्द का भाई शिवओम मौके पर गया। जो कि दिव्यांग है। वह बीच बचाव करने का प्रयास करने लगा। रवि शुक्ला ने उसके साथ भी मारपीट की।

## राजीव, सतवंत व अशोक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों, सदस्य विधान परिषद पीलीभीत डॉ. सुधीर गुप्ता तथा जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने सम्मानित किया।

वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए तीन प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों में राजीव कुमार सिंह पूर्व आईएएस, सतवंत सिंह कुक्कू एवं अशोक अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से दिया गया। मुख्य अतिथि ने कहा शिक्षा ही समाज का वास्तविक निर्माता है और शिक्षक उसकी रीढ़ हैं।समारोह का संचालन शालिनी प्रजापति ने किया,


सम्मान समारोह के दौरान अतिथिगण और शिक्षक। ● अमृत विचार

**● सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से हुआ सम्मान समारोह**

जबकि स्वागत भाषण सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर राजीव मोहन पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। अंत में अध्यक्ष रचित अग्रवाल ने आभार ज्ञापन किया।इस अवसर सीबीएसई विद्यालयों के प्रबंधक अरुण खंडेलवाल, कमलजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, आरडी अग्रवाल, पूनम चौधरी, प्रखर खंडेलवाल, आदित्य यादव, विनायक अग्रवाल, जसवीर सिंह, जसमीत साहनी, आलोक आंचल, वर्षा अग्रवाल, खावर खान, अशोक अग्रवाल, राजीव कुमार सिंह, संध्या अवस्थी, सावू एथिकल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कर्नल एकेडमी बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मनमोह लिया, वहीं तक्षशिला पब्लिक के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## युवती का फोटो किया वायरल

**खुटार, अमृत विचार:** गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 4 सितंबर को उसने बेटी की शादी की थी।

आरोप है गांव का एक युवक उसकी बेटी के फोटो गलत तरीके से खींचकर सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाकर वायरल कर रहा है। इस कार्य में उसके दो साथी भी शामिल है। इससे पीड़ित की पुत्री की पूरे गांव व समाज में बदनामी हो रही है। साथ ही उक्त युवक का पिता शराब पीकर पूरे गांव में कहता है कि उसकी बहू है। इससे पीड़ित काफी परेशान है। इस बात को लेकर युवक व उसके पिता को ऐसा करने से मना किया। तो गाली गलौज कर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। शनिवार को पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## तालाब में डूबकर युवक की मौत

**पीलीभीत,अमृत विचार :** तालाब में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। वहीं, अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर हालात परखे। एसडीएम सदर को टीम लगाकर जल निकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।

जलभराव के बीच ग्राम खपरैल गौटिया के रहने वाले बृजलाल मौर्य का पुत्र जितेंद्र (25) की तालाब में डूबकर मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शनिवार को लखनऊ से वापसी कर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने खपरैल गौटिया गांव पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और बाढ़ के दौरान हुए जलभराव का जायजा लिया। मौके पर ही एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार अर्चो गुप्ता को बुलाया और जानकारी ली।

## पेंशन में कटौती किए जाने पर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक कोषागार परिसर के पेंशनर कक्ष में हुई, जिसकी अध्यक्षता अनिल दीक्षित ने की। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष पीके अग्निहोत्री ने पेंशन राशिफल में कटौती किए जाने का मुद्दा उठाया। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग में वेतन वृद्धि के मामले लगभग चार महीने से लंबित रखने पर रोष व्यक्त किया गया। संयुक्त सचिव दिनेश चंद्र सक्सेना ने सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का समय सीमा में सत्यापन न किए जाने की बात रखी। विजय लक्ष्मी दीक्षित ने बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का आह्वान किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओंकार नाथ शुक्ला ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का सुझाव दिया। उमेश चंद्र पाठक ने संगठन की पुरानी मांगों के लिए आंदोलन करने की रणनीति बनाई और सीएमओ पर पेंशनर्स की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने आठवें वेतन आयोग की सिफारिश के लाभ के बारे में जानकारी दी और बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिला मंत्री भूप सिंह ने रेलवे और रोडवेज के किराए में 50 प्रतिशत छूट की मांग रखी।

बैठक में रुकम नारायण मिश्र, रामजी वाजपेई, दिलीप कपूर, राजेश्वर तिवारी, भगवान राम, रामकुमार तिवारी, अनिल कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, उमेश चंद्र अवस्थी, शिवदत्त मिश्रा, पवन मिश्रा, केके मेहरोत्रा, राजेश शुक्ला, सत्यप्रकाश तिवारी उपस्थित रहे।

## छात्रों का साप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राजकीय आईटीआई जलालाबाद में नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए साप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ।

संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने शाहजहांपुर की विशेषताएं बताई। प्रशिक्षण अधिकारी ने सभी प्रशिक्षार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं संस्थान में अपनी उपस्थिति प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अनुदेशक नरेंद्र पाल सिंह एवं वीरू जायसवाल ने छात्रों को टाटा की लैब का भ्रमण भी कराया और प्रशिक्षण के बाद प्लेसमेंट के विषय में भी बताया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी रामशरण, अनुदेशक मनदीप वर्मा, हसीब अहमद, मंजू रावत, पुष्पा देवी, निहारिका यादव, अनुराधा, अभय गुप्ता, हिमांशु, शिवांश प्रताप सिंह, अर्श उपस्थित रहे।

## राम विवाह का प्रसंग सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध


श्रीराम कथा सुनाते कथावाचक। ● अमृत विचार

**खुटार, अमृत विचार:** नगर के सुप्रसिद्ध मां पंथवरी मंदिर के पास श्रीराम जानकी मंदिर पर 1 सितंबर से चल रही रामकथा में शनिवार को राम विवाह का प्रसंग सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। जिला पीलीभीत के गांव सेहरामऊ उत्तरी निवासी कथा व्यास पंडित अनुराग शुक्ला व शालिनी शुक्ला ने बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रसंग सुनाया। कथा में सीता स्वयंवर से लक्ष्मण परशुराम संवाद तक वृतांत सुन परिवेश भक्तिमय हो गया। कथा के आयोजक मंडल ने बताया कि राम कथा 7 सितंबर तक चलेगी। कथा संपन्न होने पर विधि विधान से हवन पूजन के उपरांत कन्या भोज व भंडारा का आयोजन होगा।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

**मोह भंग** जनपद के महज 24619 किसानों ने ही कराया खरीफ फसलों का बीमा

# पिछले सीजन के मुकाबले इस बार किसानों ने बनाई दूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले में गत वर्ष खरीफ सीजन के दौरान आई बाढ़- बारिश के बाद क्षतिपूर्ति को लेकर किसानों का रुझान फसल बीमा की ओर तेजी से बढ़ा था, मगर इस बार ऐसा नहीं हुआ। पिछले सीजन की अपेक्षा इस बार फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या 5000 से भी अधिक घटी है। इस बार खरीफ सीजन में जनपद के महज 24619 किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया है।

केंद्र सरकार की ओर से फसलों को आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। किसानों को फसलों की बीमित राशि का रिस्क कवर प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनी को डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करना होता है। इसमें फसलों की क्षति होने पर बीमित किसान को 72 घंटे में व्यक्तिगत दावा बीमा कंपनी को प्रस्तुत करना होता है। सूचना प्राप्त होने पर कंपनी 48 घंटे में क्षति के आकलन के लिए सर्वेयर को भेजती है। नुकसान के आधार पर क्लेम का भुगतान किया जाता है। हालांकि बीमा योजना के स्वैच्छिक होने के कारण किसानों का रुझान कम होता नजर आ रहा था। हालांकि पिछले साल जुलाई में आई बाढ़-बारिश से फसलों का खासा नुकसान पहुंचा था। धान समेत गन्ने आदि की फसलें पूरी तरह चौपट हो गई थीं। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा किया जा रहा था। दैवीय आपदा का प्रकोप देख किसानों का रुझान फसल बीमा की ओर बढ़ा था और किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया था। मगर इस बार खरीफ सीजन ने दोबारा फसल बीमा से दूरी बना ली। इस बार खरीफ सीजन में जनपद के महज 24619 किसानों ने ही अपनी फसलों का बीमा कराया है। इन किसानों की धान की फसल को यदि नुकसान पहुंचता है तो प्रति हेक्टेयर 102900 रुपये मुआवजा दिया जाएगा।


पिछले दिनों हुई बारिश के बाद बिलसंडा क्षेत्र में खेतों में भरा पानी। ● अमृत विचार

### पिछले सीजन के मुकाबले घटे 5437 किसान

कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पिछले खरीफ सीजन में 30056 किसानों ने फसल बीमा करवाया था। जबकि इस बार महज 24619 किसानों ने ही अपनी खरीफ फसलों का बीमा कराया है। पिछले खरीफ सीजन के मुकाबले इस बार 5437 किसान घटे हैं।

"प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेकर फसलों का नुकसान होने पर क्लेम प्राप्त करके क्षति को कम किया जा सकता है। इस बार खरीफ सीजन के लिए जनपद के 24619 किसानों ने फसल बीमा करवाया है। – **राममिलन परिहार**, उप कृषि निदेशक

## कॉपर टी लगवाने के बाद महिला ने दिया बच्चों को जन्म

**पीलीभीत,अमृत विचार :** कॉपर टी लगवाने के बावजूद एक महिला गर्भवती हो गई। और तीन शिशुओं को जन्म दिया। पति ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की लापरवाही बताते हुए सीएमओ से शिकायत की है।

सीएमओ को भेजे शिकायत पत्र में युवक ने बताया उसने पत्नी का गर्भधारण रोकने के लिए 18 दिसंबर 2021 को अस्पताल में कॉपर-टी लगवाई थी। इस बीच अचानक महिला को दर्द उठा। इस पर वह 12 जून 2023 को वह कॉपर टी की जांच कराने के लिए महिला अस्पताल पहुंची। आरोप है उस दौरान नर्स ने रुपये की मांग की। रुपये न देने पर बिना जांच किए ही उसे गर्भवती बता दिया। उस वक्त आईजीआरएस पर शिकायत भी दर्ज कराई थी।

# 14832 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 4848 ने छोड़ी

## जनपद के 24 केंद्रों पर पहली पाली में 2470 और दूसरी पाली में 2378 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले के 24 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन किया गया। परीक्षा दो पालियों में हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 19 हजार 680 अभ्यर्थियों में 14 हजार 832 उपस्थित रहे जबकि 4848 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सघन चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र पर प्रवेश किया गया। डीएम अवनीश राय ने एडीएम प्रशासन अरुण कुमार के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लेकर केंद्र व्यवस्थापकों और अधिकारियों को निर्देशित किया। रविवार को भी दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी।

पीईटी परीक्षा के लिए जिले में 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रशासन ने पहले से तैयारी पूरी कर ली थी। डीएम खुद व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे थे। शनिवार को पहली पाली की परीक्षा के लिए अभ्यर्थी एक घंटे पहले ही केंद्र पर पहुंच गए। केंद्र के गेट पर मैटल डिटेक्टर से चेक करने और प्रवेश पत्र, आधार चेक करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। महिला अभ्यर्थियों के कानों से कुंडल, चेन, कलावा आदि निकलवाए गए। जरूरी के अलावा अन्य कोई पत्रावली साथ में नहीं जाने दी गई। सुबह 10 बजे से पहली पाली शुरू हुई। जिसमें 9840 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। दोपहर 12 बजे तक परीक्षा हुई। इस पाली में 7370 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसके बाद दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक दूसरी पाली की परीक्षा हुई। जिसमें 9840 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें 7462 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा देकर बाहर आए परीक्षार्थियों ने प्रश्नों को सरल बताया। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा।

परीक्षा के दौरान डीएम ने मदर एथीना स्कूल, जीलॉट स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, लॉर्ड कृष्णा स्कूल आदि का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी का अवलोकन किया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल, शौचालय, पार्किंग की स्थिति भी देखी। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा सुचितापूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी कराने को निर्देशित किया। आयोग की मंशा के अनुरूप ही परीक्षा कराने को कहा। रविवार को भी दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।


यातायात व्यवस्थित करते पुलिस। महिला को परीक्षा केंद्र का रास्ता बताते यातायात सिपाही।


परीक्षा देने के बाद केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों ने आसान की अभ्यर्थियों की राह

परीक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी व्यवस्था की थी। एक तरफ यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्ड यातायात दुरुस्त कर रहे थे तो वहीं प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों ने भी अभ्यर्थियों की राह आसान की। उन्होंने अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र का रास्ता बताया तो वहीं जाम की स्थिति में वाहनों को व्यवस्थित रूप से भेजा।


सीसीटीवी से परीक्षा की स्थिति देखते डीएम अवनीश राय व एडीएम प्रशासन अरुण कुमार।

# सरकारी अस्पतालों में धरना-प्रदर्शन पर लगे रोक


बैठक में भाग लेते चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सोशल मीडिया पर कुप्रचार का प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने किया विरोध

**अमृत विचार :** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने सरकारी अस्पतालों में मरीजों के उपचार के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर बैठक कर रोष जताया है। चिकित्सकों ने कहा कि उनके भरसक प्रयास के बाद भी कुछ लोग उन पर दबाव बनाने एवं उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

शनिवार को प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कहा गया कि सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे चिकित्सकों को इस समय दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. रियाज हुसैन द्वारा एक मरीज का ऑपरेशन किया गया। उसको सोशल मीडिया पर कुप्रचारित किया जा रहा है। कहा कि उक्त मामले की जांच भी हो चुकी है जिसमें सभी तथ्य सामने आ चुके हैं। जांच में डॉक्टर की गलती नहीं पाई गई। उसके बाद 4 सितंबर को सड़क हादसे में घायल एक मरीज की मौत हो जाने पर भी डॉ. नितिन सिंह व अन्य स्टाफ के साथ परिजनों द्वारा अभद्रता की गई। इस तरह की घटनाएं अस्पतालों व सीएचसी पर आए दिन हो रही हैं जिससे डॉक्टरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चिकित्सकों ने डीएम को दिए पत्र में कहा है कि उक्त प्रकरण में अब करणी सेना द्वारा 8 सितंबर को अस्पताल में हंगामा करने का प्रयास किया जा रहा है कृपया इस प्रकरण को अपने स्तर से हल किया जाए। डॉक्टरों ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों में होने वाले धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाई जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राजष्ट्रीय राजमार्ग किसी वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी, पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय निवासी 19 वर्षीय हसनैन शुक्रवार की शाम सात बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहल्ला बिल्लीगंज के सामने सड़क पार कर रहा था। अचानक वाहन ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फेसबुक पर किया अभद्र कमेंट, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी के मोहल्ला अहिरटोला निवासी भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री रेनू सिंह ने तहरीर देकर बताया कि एक सितंबर को उन्होंने जेडीयू मंच से प्रधानमंत्री की स्वर्गीय मां को गाली देने के विरोध में वीडियो पोस्ट की थी। ईद मोहम्मद फैजल की फेसबुक आईडी से अमर्यादित, अभद्र व अश्लील कमेंट लिखा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कल दातागंज में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज तहसील में 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से डीएम अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई है। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारी शामिल रहेंगे। लोग अपने शिकायत और समस्याओं के लिए आ सकते हैं।

### आज होगा लेखपाल संघ का चुनाव

**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला मंत्री कमल कुमार सिंह ने बताया कि संगठन के द्विवर्षीय निर्वाचन 7 सितंबर को द्रोपदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में होगा।

# धरातल पर काम शुरू होने तक जारी रहेगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का दूषित पानी रोकने को नरुउ हाईवे के पास ग्राम वासियों व कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन 77 वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक धरातल पर काम शुरू नहीं होगा धरना प्रदर्शन, सत्याग्रह क्रमिक अनशन चलता रहेगा।

उझानी नगर पालिका का दूषित पानी रोकने का धरना स्थल पर शनिवार को राघवेंद्र सिंह, राजाराम जाटव, छोटेलाल, सुखराम जाटव और नेपाल सिंह सोलंकी, वीरपाल सिंह सोलंकी, क्रमिक अनशन पर बैठे। जिन्हे कांग्रेस नेता ओमकार सिंह, गौरव सिंह राठौर, इगलास हुसैन, अरविंद पाल, वीरपाल सिंह यादव, लोकेश गौड़ ने क्रमिक अनशन कारियों को जूस पिलाकर क्रमिक अनशन समाप्त कराया।


क्रमिक अनशन पर बैठे कांग्रेसी और ग्रामीण। ● अमृत विचार

धरना स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि उन्हे जानकारी हुई है कि एसटीपी प्लांट को जमीन चयनित कर ली है, जल्दी ही उसका बैनामा करा कर पानी का शोधन कार्य और नाले के डायवर्सन का काम भैंसोरा नदी तक शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक धरातल पर काम शुरू नहीं होता क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

गौरव सिंह राठौर, इगलास हुसैन, अरविंद पाल, वीरपाल यादव ने कहा कि कि कांग्रेस कार्यकर्ता यह आंदोलन राजनीतिक लाभ के लिए नहीं कर रहे हैं अपितु एक मानवता के नाम पर समाज सेवा के रूप में आंदोलन कर रहे हैं। धरना स्थल पर योगेंद्र सिंह सोलंकी, कमल प्रताप सिंह, तेजेंद्र पाल कश्यप, राजाराम, राम सिंह, राघवेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, गुड्डू, अमर सिंह, पूरन सिंह, अजुद्दीन, भूपाल, कृपाल सिंह, राम सिंह आदि रहे।

# अभियान के तहत 500 शिकायतों का सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 10 दिवसीय अभियान में शिकायतकर्ताओं से की गई बात
- बिजली विभाग ने माना 200 शिकायतों में लगी झूठी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग के दस दिवसीय अभियान के तहत कुल पांच सौ शिकायतों का सत्यापन किया गया जिसमें दो सौ शिकायतों का निस्तारण गलत पाया गया जबकि अन्य शिकायतों में शिकायतकर्ता से बात की गयी। विभाग ने उक्त सत्यापन रिपोर्ट ऊर्जा भवन लखनऊ को भेजी है।

विद्युत वितरण निगम द्वारा 25 अगस्त को निर्देशित किया गया था कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का सत्यापन किया जाए। विभाग की मंशा थी कि शिकायत करने वाले उपभोक्ता तक क्या विभाग के कर्मचारी अधिकारी पहुंचे हैं या फिर घर बैठे ही जांच रिपोर्ट लगा कर शिकायत का निस्तारण कर देते हैं। इसके लिए विभाग द्वारा 26 अगस्त से 4 सितंबर तक दस दिवसीय अभियान चलाया गया। दस दिवसीय अभियान के तहत अधिशासी अभियंता मुख्य अभियंता को इसके सत्यापन में लगाया गया था। विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार अभियान के तहत करीब पांच सौ शिकायतकर्ताओं से बात की गयी। उनके द्वारा की गयी शिकायत का निस्तारण हुआ या नहीं यह जानने का प्रयास किया गया।

जिसमें से करीब दो सौ शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उनकी शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया है और न ही किसी ने उनसे संपर्क किया है। बिजली कटौती, तार टूटने या अधिक बिल आने की शिकायतों का निस्तारण 40 प्रतिशत गलत पाया गया।जबकि विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने सभी शिकायतों का निस्तारण दिखा दिया। इस तरह विभाग द्वारा परखी गयी सच्चाई खुद विभाग की पोल खोल रही है।

अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि दस दिवसीय अभियान के तहत पांच सौ से अधिक शिकायतकर्ताओं से बात की गयी जिसमें से कुछ शिकायतों का निस्तारण घर बैठे कर दिया गया जबकि अधिकांश शिकायतों का निस्तारण ठीक किया गया है। अब उक्त रिपोर्ट शक्ति भवन लखनऊ भेजी जाएगी। कहा कि जिन क्षेत्रों में शिकायतों का निस्तारण ठीक से नही किया गया है उनके वारे में उच्चाधिकारी ही कोई निर्णय लेंगे।

### बिजली की जर्जर लाइन होंगी ठीक

बिजली विभाग की ओर से बताया गया है कि बारिश कम होने के बाद ही जिले भर में बिजली की जर्जर लाइनों को ठीक किया जाएगा। लाइन मरम्मत का कार्य पिछले कई माह से किया जा रहा है फिर भी जिन क्षेत्रों से अधिक शिकायतें मिल रही हैं अब उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा जिससे उपभोक्ता को शिकायत करने का मौका न मिले। शासन स्तर से भी इसके निर्देश दिए जा चुके हैं।

# विधायक एवं एसडीएम ने किया बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** दातागंज विधायक ने एसडीएम के साथ शनिवार को क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवों का दौरा किया। उन्होने ग्रामीणों से कहा कि किसी को भी परेशान नहीं होने दिया जाएगा, सरकार इस समय बाढ़ से घिरे गांवों के साथ खड़ी है।

भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह व एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह आज क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांव हर्रामपुर, मौजूमपुर, शेरपुर, गढ़िया, पैगंबरपुर, नवादा बदन, लालपुर खादर,पट्टी बिजा, पूरनपुर भेड़ा, कुंडरा, मझरा जलेबी नगला, सहित एक दर्जन गांवों का दौरा किया।

उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुओं को चारा दिया जाए। ग्रामीणों को राहत सामग्री दी जाए।

आवश्यक वस्तुओं को मुहैया कराया जाए। विधायक ने कहा कि बाढ़ से जो सड़कें टूट गयी हैं उन्हें बाढ़ खत्म होते ही बनवा दिया जाएगा। कहा कि इस समय बाढ़ है ऐसे में आवागमन को स्टीमर दिए गए हैं जो निशुल्क हैं। कहा लोग धैर्य बनाए रखें। भोजन व चारे की व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर ग्राम प्रधान धनेंद्र सिंह, हजरतपुर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, एसडीएम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा करते विधायक राजीव कुमार सिंह व एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह।

# शेखूपुर चीनी मिल की मरम्मत का कार्य अभी अधूरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अगले माह तक किया जाएगा मशीनों को ठीक
- मिल प्रबंधन करा रहा वायलर व मशीनों की मरम्मत

**अमृत विचार :** द सहकारी शेखूपुर चीनी मिल के गन्ना पेराई सत्र से पहले बॉयलर और सभी मशीनों की मरम्मत की जा रही है। मिल में अभी तक 70 प्रतिशत मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है जबकि शेष कार्य अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा उसके बाद मिल का ट्रायल किया जाएगा।

शेखूपुर सहकारी चीनी मिल की गन्ना पेराई क्षमता मात्र तेरह हजार क्विंटल प्रतिदिन है। मिल की मरम्मत हर साल की जाती है फिर भी मिल पेराई सत्र के बीच में कई बार बंद होती है जिससे गन्ना किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पिछले साल मिल गन्ना पेराई सत्र के दौरान चार बार बंद हुई। मिल में तकनीकी खराबी आने से कई कई दिन गन्ना पेराई बंद रहती है। इसलिए इस बार भी गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले मिल की मरम्मत पूरी तरह की जा रही है। मिल प्रशासन द्वारा बताया गया है कि अब तक 70 प्रतिशत मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष कार्य अगले माह पूरा कर लिया जाएगा। मिल प्रशासन का कहना है कि मिल की मशीनें काफी पुरानी है इसलिए दिक्कत हो रही है। जर्जर हो चुकी मशीनों से गन्ना पेराई करना मुश्किल है फिर भी मिल से काम लिया जा रहा है।

मिल प्रबंधक गुलशन कुमार ने बताया कि इस बार गन्ना पेराई सत्र के बीच मिल में तकनीकी कमी आने की संभावना कम है क्योंकि मशीनों को पूरी तरह ठीक किया जा रहा है। जिन मशीनों ने पिछले पेराई सत्र के दौरान परेशान किया उन्हे ठीक कर लिया गया है। मुख्य रूप से वायलर को अब दुरुस्त किया जा रहा है। गत वर्ष दो बार वायलर में खराबी आई थी जिससे मिल को बंद करना पड़ा था। उन्होने बताया कि मिल परिसर में या मिल के अंदर

जो कार्य होते हैं वह पिछले तीन माह से कराए जा रहे हैं। अब मरम्मत कार्य लगभग पूरा होने वाला है जो शेष कार्य है वह अक्टूबर के मध्य तक पूरा कर लिया जाएगा।

### गन्ना किसानों के बैठने को बनेगा टिनशेड

शेखूपुर चीनी मिल में गन्ना पहुंचाने वाले किसानों को बैठने को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मिल प्रशासन गन्ना किसानों को टिनशेड बनाएंगा जिसमें गन्ना किसान रात को आराम से रुक सकते हैं। मिल परिसर में गन्ना लाने वाले वाहनों को लाइन से लगा कर केंन तक लाया जाएगा जिससे अन्य वाहनों को दिक्कत नहीं होगी। मिल प्रशासन द्वारा मिल परिसर की सफाई कराई जा रही है। जहां भी गड्ढे हैं वह ठीक कराए जा रहे हैं।

### मेन रोड से मिल तक बनेगी सड़क

शेखूपुर चीनी मिल तक पहुंचने के लिए शेखूपुर रोड से पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा जिससे लोगों को मिल कार्यालय या मिल परिसर तक पहुंचने में अब दिक्कत नहीं होगी। करीब सौ मीटर के कच्चे रास्ते पर अब तक कई तरह की दिक्कतें होती थीं। मिट्टी से होकर अंदर तक जाना पड़ता था जिससे दो पहिया या चार पहिया वाहनों को आने जाने में दिक्कत होती थी मगर अब सड़क बन जाने से किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

बैठक

कोर्ट के आदेश पर अपनाई गई प्रक्रिया, 8 में से 7 ने एक सदस्य को दिया समर्थन

# ग्राम विसारत नगर की कार्यवाहक प्रधान पद के प्रस्ताव की प्रक्रिया पूरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रधान की मौत के बाद उसके नाती को कार्यवाहक प्रधान बना दिया गया। ग्राम पंचायत सदस्यों ने विरोध करते हुए कोर्ट में रिट दायर की। कोर्ट के आदेश पर शनिवार को तहसील प्रशासन ने गांव के सचिवालय पर कार्यवाहक प्रधान पद के लिए प्रक्रिया अपनाई। इस दौरान 11 ग्राम पंचायतों में 8 मौजूद रहे। जिसमें सात लोगों ने एक सदस्य के नाम पर सहमति दी जबकि एक अन्य सदस्य ने विरोध किया और न ही समर्थन दिया। प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कोर्ट के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

विकास खंड म्याऊं की ग्राम पंचायत बिसरत नगर के प्रधान विजय बहादुर सिंह का 6 जून 2025 को निधन हो गया था। जिसके बाद से ग्राम प्रधान पद खाली था। गांव निवासी जसवीर सिंह ने आरोप लगाया कि 14 अगस्त मृतक प्रधान के विकास पुत्र विमलेश को बिना वैठक और प्रस्ताव के गांव का कार्यवाहक प्रधान बना दिया गया। जिसके बाद बाकी निर्वाचित सदस्य जसवीर पुत्र अनोखेलाल, अनीता देवी पत्नी रामप्रसाद, आनंद देवी पत्नी सत्येंद्र, प्रेमादेवी पत्नी सुखलाल, रनवीर पुत्र दयाराम, भूदेवी पत्नी कुंवरसेन, मुन्ने पुत्र देवदास ने संयुक्त रूप से डीएम से नियम विरुद्ध प्रधान बनाने की शिकायत की। निस्तारण न होने पर ग्राम पंचायत के सातों सदस्यों ने हाईकोर्ट में रिट दायर कराई।

जिसके बाद शनिवार को ग्राम पंचायत सदस्यों, नायब तहसीलदार छविराम, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी दीपक गुप्ता और पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यवाहक प्रधान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। ग्राम पंचायत सदस्य अनीता देवी व अनमोदक मुन्ना ने कार्यवाहक प्रधान के रूप में जसवीर सिंह के नाम का प्रस्ताव दिया। अन्य पांच सदस्यों ने भी उनके नाम पर सहमति व्यक्त की। वहीं एक सदस्य योगेंद्र पुत्र राजेंद्र ने प्रस्ताव का समर्थन किया और न ही विरोध। उन्होंने रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। दूसरे पक्ष से कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। इस दौरान पूरा समय वीडियोग्राफी कराई गई। माना जा रहा है कि प्रशासन 10 सितंबर को कोर्ट में प्रस्ताव की कार्रवाई रखेगा। कोर्ट के आदेश पर ही प्रधान पद पर मुहर लगेगी। वहीं दूसरे पक्ष के सदस्य भी कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं।



कार्यवाहक प्रधान का प्रस्ताव कराते नायब तहसीलदार छविराम। ● अमृत विचार

- मौके पर नहीं पहुंचे दूसरे पक्ष के सदस्य, सचिवालय पर तैनात रहा पुलिस बल



प्रक्रिया के दौरान सचिवालय में मौजूद ग्राम पंचायत के सात सदस्य। ● अमृत विचार

### मौके से गए नायब तहसीलदार तो हुआ विरोध

नायब तहसीलदार कोरम पूरा होने का हवाला देते हुए पौने 12 बजे मौके से चले गए। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। जिसपर नायब तहसीलदार दोपहर लगभग 12 बजकर 6 मिनट पर दोबारा पुलिस बल के साथ ग्राम पंचायत सचिवालय पहुंचे और पूरी प्रक्रिया कराई।

# शोभायात्रा निकाल गणेश प्रतिमा का गंगा में विसर्जन

**उसहैत, अमृत विचार :** शनिवार को नगर में निकाली गई शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों के साथ बैंड बाजे व ढोल नगाड़ों की धुन पर लोग थिरकते रहे।

शोभायात्रा नगर के मेन बाजार, मुरावान जाटान, श्री कालसेन बाबा मंदिर पक्का पुल हनुमान मंदिर होते हुए गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ अटेना गंगा घाट पर पहुंची। गंगा घाट पर भक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गुलाल उड़ाकर होली खेली।

बाद में हवन-पूजन कर मूर्ति का विसर्जन किया गया। इस मौके पर ध्रुव देव गुप्ता, पवन मिश्रा, चित्रभान गुप्ता, मोहित गुप्ता, करन राठौर, पवन भारद्वाज, शांति प्रसाद, प्रमोद भारद्वाज, चमन, राजीव भारद्वाज, प्रभव, भुवनेश, राहुल,अंकित, शोहित, मयंक, अनिल गुप्ता, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
सरदार वल्लभ भाई पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी
भोजीपुरा, बरेली BTE CODE - 2143
B.El.Ed. (इंटरमीडिएट के पश्चात 4 वर्षीय बी.टी.सी.) College Code 148
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
BTE CODE-2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानाकार बहेड़ी, बरेली
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

## न्यूज ब्रीफ

### नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान के न्यायालय परिसर में मुकदमा की पैरवी करने आए थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव जतकी निवासी मोहम्मद मियां के साथ मारपीट करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने अधिवक्ताओं की मदद से मारपीट करने के एक आरोपी को पकड़ लिया था। राजकीय मेडिकल कॉलेज में घायल का इलाज के दौरान मौत हो गई थी। शनिवार को ग्रामीणों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। आरोपियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और बाकी के आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजने की मांग की।

### खेत में खड़े पेड़ काटे फिर की मारपीट

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान के गांव भवानीपुर खल्ली निवासी सरवर पुत्र रियासत खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही पुत्तन, रहीस, गुड्डू, जीशान, मुन्नन, अजहर दबंग किस्म के हैं। जो बटाई पर खेत लेकर खेती करते हैं। वह उनकी खेत की मेड़ काटते रहते हैं और उनके परिवार पर झूठे आरोप लगाते रहते हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। उन्होंने दबंगई के बल पर उनके लिप्टिस के पेड़ काट लिए। जिसके बाद 23 अगस्त की रात 9 बजे उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### उधार के रुपये वापस मांगने पर की मारपीट

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंदारा निवासी सुखवीर ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के दुर्गपाल पर उनके पांच हजार रुपये उधार थे। 24 जुलाई की सुबह 8 बजे उन्होंने दुर्गपाल से रुपये मांगे तो उन्होंने आनाकानी की। रुपये वापस करने से मना कर दिया। हिरदेश, शिवराम, नेत्रपाल को लाठी-डंडे लेकर बुला लिया और गाली-गलौज की। उन्होंने घर में घुसकर सुखवीर को पीटा। उनके एक आंख से दिखना बंद हो गया। शोर सुनकर लोग आ गए और उन्हें बचाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### महिला से छेड़छाड़ आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि 5 सितंबर दोपहर 12 बजे वह एक ईंट भट्टे के पास घास काटने गई थी। सुधीर उर्फ नन्हुआ ने गलत नीयत से उन्हें दबोच लिया और छेड़छाड़ की। महिला ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद ग्रामीण आने लगे। ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी न महिला पर दराती से वार किया और चुप रहने को धमकाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### नई परंपरा का प्रयास आरोपियों का चालान

**विजय नगला, अमृत विचार :** ईद उल मिलादुल्नवी के मौके नई परंपरा डालकर जुलूस निकालने का प्रयास किया गया। पुलिस ने जुलूस रुकवा दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव व्योर में कुछ लोगों ने नई परंपरा डालते हुए जुलूस निकालने का प्रयास किया। दूसरे समुदाय के लोगों ने विरोध किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों पक्ष को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने आजम, गुलबाज, आसिफ, जाहिर, चित्रांग, शाह, स्वामीन, सोनू, अब्दुल हसन, हसन अली, असलम, ताज मोहम्मद, नूर हसन का चालान करते हुए जेल भेजा।

# ब्लॉक जगत के गांव उपरैला में बुखार से महिला की मौत

## मौत के बाद गांव में फैली दहशत, स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में संक्रामक रोगों की चपेट में दर्जनों लोग, अस्पताल में मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते अब बुखार हर गांव गली तक पैर पसारने लगा है। डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ब्लॉक जगत के गांव उपरैला में बुखार पीड़ित महिला की मौत हो गयी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। गांव में दो दर्जन से अधिक लोग बुखार और मलेरिया से पीड़ित हैं। फिर भी सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। जिला अस्पताल भी बुखार के मरीजों से भर चुका है।

ब्लॉक जगत के गांव उपरैला निवासी वीरपाल की पत्नी रेशमा को कई दिनो से बुखार था। वीरपाल ने पहले तो गांव के ही झोलाछाप से दवा दिलाई, लाभ नहीं होने पर वह दूसरे डॉक्टर के पास ले गया। वहां पर भी रेशमा को बुखार से निजात नहीं मिली। उसके बाद उसने शुक्रवार की शाम को एक डॉक्टर को दिखाया दवा खिलाने को दी गयी। परिजनों का कहना है कि रात में रेशमा की मौत हो गयी। रेशमा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को परिजनों ने महिला के शव का अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में करीब दो दर्जन से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। जबकि तीन लोगों को मलेरिया है। सभी झोलाछापों से दवा ले रहे हैं। अभी तक सरकारी स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिली है जिससे गांव में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

उपरैला गांव की आबादी करीब 1200 है। इस गांव में पिछले काफी समय से सफाई नहीं की गई है जिससे नालियों में गंदा पानी बह रहा है। गंदगी के कारण मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों से ही मलेरिया जैसी बीमारी शुरू हो चुकी है।



जिला महिला अस्पताल में मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

### गांव में नहीं हुआ मच्छर नाशक दवा का छिड़काव

गांव में मलेरिया विभाग द्वारा पिछले काफी समय से मच्छर नाशक दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। जिससे मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है। उपरैला गांव सोत नदी के तट पर वसा है इसलिए गंदगी अधिक रहती है। सफाई व्यवस्था ठप है। हर जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता नहीं है जिससे मच्छर पनप रहे हैं। आस पास के गांवों में भी मलेरिया और बुखार के दर्जनों मरीज हैं। जो झोलाछापों से दवा ले रहे हैं।

### जिला अस्पताल में बुखार के मरीज बढ़े

जिला अस्पताल में बुखार के मरीजों की संख्या और बढ़ रही है। गुरुवार की रात को दर्जन भर मरीज भर्ती किए गए जबकि शनिवार को भी करीब 10 मरीजों को भर्ती किया गया है। यह सभी मरीज बुखार और वायरल के हैं। इनमें मलेरिया संक्रमित मरीजों की संख्या करीब आधा दर्जन है। जिला अस्पताल में अब लगभग सभी वार्ड मरीजों से फुल हो रहे हैं। केवल मेडिकल वार्ड में कुछ बेड बचे हैं जहां पर अब मरीज भेजे जाएंगे। मेडिकल वार्ड 30 बेड का वार्ड है इसके एक हिस्सा पूरी तरह फुल हो चुका है जबकि दूसरे हिस्से में अभी कुछ वेड बचे हुए हैं।

# जिला महिला अस्पताल में भी लगी मरीजों की लाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **मौसम बदलने के कारण बुखार तेजी से फैल रहा है : डॉ. नाजिया**

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में भी बुखार पीड़ित महिलाओं की आज भारी भीड़ रही। महिलाओं ने एक बजे तक पर्चे बनावाए उसके बाद डॉक्टरों को दिखा कर दवा ली।

शनिवार को जिला महिला अस्पताल में महिला मरीजों की लाइन लगी रही। इनमें अधिकांश महिलाएं बुखार पीड़ित थीं जिन्होने दवा लेने के बाद ब्लड सैंपल भी दिए। जांच कराने के बाद डॉक्टर को दिखा कर दवा लेगी। महिला चिकित्सक डा. नाजिया ने बताया कि इस समय मौसम बदल रहा है इसलिए बुखार तेजी से फैल रहा है। बुखार पीड़ितों को ब्लड की जांच कराने को कहा जा रहा है। ब्लड जांच रिपोर्ट देख कर फिर से दवा दी जाएगी। बताया कि पिछले दो दिन से महिलाओं की संख्या बढ़ी है। बुखार जुकाम और अन्य बीमारियों से जूझ रही महिला मरीजों की भीड़ शनिवार को भी एक बजे तक जारी रही।

### बच्चे भी हो रहे डायरिया के शिकार

जिला अस्पताल में डायरिया पीड़ित बच्चों की संख्या भी अचानक बढ़ने लगी है। शनिवार को 150 से अधिक छोटे बच्चों को देखा गया इनमें 80 बच्चों को डायरिया थी। गर्मी और उमस के बीच परेशान हो रहे छोटे बच्चे डायरिया के शिकार हो रहे हैं। एक साल तक के बच्चों को डायरिया होने से उल्टी दस्त शुरू हो रहे हैं। ऐसे बच्चों को साफ सफाई के साथ रखने का सुझाव दिया जा रहा है।

“ उपरैला में बुखार से महिला की मौत हुई है इसकी जानकारी नहीं है। वह ब्लॉक जगत के एमओआईसी से बात करेंगे। यदि गांव में बुखार फैला है तो वहां स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। लोगों को दवा दी जाएगी। जरूरत पड़ी तो बुखार पीड़ितों का ब्लड टेस्ट कराया जाएगा। -**डॉ. रामेश्वर मिश्रा**, सीएमओ

# सीएचसी की स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका को सेवानिवृत्ति पर विदाई

**उसावां, अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका ब्रह्मा देवी के सेवानिवृत्त होने पर सीएचसी सभागार में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल सिद्धार्थ ने स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका की उसावां सीएचसी से 37 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा एवं सफल कार्यकाल की प्रशंसा की, एवं अन्य स्टाफ से उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेने के लिए कहा।

प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका ने ईमानदारी से ड्यूटी की। सबसे बड़ी यह है कि उसावां सीएचसी पर ही कार्यभार ग्रहण किया और यहीं से उन्हें सेवानिवृत्त होने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका ने उस दौर में भी अच्छे से अपने पदीय दायित्व निभाया जब आवागमन का बेहतर माध्यम नहीं था। स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका ब्रह्मदेव ने कहा कि स्टाफ से मिले सहयोग को कभी भूल नहीं सकते। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ने कहा कि यहां पर काम करते हुए नए नए अनुभव मिले हैं। जो जीवन में काम आएंगे। इस मौके पर उन्होने सीएचसी परिसर में एक पौधा भी लगाया।

# अभ्यास वर्ग में विद्यार्थियों का प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहसवान जिले का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का आरंभ वजीरगंज के जेजे ज्ञान डिग्री कॉलेज में किया गया है। जिसमें जिले की 10 नगर इकाइयों के करीब 80 छात्र- छात्राओं का प्रशिक्षण शुरू किया गया। अभ्यास वर्ग का आरंभ संगठन के प्रांत मंत्री अंकित पटेल, विभाग संगठन मंत्री आकाश पाल, जिला संयोजक नमन गुप्ता और जिला विस्तारक अरुण सूर्यवंशी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम प्रमुख और जिला सह संयोजक आशीष देव मिश्रा ने बताया कि अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र, सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति, इन तीन सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। अभ्यास वर्ग कार्यकर्ताओं का सर्वांगीण विकास करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। पहला सत्र जो विद्यार्थी परिषद के इतिहास व विकास का सत्र था। यह सत्र प्रांत मंत्री अंकित पटेल और इसके बाद हुए सैद्धांतिक भूमिका का सत्र विभाग सह संयोजक मोहित शर्मा ने लिया। फिर अंतिम सत्र विद्यार्थी परिषद की कार्यपद्धति का सत्र विभाग संगठन मंत्री आकाश पाल ने लिया।




अभ्यास वर्ग के आरंभ के दौरान मौजूद विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **अभ्यास वर्ग कार्यकर्ताओं का सर्वांगीण विकास करने का महत्वपूर्ण प्रयास**

# पुलिस परामर्श केंद्र ने बिखरते परिवारों को बचाया

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से आपसी कलह और मतभेद में आकर बिखरते परिवारों को एक डोर से बांध कर नया जीवन शुरू करने को कहा गया। परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से काउंसलर भीमसेन सागर, गिरधारी सिंह राठौड़, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, प्यारे सिंह यादव, शिव स्वरूप गुप्ता, सुषमा कथुरिया, अशोक खुराना व संबंधित पुलिस अधिकारी कर्मचारी माया देवी महिला कांस्टेबल स्वाति, कांस्टेबल डोली, राखी द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 44 फाइल लगाई गईं। जिनमें से 24 की काउंसलिंग हुई, 2 फाइल में समझौता हुआ शेष में अग्रिम तिथि दी गई एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया। उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया।

# योगाचार्य ने सूर्य नमस्कार का बताया महत्व



ऑडिटोरियम में योगाभ्यास के बाद मौजूद देवा अदिति, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, योग गुरु गिरधारी सिंह राठौर।

● **पतंजलि पीठ हरिद्वार से आईं योगाचार्य देवा अदिति**

● **शिविर में मौजूद 200 लोगों को योग का महत्व समझाया**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** डायट स्थित ऑडिटोरियम में पतंजलि योग समिति की ओर से शिविर लगाया गया। हरिद्वार के पतंजलि पीठ से आईं योगाचार्य देवा अदिति ने इंटीग्रेटेड योग कराया। जिसमें उन्होंने यौगिक जॉगिंग के 16 अभ्यास कराए। साथ ही शिविर में मौजूद 200 लोगों को योग का महत्व समझाया।

शिविर में इसके बाद सूर्य नमस्कार के 16 अभ्यास कराए। जिसमें हर अभ्यास से शरीर के किस अंग पर क्या प्रभाव पड़ता है, उसके बारे में भी बताया। उन्होंने भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति और भ्रामरी के साथ अनुलोम विलोम का अभ्यास कराया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने सभी योगार्थियों को टीशर्ट वितरित की। कहा कि मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने राष्ट्र की रक्षा और सेवा करे। सेवा स्वस्थ व्यक्ति ही कर सकता है और स्वस्थ रहने के लिए योग अति आवश्यक है। योग गुरु गिरधारी सिंह राठौर ने कहा कि योग को घर घर ही नहीं बल्कि जन जन तक पहुंचाने का कार्य गुरुदेव ने किया है। इस महायज्ञ अभियान में हम जो कुछ भी कर पाएं वह किंचित मात्र है। सभी का योग करना और कराना चाहिए। अनवरत यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिससे सुगंधित वातारण में सभी ने योग किया। यज्ञ प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सोनू आर्य, सुरेश पाल सिंह, संजीव चौहान रहे। बृजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह यादव, त्रिवेंद्र पटेल, डॉ. इंदिरा गुप्ता, अंजलि, अनीता, संध्या, आवेश पाल, योगेंद्र पाल, वेदमित्र आर्य, सुदेश पल सिंह, जनवेद चौधरी, डॉ. आरपी सिंह, उपदेश पाल आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में 158 मरीजों को दी गई दवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **परिजन ने गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप**

**अमृत विचार :** शनिवार को राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत लोक स्मृति सेवा संस्थान द्वारा भवानीपुर खल्ली में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी, एड्स डॉ. विनेश कुमार एवं डॉ. पवन कुमार एवं ग्राम प्रधान नाजमीन बेगम द्वारा कैंप का उद्घाटन किया गया।

ब्लॉक दहगवां के गांव भवानीपुर खल्ली में आज एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में गांव के लोगो को एड्स के बारे में जानकारी दी गयी। कुछ की स्क्रीनिंग कर उनकी जांच की गई । आज शिविर में कुल जांच 158 लोगों की जांच की गई जिसमें एड्स का एक, एचइपी बी के दो, एचइपी सी के एक, और टीबी का भी एक मरीज पाया गया। इसके साथ ही जनरल दवाइयों का वितरण किया गया। सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत गांव के लोगो को एड्स के बारे में जागरूक भी किया गया । इस कैम्प में डॉ मोहम्मद हसन चिकित्सा अधिकारी, डॉ हरि निवास यादव चिकित्सा अधिकारी,नाथू सिंह फार्मासिस्ट, सुषमा सिंह, रेशमवती, शनि दुबे, कनी सक्सेना सहित अनेक लोग शामिल रहे। साथ ही ग्राम की आशा रजनी देवी एवं ममता देवी आंगनवाड़ी भी मौजूद रहीं।

# दावत-ए-इस्लामी इंडिया ने बांटे फल




जिला महिला अस्पताल में फल वितरण करते संस्था के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** 1500 वें जश्न-ए-विलादत-ए-मुस्तफ़ा के अवसर पर, दावत-ए-इस्लामी इंडिया के विभाग द्वारा जिला महिला चिकित्सालय, सहित कई प्राइवेट अस्पतालों में गरीबों और मरीजों को फल वितरण किए। फल वितरण का उद्देश्य मरीजों व गरीबों की मदद करना और उनके स्वास्थ्य की देखरेख करना था। जीएनआरएफ संस्था मुल्क के तरक्की और खुशहाली के लिए इस तरह के सामाजिक कार्य करता रहता है । इसी क्रम में शनिवार को आशिकान-ए-रसूल ने मोहब्बत और अकीदत के साथ ख़िदमत-ए-खल्क (मानव सेवा) का सिलसिला जारी रखा। इस मौके पर मौलाना ताजुद्दीन, सलमान खान, हाफिज फैजान, मौलाना गजाली, कारी इकबाल, हाफिज जान मोहम्मद सकलैनी, मुदस्सिर खान, तसखीर आलम, हाफिज आशिक रसूल, उस्मान साहब, रिजवान, शोएब आदि जिम्मेदार, ने अस्पतालों और यतीमखानों (अनाथालयों) में मरीज़ों, बच्चों और जरूरतमंद लोगों को आका की विलादत की खुशी मे फल बांटे।

# शोभायात्रा निकाल कर गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन

संवाददाता, उसावा

**अमृत विचार :** कस्बे में शनिवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन से पूर्व नगर में गाजे बाजे के साथ भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। भक्तों की भारी भीड़ रही।''गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ'' के स्वर से नगर गुंजायमान रहा । नगर में गणेश चतुर्थी के साथ शुरू हुए साप्ताहिक गणेश महोत्सव के 10वें दिन समापन हो गया । इस दौरान गणेश पूजा के साथ ही धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विसर्जन से पूर्व सुबह भगवान गणेश की पूजा की गई। गणेश जी को ट्रैक्टर ट्राली पर सवार कर गाजे बाजे के साथ गणेश की भव्य शोभायात्रा उसावां धाम बाबा लक्कड़ दास, खाटू श्याम शिवमंदिर से प्रारंभ हुई। मैन बाजार से होते हुए विघहर्ता गणेश को नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में गणेश प्रतिमा के सम्मुख श्रद्धालु प्रसाद वितरण करने के साथ ही भक्तों अबीर-गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन पर नृत्य कर रहे थे।

गणेश भगवान की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही ।भगवान गणेश की प्रतिमा को अटैना गंगा घाट पर विसर्जित कर भक्तों ने भगवान गणेश से आशीर्वाद बनाये रखने की प्रार्थना की। शोभायात्रा में मंदिर के प्रमुख सेवादार रामगोपाल गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, पवन, अभय, देवांश, राहुल, कुलवीर, रवि सौरभ, श्यामप्रेमी सृष्टि, काजल, अलका, यश, खुशी, बेबो, सपना, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा में व्यवस्था बनाये रखने के लिये थाने का पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन



गणेश विसर्जन यात्रा में भाग लेते विधायक राजीव कुमार सिंह। ● अमृत विचार



भगवान गणपति की पूजा करते चेयरमैन प्रतिनिधि मुरली मनोहर गुप्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** नगर के बाबा देवा दास अस्थल मंदिर में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा स्थल मंदिर से शुरू होकर नगर में मुख्य मार्ग से निकाली गई । विसर्जन यात्रा मे विधायक राजीव कुमार सिंह एवं चेयरमैन नैना गुप्ता के पति अनूप गुप्ता ने शामिल होकर पूजा अर्चना की ।

उमड़ी भीड़ ने एक दूसरे पर जमकर गुलाल फेका ।सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल गौरव बिश्नोई ने महिला सिपाही को सादा वर्दी में लगाया गया । वही सीओ के के तिवारी ने यात्रा सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस कर्मियों की प्रशंसा की ।

### पूजा के बाद विसर्जित की गई गणपति प्रतिमा

**बदायूं, अमृत विचार :** रुदायन में शनिवार को गणपति प्रतिमा श्रद्धा भाव के साथ विसर्जन किया गया। युवाओं और बच्चों ने गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया। नगर के बैंक रोड के पास भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। सप्ताह भर से पूजा पाठ किया गया। शनिवार को विसर्जन से पहले विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। भारी संख्या में भक्तों ने आरती उतार कर अपने परिवार और नगर की सुख समृद्धि की कामना की। वरिष्ठ भाजपा नेता व चेयरमैन प्रतिनिधि मुरली मनोहर ने पूजा की। यह त्यौहार एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। जो जाति और धर्म से परे सभी को एकजुट करता है। दया शंकर शर्मा, रवि गुप्ता, केपी शर्मा, मृदुल गुप्ता, अजय गुप्ता, रंजीत चौधरी, चुनमुन गुप्ता, ललितेश चौधरी, सुरेंद्र सिंह चौधरी, भुवनेश्वर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा कछला गंगा तट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को गणपति विसर्जन महोत्सव बड़े श्रद्धा-उल्लास और धार्मिक आस्था के बीच सम्पन्न हुआ। कछला स्थित पतित पावनी मां भागीरथी के तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु गणपति बप्पा की प्रतिमाएं लेकर पहुंचे। डीजे और बैंड-बाजों की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

श्री गणेश प्रतिमाओं का वेदमंत्रोच्चारण के बीच परंपरागत विधि-विधान से गंगा की निर्मल धारा में विसर्जन किया गया। भक्तों ने गणपति बप्पा से अपने जीवन, परिवार, समाज और राष्ट्र के मंगल की कामना की। मंदिरों, पंडालों और घर-घर में विराजे विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति श्री गणेश की पूजा की गई। कई स्थानों पर यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान हुए, कन्या भोज और प्रसाद वितरण कराया गया। उझानी के मोहल्ला नझियाई स्थित उमाशंकर शर्मा के निवास पर विराजे मंगल मूर्ति भगवान श्री गणेश का पूजन और आरती कर कछला गंगा तट पर भू विसर्जन किया गया। मुख्य यजमान उमाशंकर शर्मा, रिंकू शर्मा, मोहित शर्मा, टिंकल शर्मा, इंद्रावती शर्मा, सुषमा शर्मा, नीलू शर्मा, जूही शर्मा, पुष्पा देवी शर्मा, चंचल कश्यप, वीरेंद्र कश्यप, मंजू शर्मा, संजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

वहीं ओहरामई से श्रद्धालुओं का जत्था गजानन की मूर्ति को लेकर कछला पहुंचा। इस मौके पर रेनू, विशेश्वरी देवी, सुनिता, बालादेवी, संजीव कुमार, उत्कर्ष पटेल, सुधीर पटेल, सौरभ पटेल शामिल हुए।



गणेश कस्बे में शोभा यात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### हाईटेंशन लाइन में लगी आग, हड़कंप

**परौर, अमृत विचार :** कुण्डरी गांव की मेन गली में शनिवार सुबह 11 हजार वोल्टेज की लाइन में आग लग गई। ग्रामीण लपटें देख घरों से बाहर निकल आए। तार टूटकर गली में गिरा, लेकिन बड़ा हादसा टल गया। जेई और लाइनमैन का फोन रिसीव न होने पर ग्रामीणों ने एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह को सूचना दी। अधिकारियों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए युवा नेता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अहमदपुर रेती रोड स्थित लोक कल्याण भवन में ठहरे बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को जानने पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा हनुमंतधाम मंडल उपाध्यक्ष जितिन तिवारी ने पीड़ितों को जनरेटर, फोल्डिंग, गद्दे और खानपान की व्यवस्था दिलाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम सदर संजय पांडे व नायब तहसीलदार निवेदिता सिंह को अवगत कराया। लेखपाल मनोज सिंह भी सक्रिय रहे।

### 'परी आपकी रसोई' से बाढ़ पीड़ितों को भोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विनय अग्रवाल परी नमकीन वालों की ओर से संचालित 'परी आपकी रसोई' की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भोजन वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में पीयूष मिश्रा, वरुण मिश्रा, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता आदि सहयोगी रहे। विनय अग्रवाल ने कहा कि सेवा तब तक जारी रहेगी जब तक महानगरवासियों को राहत नहीं मिल जाती।

### जलस्तर और बढ़ने की आशंका

**शाहजहांपुर।** गर्रा नदी के आसपास बसे मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुसने से लोग भयभीत दिखे, क्योंकि जलस्तर में कमी आने के बजाय लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इससे आशंका जताई जा रही है कि रात में कहीं जलस्तर में ज्यादा वृद्धि हुई, तो लोगों को जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। सबसे ज्यादा खराब हालात मोहल्ला सुभाषनगर में देखने को मिला, जहां घरों में तीन से पांच फीट तक पानी भर चुका है। वहीं बरेली मोड़ के किनारे स्थित एलआईसी दफ्तर भी जलमग्न हो गया है।

# बाढ़ से बदतर हो रहे हालात, लाखों लोग हो गए बेघर

## जनप्रतिनिधियों ने दिए सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश, उसहैत क्षेत्र में स्थिति भयाभय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बाढ़ ने तटवर्ती क्षेत्रों में विनाशलीला शुरू कर दी है। विनाश के चलते चहुंओर हाहाकार मचा हुआ है। शासन से लेकर जिला प्रशासन तक बाढ़ को लेकर हलकान हैं। सैलाब का सितम झेल रहे लोगों को अपने घर पर छोड़ कर दूसरी जगह शरण लेनी पड़ रही है। नाव से घरेलू सामान बाहर पहुंचाया जा रहा है।



नाव पर बैठ कर प्रेमी नगला गांव से बाहर जाते लोग। ● अमृत विचार

पहाड़ो पर हो रही बारिश ने मैदानी इलाकों में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हरिद्वार और बिजनौर बैराज का पानी नरौरा में आ रहा है जिससे नरौरा से भी हर दिन लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शनिवार को नरौरा से करीब सवा दो लाख क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। जबकि शुक्रवार को दो लाख पानी डिस्चार्ज किया गया। हर दिन बाढ़ का पानी तबाही लेकर आ रहा है। आज छोड़ा गया पानी रविवार सुबह तक यहां पहुंच जाएगा जिससे बांध की सुरक्षा खतरे में पड़ती दिख रही है। उसहैत क्षेत्र के सभी बांध संवेदनशील हैं मगर फिलहाल सुरक्षित हैं। अब सैलाब का सितम बांध को मुसीबत बनता जा रहा है। इस बाद बाढ़ खंड ने अपने सभी तटबंधों पर लाल पत्थर डालने से पहले मिट्टी के पैकेट बना कर लागए थे। उसके बाद पत्थर डाला गया था। गंगा की लहरों का पानी पत्थर से टकरा रहा है जिससे बांध सुरक्षित हैं हालांकि कुछ जगहों पर बांध रिस रहा है। प्रेमी नगला गांव के जो लोग अपने घरों को छोड़ना नहीं चाह रहे थे वह अब नाव से अपना सामान लेकर बाहर जा रहे हैं। गांव में चार फुट पानी भर चुका है। ग्रामीण अपने घर मकान पहले ही छोड़ चुके हैं। कुछ लोग अब गांव छोड़ रहे हैं। असमिया रफतपुर क्षेत्र में गंगा की धार कटान कर रही है। अब तक सैकड़ों हेक्टेयर जमीन गंगा में समा चुकी है। गंगा के तटवर्ती गांव पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। पानी अधिक होने से चहुंओर हाहाकार मचा हुआ है। राजनीतिक दलों के लोग बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।

### महावा नदी की विनाशलीला शुरू

सहसवान इलाके की महावा नदी विनाशकारी जल प्रलय करने पर आमादा है। नदी का पानी अब पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले रहा है जिससे तहसील प्रशासन भी परेशान है। इस क्षेत्र के गांव खादी नगला और वीर सहाय नगला में कुछ भी नहीं बचा है। दोनो गांव पानी में डूब चुके हैं। ग्रामीणों को कई दिन पहले गांव से बाहर निकाला जा चुका है। महावा नदी की विनाशलीला देख कर आस पास के गांव के लोग भी हैरान हैं। नदी का विकराल रूप लोगों को डरा रहा है। बांध के रिसने से दूसरी ओर के गांवों में दहशत है। आसे नगला सहित करीब दर्जन भर गांव बाढ़ से परेशान हैं।

### कछला गंगा के पुल तक पहुंचा पानी

गंगा में हर दिन छोड़ा जा रहा लाखों क्यूसेक पानी कछला गंगा का जलस्तर बढ़ा रहा है। पानी अब कछला गंगा के पुल के करीब तक पहुंच चुका है। पानी की लहरें पुल से टकरा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह गंगा में पानी पहली बार देखने को मिल रहा है। पुल के पास पानी पहुंचने से भारी दहशत है। कछला चौकी की पुलिस पुल पर पहरेदारी कर रही है। पुल के ऊपर से आने जाने वाले वाहनों को पुल पर नहीं रुकने दिया जा रहा है।

### रामगंगा ने मचाई तबाही

रामगंगा नदी ने करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में तबाही मचा दी है। रसूलपुर और हजरत पुर क्षेत्र में रामगंगा के किनारे अब पानी के अतिरिक्त कुछ भी नहीं दिख रहा है। नगरिया खनु बाढ़ से घिर चुका है। इस इलाके में कटान तेजी के साथ हो रहा है। कटान को देख ग्रामीण परेशान हैं। गढ़िया रंगीन को जाने वाली सड़क पर चार फुट पानी भरा हुआ है। अन्य संपर्क मार्ग कट चुके हैं। बाढ़ की विनाशलीला पिछले कई दिनों से जारी है। बाढ़ग्रस्त गांवों में राहत सामग्री का इंतजार किया जा रहा है। कुछ लोगों तक राहत सामग्री पहुंच चुकी है जबकि अधिकांश बाढ़ग्रस्त गांव इंतजार में बैठे हैं।

> अब नरौरा से हर दिन पानी बढ़ता जा रहा है जिससे बाढ़ की स्थिति और बद से बदतर हो रही है। बांधों को भी खतरा है लेकिन अभी तक बांध सुरक्षित हैं। बाढ़ खंड की सभी चौकियों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है जिससे पल पल की जानकारी विभाग को दी जा रही है। जिला प्रशासन को भी बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया जा रहा है।
>
> **–नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

### सेक्स रैकेट में पकड़े दोनों आरोपियों को भेजा जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी में तैनात महिला उपनिरीक्षक रचना देशपाल, राममेहर सिंह और सिपाही सोनिया को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बाईपास मार्ग पर स्थित एक दो मंजिला मकान में कुछ लोग सेक्स रैकेट चल रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस दरवाजा खटखटाते हुए घर के अंदर दाखिल हो गई और कुछ देर बाद ही दो महिलाओं और मकान मालिक समेत दो पुरुष को अंदर से पकड़कर बाहर ले आई। दोनों महिलाओं के चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। आसपास मौजूद लोगों ने जब यह दृश्य देखा तो उन्होंने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। पुलिस ने दो महिला और दो लोग पकड़े गए हैं। मकान मालिक खुद ही अपने मकान में यह रैकेट चलवा रहा था। पुलिस उन्हें पकड़कर कोतवाली ले गई। जिसके बाद कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की। दोनों महिलाओं को कोतवाली से जमानत दे दी।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार बाकी तीन की तलाश

संवाददाता, विजय नगला

- क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का दुष्कर्म करके बनाया था वीडियो

**अमृत विचार :** एक युवक ने किशोरी का अश्लील वीडियो बनाया और धमकी देकर छह महीने तक दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के परिवार के लोगों से शिकायत की। उन्होंने गाली-गलौज कर भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी युवक छह महीने पहले उसे बहला-फुसलाकर ले गया था। उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसका वीडियो भी बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। 25 अगस्त को उसने गांव के बाहर जंगल में बुलाया। मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। मजबूरी में वह जंगल में चली गई। जहां युवक ने उसके धमकाया था। पीड़िता ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया। परिजन शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे। जहां आरोपी के परिजनों ने भगा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी जुगैद, तारिफ, पप्पू और मुख्तयार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने मुख्य आरोपी जुगैद को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाकी तीनों की तलाश में दबिश दी है। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके एक आरोपी को जेल भेजा गया है।

### धार्मिक स्थल में फेंके पत्थर पुलिस जांच जारी

**पीलीभीत, अमृत विचार:** अतिसंवेदनशील श्रेणी में शुमार खमरिया पुल गांव में बारावफात की शाम खुराफात कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। एक धार्मिक स्थल पर पथराव किया गया।सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। पत्थरों को हटवाया गया। मगर , अभी खुराफातियों की जानकारी नहीं लग सकी है।

जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम खमरिया पुल में पूर्व में कई बार दो समुदायों के आमने-सामने आने पर पर्व के मौके पर तनाव के हालात बन चुके हैं। मिश्रित आबादी क्षेत्र होने के साथ ही पुलिस की अतिसंवेदनशील श्रेणी में है। बताते हैं कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे एक धार्मिक स्थल पर कुछ लोगों ने पत्थर फेंके। इसके बाद तनाव के हालात बनने लगे।

## मुकदमाबाजी में की थी युवक की हत्या, 3 गिरफ्तार

संवाददाता, उघैती

- उघैती थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर पीपरी निवासी सुरेश की दो सितंबर को हुई थी हत्या
- मृतक के भाई की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट चार की हो रही तलाश



उघैती पुलिस की गिरफ्त में हत्या के तीन आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चारा काटने के दौरान खेत पर एक युवक के दोनों हाथ तोड़े और पैर में गोली मार दी गई थी। इलाज के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि प्रधान और दूसरे पक्ष में लगातार हो रही मुकदमाबाजी की वजह से उन्होंने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा। बाकी के चार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर पीपरी निवासी सुरेश उर्फ नन्नुकी (47) पुत्र नारायन सिंह दो सितंबर को मंदिर पर पूजा करने के बाद पशुओं के लिए चारा काटने खेत पर गए थे। चारा काटने के दौरान सुबह सात बजे कुछ लोग खेत पर पहुंचे और सुरेश के साथ मारपीट की थी। दोनों हाथ तोड़ दिए थे। जिसके बाद सुरेश के पैर में गोली मार दी थी। मारपीट की सूचना पर सुरेश के भाई शंकर सिंह गांव के अरुण के साथ खेत पर पहुंचे थे। हमलावर हवाई फायर करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कुछ समय के बाद पुलिस पहुंची थी। सुरेश का वीडियो बनाया था। जिसमें उन्होंने चार लोगों पर मारपीट करने और गोली मारने का आरोप लगाया था। घायल ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया था। शंकर सिंह की हत्या करने और षड्यंत्र रचने संबंधी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सतीश चंद्र उर्फ हप्पू, निखिल, सगुन, महेश चौधरी, रोबिन, आर्येंद्र और ब्रजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने तीन आरोपी रोबिन, निखिल और आर्येंद्र को बिसौली-सहसवान मार्ग पर गांव स्वरूपपुर के पास नरैनी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। उनसे घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ग्राम प्रधान और दूसरे पक्ष के बीच विवाद चल रहा है। दोनों तरफ से एक-दूसरे पर 14 मुकदमा भी दर्ज हैं। जिसकी वजह से उन्होंने सुरेश को मारा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार, निरीक्षक अपराध राजवीर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिभान सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, कांस्टेबिल विपिन कुमार, अरविंद, सुशील कुमार व आशीष कुमार रहे।

## अलंकरण समारोह: अरनव हेड ब्यॉय और तनु बनीं हेडगर्ल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज स्थित ब्लूमिंगडेल स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। अलग-अलग कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को एक साल के छात्र संसद के गठन में बैज लगाकर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य ने कार्यकारणी की घोषणा की। कहा कि मनोनीत पदाधिकारी अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निवर्हन पूरी निष्ठा से करेंगे। कक्षा 12 के छात्र अरनव दीप गुप्ता को हेड ब्यॉय और तनु गुप्ता को हेड गर्ल मनोनीत किया गया।



स्कूल में अलंकरण समारोह के दौरान शपथ लेते कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- कार्यक्रम का आरंभ स्कूल अध्यक्ष पम्मी मेहंदीरत्ता ने किया

कार्यक्रम का आरंभ स्कूल की अध्यक्ष पम्मी मेहंदीरत्ता ने दीप प्रज्जवलित करके किया। छात्र संसद में कक्षा 11 के विमर्श श्रोत्रिय को डिप्टी हेड बॉय, वर्षा को डिप्टी हेड गर्ल बनाया गया। वैभव विक्रम सिंह एवं हिमांशी राघव को अनुशासन प्रमुख का दायित्व दिया गया। आदित्य शर्मा और सौन्दर्या ठाकुर को क्रीड़ा प्रमुख, काव्या सक्सेना को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख, ऋृचा तोमर, नूरुल खान को उनका सहयोगी बनाया गया। ईको क्लब हेड की जिम्मेदारी कनक सिंह को सौंपी गई। सदस्य के रूप में आरोही गुप्ता एवं अदिति पाराशर को रखा गया। इसके अलावा ब्लू, रेड, ग्रीन तथा येलो हाउस के प्रमुख भी मनोनीत किगए गए।

सीबीएसई में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शपथ ग्रहण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन अध्यापिका ऋृचा सिंह व शिल्पी चटवाल ने संयुक्त रूप से किया। स्कूल निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता व श्वेता मेहंदीरत्ता ने बधाई दी। दुर्गेश झा, कीर्ति शर्मा, मीनाक्षी यादव का सहयोग रहा।

### ब्रह्मचर्य का पालन करने से नियंत्रित होती है इच्छा शक्ति

**बिल्सी, अमृत विचार :** मोहल्ला संख्या दो स्थित चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मनाए जा रहे 10 दिवसीय पर्युषण पर्व के अंतिम दिन यहां उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के रूप में मनाया गया। यहां सबसे पहले भगवान जिनेंद्र का जलाभिषेक एवं शांतिधारा की गई। प्रवचन कर रहे निखिल जैन ने कहा कि उत्तम ब्रह्मचर्य जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, जो हमें संयमित और आत्मा के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। इसका मतलब कि अपने मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक जीवन में संयमित रहें और इंद्रियों को नियंत्रित करें। उत्तम ब्रह्मचर्य का पालन करने से हम इच्छा शक्ति को नियंत्रित करते हैं और अपने जीवन को आत्मा के विकास के लिए समर्पित करते हैं। यह हमें आत्मा के मार्ग पर चलने में मदद करता है और हमें आत्मा की गहराइयों को समझने का अवसर देता है। इसके बाद नीरेश जैन द्वारा शानदार अंदाज में धर्म बोला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

## घर में घुसकर हमला अस्पताल में भी की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर हमला किया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा तो हमलावरों ने वहां जाकर भी हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता का पति कोर्ट की शरण में गया। कोर्ट के आदेश पर छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव निवासी ब्रह्मचारी व उनकी बेटी पूनम, बेटा अरविंद उनसे किसी बात को लेकर रंजिश मानते हैं। 22 जून को वह आंवला गए थे। पत्नी, गर्भवती पुत्रवधु दरवाजे से ईंटें उठा रही थीं। रंजिश के चलते वह तीनों लोग गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना कर पर झगड़ा करने पर उतारू हो गए। पत्नी व पुत्रवधु घर में चली गईं। आरोपी लाठी-डंडे, असलाह लेकर उनके घर में घुस गए। उनकी पत्नी को बुरी तरह से पीटा। बेटा बचाने आया तो हमलावरों ने उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया। आरोपियों ने व्यक्ति की पत्नी के सोने के कुंडल भी निकाल लिए। सूचना देने पर डायल 112 पुलिस पहुंची। घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए बिसौली सीएचसी भेजा। हमलावर वहां भी पहुंच गए और मारपीट की। अस्पताल में ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से शिकायत करने पर भी कार्रवाई हुई तो वह कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर आरोपी ब्रह्मचारी, अरविंद, पूनम, सतेंद्र, राहुल, सरवन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार:** ग्राम ककराह चौराहे पर सुबह 33 हजार वोल्टेज की लाइन के खंभे में करंट उतर आया और भैंस उसकी चपेट में आ गई। भूपेंद्र ने भैंस 70 हजार रुपये में खरीदी थी। उन्होंने बिजली विभाग से खंभे में करंट आने की शिकायत की थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहसील व पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**

**7906732664, 8445507002**


**सूचना**

मैंने अपने विवाहित पुत्र श्रीपाल के गलत संगत में पड़ जाने के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, उससे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। **पातीराम पुत्र वेनीराम ग्राम अंगदपुर खमरिया थाना भुता फरीदपुर बरेली।**

**सूचना**

मेरे इंडियन बैंक शाखा ओयल के बचत खाता सं. 59021284026 में मेरा नाम मंजू देवी अंकित है जबकि उसी शाखा में दूसरे बचत खाता सं. 806100505 में नाम राम देवी दर्ज है। मैं घोषणा करती हूं उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **मंजू देवी पत्नी महेश नि. ग्रा. डिहुआ, पो. पिपराछीट, जिला- खीरी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नितिन को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **श्याम प्यारी पत्नी राम किशोर निवासी सरकारी स्कूल के पास झील गौंटिया करेली जिला बरेली।**


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


## सहनशीलता एवं धैर्य भगवान श्रीराम के थे विशेष गुण: अयोध्यादास

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के कछला रोड स्थित श्री माहेश्वरी भवन में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथावाचक अयोध्यादास रामायणी ने भगवान राम के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का राजा दशरथ के घर में जन्म हुआ था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, धरती पर असुरों का संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेतायुग में श्रीराम के रूप में अवतार लिया।



भगवान श्री रामके गुणों का वर्णन करते कथावाचक। ● अमृत विचार

- बिल्सी में रामकथा का पांचवां दिन, विधायक ने सुनी श्री रामकथा

श्रीराम रघुकुल की शाश्वत परंपराओं के पोषक एवं संरक्षक थे। चैत्र शुक्ल नवमी प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में विख्यात है। त्रेता युग में श्रीराम ने राक्षसों के आतंक से इस धरती को मुक्त करके सुख, शांति और समृद्धि के राज्य की नींव रखी थी। श्रीराम दृढ़ संकल्प के धनी थे। अपने संपूर्ण जीवन में उन्होंने मनसा, वाचा, कर्मणा जो भी प्रतिज्ञा की, उसे मनोयोग से पूर्ण किया। श्रीराम का पूरा जीवन त्याग, मर्यादा, संयम और धैर्य का परिचायक है। विषम परिस्थितियों में भी वे नीति सम्मत रहे। स्वयं की भावना एवं सुखों से समझौता कर सदा धर्म एवं सत्य का साथ दिया। उन्होंने कहा कि सहनशीलता एवं धैर्य भगवान श्रीराम के विशेष गुण थे। 14 वर्ष वन में संन्यासी की भांति जीवन बिताना उनकी सहनशीलता की पराकाष्ठा है। इस मौके पर दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह, नरेन्द्र गरल, मनोज वार्ष्णेय, लोकेश वार्ष्णेय, विवेक राठी, सुदीप चौहान, नीरज माहेश्वरी, संजीव वार्ष्णेय, दिनेश बाबू वार्ष्णेय, आशीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

### पिकअप से कुचलकर बच्चे की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** गैस सिलेंडर भरी पिकअप ने घर के बाहर खेल रहे पांच साल के बच्चे को कुचल दिया। बच्चे की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़ लिया। पुलिस गांव पहुंची। पिकअप चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

हादसा थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कैथोला में हुआ। गांव निवासी देव सिंह का पांच साल का बेटा शशिकांत अपने घर के दरवाजे के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव निवासी युवक घरेलू गैस सिलेंडर भरी पिकअप लेकर तेज रफ्तार से आया। और बच्चे को कुचल दिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने दौड़कर पिकअप चालक को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय वह मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। परिजन और ग्रामीण बच्चे को चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने बच्चे की मौत की पुष्टि कर दी।

## अभय हेड बॉय और वंशिका बनीं हेड गर्ल



बैज व सेस के साथ खड़े चुने गए छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- स्कूल में किया गया विद्यार्थी संसद का गठन

**अमृत विचार :** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को छात्र संसद का गठन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, दीपांशु गुप्ता, एच.ओ.डी. रितु गुप्ता तथा प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात चुने गए नवनियुक्त विद्यार्थी परिषद सदस्यों को बैज एवं सेस पहन कर उनकी जिम्मेदारियों का पदभार सौंपा गया । अपने कर्तव्यों और मूल्यों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गयी ।

विद्यार्थी संसद में अभय दीक्षित को हेड बॉय, वंशिका माहेश्वरी को हेड गर्ल बनाया गया। विभू माहेश्वरी को वाइस हेड बॉय और अंशिका माहेश्वरी को वाइस हेड गर्ल बनाया गया। गौरव तिवारी, प्रिंस राज गुप्ता, शिव प्रताप, आर्यन बाबू, कार्तिक वार्ष्णेय, अलावा खान, प्रियांशी यादव, दनाक्षी माहेश्वरी, धैर्य वार्ष्णेय, नील नमन वार्ष्णेय को अनुशासन इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई। डायरेक्टर दीपांशु गुप्ता एवं एचओडी रितु गुप्ता ने कहा कि छात्र संसद गठन से बच्चों में अनुशासन, आत्मबल और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। उन्होंने कहा कि अनुशासन से ही राष्ट्र उन्नति कर सकता है। बच्चों को विद्यालय स्तर से ही अनुशासन में रहना चाहिए। अनुशासन में रहकर बच्चा बड़े से बड़े पद पर जा सकता है। प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यालय का नाम रोशन करने में विद्यार्थियों का मुख्य योगदान है। लगन व मेहनत के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### शराब पीकर पहुंचा कर्मचारी, निलंबित

बरेली, अमृत विचार : बिजली कर्मचारी शराब के नशे में शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में पहुंच गया। अधिशासी अभियंता ने कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। एचआर टीम में शामिल कर्मचारी सुनील कुमार 4 सितंबर को शराब के नशे में रामपुर गार्डन स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में शराब के नशे में पहुंच गया। शराब की गंध आने पर अधीक्षण अभियंता ने कर्मचारी को फटकार लगाकर भगा दिया। उसके बाद मामला अधिशासी अभियंता रामलाल के पास पहुंचा तो उन्होंने कर्मचारी सुनील कुमार को निलंबित कर सहायक अभियंता प्रथम कार्यालय से संबद्ध किया है।

### तस्कर गिरफ्तार, 22 ग्राम स्मैक बरामद

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना पुलिस ने 22 ग्राम स्मैक के साथ सूफी टोला निवासी सोनू अंसारी को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पुलिस टीम शुक्रवार की देर रात गश्त करते हुए सेटेलाइट चौराहे पर पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# प्रसूता के पेट में गंदा कपड़ा छोड़ने पर ए वन अस्पताल किया सील

## ऑपरेशन के बाद गंदा कपड़ा छोड़ने से महिला की तबीयत हो गई थी खराब

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा



अस्पताल में सील की कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

- जनता दर्शन में शिकायत के बाद डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर की कार्रवाई

> डीएम के आदेश पर मरीज के इलाज में घोर लापरवाही बरतने पर ए वन हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है। वहीं संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई है। - **डॉ. लईक अहमद अंसारी,** डिप्टी सीएमओ

**अमृत विचारः** भोजीपुरा के ए वन अस्पताल में गर्भवती महिला के प्रसव के दौरान स्टाफ ने घोर लापरवाही की। महिला के परिजनों ने शनिवार को जनता दर्शन में डीएम अविनाश सिंह से शिकायत की। डीएम के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल को सील कर दिया। वहीं संचालक को नोटिस जारी कर दो सदस्यी जांच टीम गठित की गई है। इस मामले में एडीजी के आदेश पर एक महीने पहले ही अस्पताल संचालकों पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

डीएम शनिवार की सुबह कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन में सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान भोजीपुरा के दहिया गांव निवासी ताहिर खान पुत्र लियाकत खान ने शिकायत कर बताया कि पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर भोजीपुरा स्थित नैनीताल हाईवे पर ए वन अस्पताल में 3 जून को भर्ती कराया था। जांच के बाद डॉक्टर ने सिजेरियन किया। इस दौरान नवजात की मौत हो गई और पांच दिनों तक पत्नी अपने हॉस्पिटल में भर्ती रखने के बाद डिस्चार्ज कर दिया। पत्नी को लेकर जब घर आ गए तो अगले ही दिन से टांकों से पस और यूरिन मार्ग से ब्लड आने लगा। जब दोबारा पत्नी को अस्पताल में दिखाया तो निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर अलग-अलग जांच कराने पर पता चला कि ऑपरेशन होने के बाद गोचपीच (ब्लड सफाई का कपड़ा) लापरवाही के चलते मरीज के पेट में ही छोड़ दिया गया, जिससे गर्भाशय में गंभीर संक्रमण फैल गया। जब पीड़ित ने लापरवाही की शिकायत ए वन हॉस्पिटल के मालिक शहवाज से की तो उन्होंने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों का नाम नहीं बताया और जमकर अभद्रता भी की। इसके बाद पत्नी का इलाज बीसलपुर रोड स्थित अन्य निजी अस्पताल में कराया। जहां गर्भाशय में गंभीर संक्रमण फैलने के कारण डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर गर्भाशय निकालने के साथ ही गोचपीच (ब्लड सफाई का कपड़ा) पेट से निकाला। मामले की गंभीरता समझते हुए डीएम अविनाश कुमार के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी ने अस्पताल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने के साथ ही अस्पताल को सील कर दिया। मामले की जांच के लिए डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी और डॉ. शैब्या प्रसाद की टीम गठित की है। अस्पताल को सील करते समय पीड़ित महिला का ससुर लियाकत खां आ गया और बोला डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तब उसके दिल को सुकून मिलेगा। इस मामले में पीड़िता के पति की शिकायत पर एडीजी रमित शर्मा के आदेश पर भोजीपुरा पुलिस ने ए वन हास्पिटल के मालिक और डॉक्टर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

# फल विक्रेता की गर्दन और हड्डी तोड़कर की गई थी हत्या

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा मुखबिरी के शक में की गई थी हत्या, आरोपियों की तलाश

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में स्मैक तस्करी की मुखबिरी के शक में फल विक्रेता भूरे की हत्या बहुत ही बेरहमी से की गई थी थी। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्दन और रीढ़ की हड्डी टूटने से मौत होने की पुष्टि हुई है। उधर दोनों हत्यारोपी घर से फरार हैं। दोनों पर स्मैक तस्करी समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

गांव तिलियापुर निवासी अजीम ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पिता भूरे (58) को गुरुवार शाम 5 बजे के करीब उसके गांव के ही इमरान और वसीम घर से बुलाकर ले गए। उसके बाद तिलियापुर और परधौली गांव के बीच ले जा कर उनकी बेरहमी से पिटाई की। उन्हें दोनों मरणासन्न हालात में एक प्लॉट में फेंककर फरार हो गए। रात करीब 8 बजे खुशबुद्दीन का फोन आया कि उसके पिता तिलियापुर और परधौली के बीच प्रधान के प्लॉट पर मरणासन्न हालत में पड़े हैं। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंचा। आरोप है कि इमरान और वसीम ने स्मैक तस्करी की पुलिस मुखबिरी के शक में उसके पिता की हत्या की है।उधर मौत से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। उसके बाद थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी शुरू में एनसीआर तक दर्ज करने से बचते रहे। अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। जबकि इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**विवादों से पुराना नाता, 52 दिन में हुए थे लाइन हाजिर :** शाहजहांपुर के सदर थाने में तैनाती के दौरान थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल फरियादियों की बात न सुनने और मामूली विवादों में रुचि न लेने के आरोप में 52 दिन में ही लाइन हाजिर दिए गए थे। 2 दिसंबर को ओसीएफ के रामलीला मैदान पर आयुष गुप्ता हत्याकांड में तत्कालीन एसपी ने सदर इंस्पेक्टर रवींद्र सिंह को हटाकर एएचटीयू से सुरेंद्र पाल सिंह को थाने की कमान सौंपी थी ।

# ऑनलाइन रिव्यू का झांसा देकर छात्र से 24 लाख की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक छात्र को साइबर ठगों ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर छोटे-छोटे टास्क के बहाने लालच देकर कई बार में 24 लाख रुपये का चूना लगा दिया। ठगी का एहसास होने पर छात्र ने साइबर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्र के पिता एक शराब कारोबारी के यहां नौकरी करते हैं। पुलिस जिन खातों में रुपये गए हैं, उन्हें आधार बना कर जांच कर रही है।

बन्नूवाल नगर निवासी तन्मय कपूर एक विश्वविद्यालय का छात्र है। आरोप है कि 10 जुलाई को 11 बजे उसके व्हाट्सएप पर मेसेज आया, जिसमें उसे कैफे और होटल का रिव्यू करने के लिए टॉस्क दिया गया। शुरुआत में उसे 150 रुपये और 2,800 रुपये के छोटे-छोटे रिव्यू टास्क के रुपये दिए गए। उसके बाद वह लालच में आ गया और फिर ठगों ने धीरे-धीरे बड़े टास्क का झांसा देकर लगातार रुपये भेजने को कहा। इसके बाद छात्र ने बैंक के खातों से ठगों को कुल 24 लाख रुपये भेज दिए। ठग रिस्टोरेशन टास्क, क्रिप्टो टैक्स और रिजर्व बैंक में फंसे रुपये का बहाना बनाकर लगातार रुपये डलवाते रहे। जब छात्र ने रुपये वापस लेने की कोशिश की, तो ठगों ने बहाने बनाए।

# चिकित्सकों, छात्रों से आयुर्वेद को सर्वसुलभ बनाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



संबोधित करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मंचासीन विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल।

- विश्व आयुर्वेद परिषद व रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की ओर से चिकित्सा गुरुकुलम कार्यशाला का आयोजन
- झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने की कार्यक्रम की शुरूआत

**अमृत विचार :** विश्व आयुर्वेद परिषद व रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की ओर से शनिवार को पंचकर्म एवं क्षारसूत्र विषय पर रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय चिकित्सा गुरुकुलम कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

संतोष गंगवार ने चिकित्सकों, शिक्षकों व छात्रों से आयुर्वेद को सर्वसुलभ, आधुनिक व अनुसंधान योग्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने झारखंड में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार एवं अनुसंधान के लिए ठोस कदम उठाने का भी आश्वासन दिया। कहा कि कार्यशाला से आयुर्वेदिक के चिकित्सकों, छात्रों व शोधार्थियों को असल वातावरण में चिकित्सकीय पद्धतियों का अभ्यास करने का अवसर मिलेगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद की ही देन है। सर्जरी के दाता सुश्रुत हैं, जिससे सिद्ध है कि आयुर्वेद की चिकित्सा पद्धति कितनी प्राचीन है। पहले की तुलना में आयुर्वेद के प्रति लोगों का विश्वास बहुत बढ़ा है। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने कहा कि समय आ गया है कि विश्व में भारत की पहचान फिर से आयुर्वेदिक चिकित्सा बने। उन्होंने आने वाले दो सालों में योग व नेचुरोपैथी संस्थान स्थापित करने की घोषणा की। उप कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल ने आयुर्वेद को जीवन का विज्ञान बताते हुए इसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

विश्व आयुर्वेद परिषद के संगठन मंत्री प्रो. योगेश चंद्र मिश्र ने परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी। जिला महामंत्री डॉ. अनिमेश मोहन ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सकों के चिकित्सकीय उत्थान और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए उच्चस्तरीय प्रशिक्षण की आवश्यकता है। चिकित्सा गुरुकुलम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक प्रयास है। उन्होंने यह कहा कि कार्यक्रम को भारत सरकार की स्वीकृति प्राप्त होना, इस आयोजन को अतिरिक्त प्रामाणिकता और महत्व प्रदान करता है। इस मौके पर आयुर्वेद पर पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

डॉ. आकांक्षा, रोहिलखंड आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय से प्रशासनिक निदेशक डॉ. विशाल अग्रवाल, प्रो. एचएस राय, प्राचार्य वैद्य राकेश कुमार तिवारी, प्रो. एसके साहू, प्रो. शिवज्योति, प्रो. अखिन्ना, डॉ. अभय प्रकाश, डॉ. प्रगति गुप्ता, विश्व आयुर्वेद परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरज आदि उपस्थित रहे।

### आधुनिक जीवनशैली से उपजी चुनौतियों के समाधान पर की बात

वैज्ञानिक सत्र में प्रो. डीके द्विवेदी ने भगंदर में क्षारसूत्र चिकित्सा पर विस्तार से व्याख्यान दिया। प्रसिद्ध एनोरेक्टल सर्जन डॉ. लालता प्रसाद ने अर्श रोग के प्रबंधन पर विचार रखे। विश्वप्रसिद्ध पंचकर्म विशेषज्ञ प्रो. यूएस निगम (मुंबई) ने अपने अनुभव साझा करते हुए आधुनिक जीवनशैली से उपजी चुनौतियों के समाधान में पंचकर्म चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# तेंदुआ के हमले में लखीमपुर की बच्ची की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



गुड़िया फाइल फोटो

**अमृत विचारः** नगीना देहात थाना क्षेत्र में तेंदुआ ने 10 साल की बच्ची पर हमला कर उसकी जान ले ली।

मूल रूप से लखीमपुर निवासी प्रेम अपने परिवार के साथ तीन साल से कान्हेड़ा गांव में रह रहा है। वह अमनदीप सिंह के डेरे पर पशुओं की देखभाल और खेती-बाड़ी करता है। उसकी बड़ी बेटी गुड़िया (10) कक्षा 3 की छात्रा थी। शुक्रवार रात करीब 8 बजे वह दुकान पर दूध लेने गई थी। लौटते वक्त झाड़ियों से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और जबड़ों में गर्दन दबोचकर जंगल की ओर ले गया।

बच्ची की चीख सुनकर पिता और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े। तेंदुआ बच्ची को खेत में छोड़कर भाग गया। गुड़िया को परिजन तुरंत सीएचसी नगीना ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, तेंदुए ने बच्ची की गर्दन तोड़ दी थी, साथ ही कंधे और चेहरे पर गहरे दांतों के निशान थे। सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। जगह-जगह ट्रैप कैमरे भी फिट किए गए हैं।

# धार्मिक धरोहरों का पुनर्निर्माण कर नाथ कॉरिडोर को बनाएगा टूरिज्म का हब

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्राचीन धोपेश्वर नाथ मंदिर में निर्माण कार्यों के लिए भूमि पूजन करते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल। साथ में हैं कैंटोनमेंट बोर्ड की सीईओ डॉ तनु जैन आदि।

- धोपेश्वरनाथ मंदिर में विभिन्न निर्माण कार्यों का कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया पूजन

**अमृत विचारः** नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत नाथ मंदिरों में होने वाले निर्माण कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। प्राचीन तपेश्वरनाथ, त्रिवटीनाथ मंदिर के बाद शनिवार को धोपेश्वरनाथ मंदिर में विभिन्न निर्माण कार्यों का कैंट विधायक एवं भाजपा के सह प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने भूमि पूजन किया।

मंदिर परिसर में कार्यक्रम में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि नाथ कॉरिडोर की जो सौगात बरेलियंस को दी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। नाथ कॉरिडोर शहर की धार्मिक धरोहरों का पुनर्निर्माण कर भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान कर बरेली को टूरिज्म का हब बनाएगा। बरेलीवासियों की आय के साधन बढ़ेंगे और रोजगार मिलेगा। साथ ही लोग आत्मनिर्भर बनेंगे।

पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कैंट विधायक ने विधि मंत्रों के साथ पूजन किया। भूमि पूजन में कैंटोनमेंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर सभी प्राचीन धार्मिक पौराणिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और सर्वांगीण विकास सांस्कृतिक एवं पर्यटन विभाग करा रहा है। सांस्कृतिक एवं पर्यटन विभाग के अजीत अग्रवाल ने विधायक संजीव अग्रवाल व कैंट सीईओ डॉ. तनु जैन का अभिनंदन किया। इस मौके पर केएल गेरा, शशिकांत जायसवाल, मीता सती, पुष्पेंदु शर्मा, राज बहादुर सक्सेना, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, संजीव वाल्मीकि, प्रेम नारायण केसरवानी, विकास जायसवाल, संजीव सिंह चौहान, डॉ त्रिलोकी, प्रदीप गुप्ता, जतिन भाटिया, राज कुमार, घनश्याम जोशी, शिवानंद गिरि, अमित गोस्वामी, हरीश उपाध्याय, डॉ. गौरव गंगवार आदि क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी लाइट मिस्त्री राशिद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का डीएनए सैंपल लेकर पुलिस ने जांच को भेजा। पुलिस ने उसे शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

दुष्कर्म पीड़िता ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में मृत नवजात को जन्म दिया। पुलिस ने बच्चे का डीएनए सैंपल सुरक्षित कराकर जांच के लिए भेजा। अब डीएनए रिपोर्ट को आरोपी के सैंपल से मिलान किया जाएगा। आरोपी राशिद 40 साल का शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर दुष्कर्म करता रहा। इससे किशोरी गर्भवती हो गई। बृहस्पतिवार को किशोरी के पेट में दर्द उठा तो एक निजी अस्पताल में उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया।

# प्रेम को बनाने के लिए लोग करते हैं शांत समझौते

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली नाटक महोत्सव के छठे दिन श्रीराम सेन्टर नई दिल्ली की प्रस्तुति स्टक का मंचन

**अमृत विचार :** अस्तिता फाउन्डेशन ड्रामा ड्रॉपआउट्स और वेग्माइन सिटी मॉल प्रभावे ऑडिटोरियम अर्बन हाट में शनिवार को छठे दिन बरेली नाट्य महोत्सव के तहत स्टक नाटक का मंचन किया गया।

स्टक प्रेम विश्वासघात और सच-झूठ की धुंधली रेखा पर आधारित एक कच्चा, मनोवैज्ञानिक हास्य नाटक है, जिसकी शुरुआत उत्तराखंड की एक ट्रेक के दौरान होती है, जहां दो विवाहित जोड़े विक्रम व लीला और पार्थ व आरोही को एक स्थानीय दंपती देवराज और सुनीता मार्गदर्शन करते हैं। जब अचानक आई बर्फीली आंधी उन्हें पहाड़ पर फंसा देती है, तो जीवित रहने की जद्दोजहद, भावनात्मक विघटन में बदल जाती है। दबे हुए राज सतह पर आने लगते हैं। लीला, विक्रम को पार्थ की बेवफाई के बारे में बता देती है जो न केवल पार्थ के आरोही से धोखे को उजागर करता है, बल्कि दोनों जोड़ों के नाजुक विश्वास को भी हिला देता है। यह खुलासा वफादारी, प्रेम और ईमानदारी की नैतिक सीमाओं पर गहरे सवाल खड़े करता है। इसी बीच देवराज का शांत, जटिल विवाह जिसमें सुनीता जानबूझकर उसके अफेयर के साथ जीती है। यह दर्शाता है कि लोग प्रेम को बनाए रखने के लिए कैसे शांत समझौते करते हैं।इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।


**कम्पोज़िट उच्च प्राथमिक विद्यालय कोहाड़ापीर नगर क्षेत्र बरेली**

पत्रांक : एस.एस.ए./131-C/2025-26 दिनांक : 04.08.2025

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक-एस.एम.सी. निर्माण/2886-94/2024-25 दिनांक 26.9.2024 के अनुपालन में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कोहाड़ापीर नगर क्षेत्र बरेली के एक जर्जर कमरा, किचन व शौचालय की नीलामी 09 सितम्बर, 10 सितम्बर, 13 सितम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे कम्पोजिट उच्च प्रा. वि. के प्रांगण में की जायेगी। नीलामी की शेष शर्तें व नियम विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी के समय बोलीदाता को जमा राशि के साथ अपना मूल आधार लाना अनिवार्य है। नीलामी स्वीकृत होने पर 25% की धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि तीन दिन के अन्दर विद्यालय के SMC खाते में जमा करनी होगी।

**मो0 ताहिर अकबर (सचिव)** **सुनील कुमार (अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति कम्पोजिट उच्च प्रा.वि. कोहाड़ापीर नगर क्षेत्र बरेली। मो. 9997414808**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भगवतीपुर वि.खं. बिथरी चैनपुर बरेली**

**निविदा सूचना**

सभी अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में ग्राम निधि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की ईट सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईट की रोड़ी आदि सामग्री की सीलबंद निविदाएं दिनांक 10.09.2025 को दोपहर 12 बजे तक पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबंद निविदाएं निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 10.09.2025 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाली कार्यो का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | कमुआ खुर्द में मेन रोड से हैण्ड पम्प के सामने कालीचरन की जगह तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 315814 |
| 2. | भगवतीपुर में मेवाराम के घर से मूलचंद्र मास्टर साहब के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 237217 |

किसी भी समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्ध्णित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

**प्रीति देवी-ग्राम प्रधान** **चन्द्रभान सिंह-सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रजपुरी नवादा वि.खं. बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में ग्राम निधि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की ईट सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईट की रोड़ी आदि सामग्री की सीलबंद निविदाएं दिनांक 10.09.2025 को दोपहर 12 बजे तक पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबंद निविदाएं निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 10.09.2025 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाली कार्यो का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | अम्लोनीपुर में सत्यपाल के घर से जूनियर स्कूल तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 331342 |
| 2. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कि मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य | 250000 |
| 3. | मैकू के घर से नरेश पाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 107930 |
| 4. | गुड्डू के घर से रंजीत के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 100517 |
| 5. | नगीरामपुर मार्ग से वीरपाल के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 165000 |
| 6. | बढ़ैपुरा में जाटव बस्ती में सीसी निर्माण कार्य | 350000 |

किसी भी समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्ध्णित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

**माया देवी-ग्राम प्रधान** **चन्द्रभान सिंह-सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुगर्रा, विकास खंड उसावां, जनपद बदायूं**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुगर्रा, विकास खंड उसावां, जनपद बदायूं में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण इंटरलॉकिंग कार्यो के लिए सीलबंद निविदाएं निविदा प्रकाशन की तिथि 07-09-2025 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं 08-09-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। इंटरलॉकिंग के कार्य की दूरी 900 मीटर और लागत लगभग 15 लाख रुपये है।

| क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | अवधेश के घर से देवस्थान तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। |
| 2 | खेमकरन के घर से ओमवीर के घर तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। |
| 3 | महावीर के घर से हवलदार के खेत तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। |
| 4 | मुगर्रा के मजरा गांव मिर्जापुर बसंत में योगेश के घर से साधु राम के घर तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। |
| 5 | रामसेवक के घर से सीताराम के घर तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। |

**मुनीश कुमार, प्रधान** **अक्षय कुमार, सचिव**

**ग्राम पंचायत मुड़िया भीकमपुर वि.खं. नवाबगंज जिला बरेली**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुड़िया भीकमपुर विकास खण्ड नवाबगंज बरेली में वित्तीय वर्ष 2025-2026 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य पर निर्माण सामग्री जैसे ईट, रोड़ा, बजरफुट, बजरी, रेता महीन, सरिया पन्नी, सीमेन्ट, गिट्टी, वार्डवरेटर व मिक्सर आदि जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक ......... से दिनांक ............. को दोपहर 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसको दिनांक .......... ........ को अपरान्ह 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | देवदत्त के घर से लोकेश के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | 175 मी. | 6600000/- |
| 2. | ऋषिकेश के घर से होली तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | 140 मी. | 570000/- |
| 3. | गोपाल के घर से बाबूराम के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | 90 मी. | 400000/- |

**प्रधान** **सचिव**

**बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., बीसलपुर (पीलीभीत)**

पत्रांक: 1131 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 06.09.2025

इस मिल समित में वर्ष 2025-26 में अनुभवी पार्टियों से मिल के छः गन्ना क्रय केन्द्रों से गन्ना परिवहन कार्य, बी.बी.एल. मेक 150 एच.पी. नई मोटर की आपूर्ति, डी.जी. सेट हेु नये रेडियेटर की आपूर्ति, व्यायलर हेु स्टीम बाल्ब की आपूर्ति, 540 एचपी मोटर हेतु रजिस्ट्रेशन की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य, रोटेक मेक नये एयर कम्प्रेशर की आपूर्ति हेतु दिनांक 16.09.2025 तक विभिन्न फैब्रीकेशन व इरेक्शन कार्य, मिल के विभिन्न संयत्रों पर लैगिंग/एल्यूमीनियम क्लैंडिंग कार्य, रिये पर मोटर कीा आपूर्ति हेु दिनांक 17.09.2025 तक ई.टी.पी. एवं स्प्रे पौण्ड का साइंटिफिक ऑपरेशन कार्य, वाहय गन्ना क्रय केन्द्रों पर सिविल फाउण्डेशन का निर्माण कार्य, क्रेम फीडिंग कार्य (पटला), बैगास फीडिंग/ हैण्डलिंग कार्य एवं तीनों व्यायलरों के फर्नेस, चैम्बर एवं वैट स्कवर के ऐश पौण्ड में एकत्रित राखी को हटाने संबंधी कार्य हेतु दिनांक 18.09.2025 तक शुगर गोदाम संबंधी कार्य, ड्रायर हाउस सम्बन्धी कार्य, पानीपत से सल्फर ट्रांसपोर्टेशन कार्य एवं N.V.R. एवं H.D.D. को आपूर्ति दिनांक 19.09.2025 तक गेजेज की आपूर्ति कार्य, इनसटूमेन्ट की ए.एम.सी. कार्य, बर्जर मैक इण्डस्ट्रियल पेन्ट की आपूर्ति एवं सिलाई मशीन के स्पेयर्स की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.09.2025 तक सत्र 2023-24 की 3900 कु. ब्राउन शुगर बिक्री कार्य, सत्र 2024-25 की 3700 कु. ब्राउन शुगर बिक्री कार्य एवं प्रेसमड (मैली) बिक्री कार्य हेतु दिनांक 22.09.2025 तक ई-निविदायें निर्धारित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है। यदि आवश्यक हुआ तो एल-1/एच-1 बिडर्स से निगोसियेशन किया जा सकता है। अधोहस्ताक्ष्ज्ञरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता**
**प्रधान प्रबन्धक**



जे न मित्र दुख होहिं दुखारी। तिन्हहि बिलोकत पातक भारी॥
निज दुख गिरि सम रज करि जाना। मित्रक दुख रज मेरु समाना॥

रामचरित मानस में भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता के संदर्भ में यह चौपाई बताती है कि मित्रता निभाने वाले की भगवान भी सहायता करते हैं। जो लोग दूसरों के दुख को देखकर दुखी नहीं होते और उनकी मदद नहीं करते, ऐसे लोगों को देखने से भी पाप लग जाता है। जो अपने दुख भूलकर दूसरों की सहायता करते हैं, ईश्वर स्वयं उसकी मदद करते हैं।



# वृक्षों की सांस्कृतिक अवधारणा और सुप्रीम कोर्ट की चिंता

सर्वोच्च न्यायालय ने पेड़ों की अवैध कटान पर तीखी टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने कहा, "प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पेड़ों की अवैध कटान हुई है।" कोर्ट ने केंद्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब राज्यों से तीन हफ्तों में जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा है, "पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई दिखाई पड़ती है।" कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, "वह इसकी जांच करें। इसके लिए जो कुछ भी जरूरी हो, किया जाना चाहिए।"

पेड़ कटानों का परिणाम देश के लिए घातक होता है। वृक्षों से वर्षा होती है। कटान से ऋतु चक्र गड़बड़ाता है। विश्व बैंक की 'दक्षिण एशियाई हॉटस्पॉट-तापमान के प्रभाव और जीवन स्तर का परिवर्तन' शीर्षक से रिपोर्ट आई थी। रिपोर्ट में अनुमान किया गया था कि सन् 2050 तक भारत की जीडीपी 28 प्रतिशत तक घट सकती है। अन्य तमाम संस्थाओं ने भी जलवायु परिवर्तन से भारत को खतरा बताया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में वृक्ष और वनस्पतियां पृथ्वी परिवार के अंग हैं। हम उन पर आश्रित हैं। पेड़-पौधों में भी जीवन होता है। हमारे और वृक्ष-वनस्पतियों के बीच परस्परावलंबन है। वे सभी ऋतु चक्र को प्रभावित करते हैं। पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। इसी अव्यवस्था के चलते उत्तराखंड सहित देश के अन्य राज्यों में भूस्खलन, बादल फटने की घटनाएं भी चिंता का विषय हैं। तूफान और बाढ़ आती है। भारत की अधिकांश नदियां जलहीन हो रही हैं। ऋतु परिवर्तन का चक्र गड़बड़ा गया है। इसका असर पशु-पक्षियों पर भी पड़ा है।

सन् 2000 में पेरिस में 'अर्थ कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। ऐसी बैठकें लगातार होती रहीं। 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। पर्यावरण इन लक्ष्यों में खासा महत्व रखता है। भारत ने टिकाऊ विकास के लक्ष्यों पर बढ़-चढ़कर काम किया है। पेट्रोल-डीजल का उपयोग घटाने के प्रयास हुए हैं। विद्युत चालित वाहन बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी ठोस परिणाम नहीं आए हैं। सभ्यता के विकास में शुरुआत में पेड़-पौधे ही हमारे संरक्षक और विधाता थे। हम उनको प्रणाम करते थे। पानी देते थे। वैदिक काल से ही पेड़-पौधों को प्रेम करने वाली संस्कृति प्रवाहमान है। वैदिक काल के बाद का चरण हड़प्पा सभ्यता है। यह खूबसूरत नगरीय सभ्यता थी। आजादी के बाद में नगरों-महानगरों का अराजक विकास हुआ। नगर क्षेत्र विस्तार की नीति पेड़-पौधों को आत्मीय समझने वाली होनी चाहिए।

> पद्म पुराण में वृक्षारोपण का फल बताया गया है। पीपल का पेड़ लगाने से रोग नाश होता है और धन मिलता है। पाकड़ का पेड़ लगाने से यज्ञ का फल मिलता है। नीम का पेड़ लगाने से सूर्य देवता की कृपा हम पर बरसती है। इसी तरह बेल का पेड़ लगाने से शिव प्रसन्न होते हैं। कोई भी पेड़ लगाने से वातायन में सकारात्मक परिवर्तन होता है। पीपल, बरगद तो पूजनीय हैं ही। यजुर्वेद के शांति मंत्र में औषधियों-वनस्पतियों के शांत रहने की प्रार्थना है- "पृथ्वी शांत हों, अंतरिक्ष शांत हों, वनस्पतियां औषधियां शांत हों।"

हम भारत के लोग वनस्पतियों में देवता देखते रहे हैं। लोक मान्यता में प्रत्येक पेड़ का एक देवता होता है। विष्णु पीपल के देवता हैं। बरगद के देवता शिव व सोम के चंद्रमा हैं। अशोक के देवता इंद्र और आदित्य हैं। आंवला के देवता विष्णु हैं। महाभारत में कथा है। कृष्ण ने एक बार पृथ्वी की पूजा की। वे समाधिष्ट हो गए। पृथ्वी स्त्री वेश में कृष्ण के सामने पहुंचीं। कृष्ण ने पृथ्वी से अभिलाषा की, "मां आप कैसे प्रसन्न होती हैं?" पृथ्वी ने कहा, "सभी जीवों को प्यार करो। पेड़-पौधों को संरक्षण दो। प्रतिदिन भोजन का एक हिस्सा अलग रख लिया करो। जीव आएंगे और प्रसन्न होंगे।"

वृक्षों और वनस्पतियों को भी प्रेम की प्यास रहती है। पृथ्वी पर पेड़-पौधों की उपस्थिति एक असाधारण संरचना है। लाखों जीव और वनस्पतियां पृथ्वी में हैं। मैकडनल ने वैदिक माइथॉलजी में खूबसूरत टिप्पणी की है। ऋग्वेद के अनुसार वह वन वृक्षों का आधार हैं। वही वर्षा कराती हैं। अथर्ववेद में पृथ्वी सूक्त है। इस सूक्त में कहा गया है, "यह वनस्पतियों का आधार है। पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध वनस्पतियों में है।" पृथ्वी संसार की धारक है।

पूर्वजों का ध्यान वनस्पतियों पर था। ऋग्वेद में वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद के एक सूक्त (1.34) में ऋषियों के वनस्पति प्रेम की झांकी है। अथर्वा के सामने एक लता है। लता से कहते हैं, "आप मधुरता के साथ पैदा हुई हैं।" फिर कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" समूचे वैदिक वांग्मय में वनस्पतियां छाई हुई हैं। ऋषियों ने सोम को देवता बताया है। सोम को वनस्पतियों का राजा भी कहा गया है। (ऋग्वेद 9.114.2) सोम एक वनस्पति थी। इससे रस निकाला जाता था। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय थी। उनकी मान्यता थी कि सोम का रस पीने से अमृत्व मिल जाता है। वनस्पतियां कई तरह की हैं।




हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश


पेड़ों की कटान की तरफ सर्वोच्च न्यायालय ने देश का ध्यानाकर्षण किया है। यह बहुत उचित है। यह भारतीय जन-गण-मन का ध्यान खींचने वाला है। विकास की अंधी दौड़ में हमारी अस्मिता समाप्तप्राय हो रही है। प्राचीन संस्कृति के अनेक अवशेष आज भी हम सब का ध्यान परंपरा की ओर आकर्षित करते हैं। कोई व्यक्ति अपने फार्म हाउस में एक छोटा सा बगीचा बनाता है। उसका नाम पंचवटी रखता है। पंचवटी श्रीराम का विश्राम स्थल थी। वाल्मीकि ने रामायण में बताया है, "श्रीराम अयोध्या से पैदल चलकर प्रयागराज पहुंचे थे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर ऋषि भारद्वाज का आश्रम था। उन्होंने श्रीराम को आते देखा। वंदना की। उस समय आश्रम के सारे पेड़ पौधे नाच रहे थे।"

अथर्ववेद के ऋषि ने देवताओं से अपने लिए घर मांगा। लगे हाथ संभावित घर का नक्शा भी बना दिया। ऋषि कहते हैं कि हमें ऐसा घर दो, जिसमें गाएं अपने बछड़े के साथ घूम भी सकें और वनस्पतियों-औषधियों के पौधे भी घर की शोभा बढ़ाएं।

बीते 30-35 वर्ष में वृक्षारोपण का काम सरकारों द्वारा किया गया है। पेड़ लगाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल प्रशंसनीय रही है। मोदी सरकार ने 'मिशन लाइफ', स्वच्छ भारत अभियान, नमामि गंगे परियोजना और राष्ट्रीय वन महोत्सव जैसी योजनाओं से पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है। पर्यावरणीय नीति 'कैमपा' के माध्यम से राज्यों को हजारों करोड़ रुपये पेड़ लगाने के लिए दिए गए। योगी आदित्यनाथ ने 2017 से रिकॉर्ड वृक्षारोपण महाअभियान चलाया। 2022 में एक ही दिन में लगभग 35 करोड़ पौधे लगाए गए। अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 200 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। गंगा हरितिमा अभियान के अंतर्गत गंगा किनारे पेड़ लगाने का कार्यक्रम चलाया गया।

अग्नि पुराण में श्रीभगवान कहते हैं, "अब मैं वृक्ष प्रतिष्ठा का वर्णन करता हूं, जो भोग और मोक्ष प्रदान करने वाली है। वृक्षों को सर्वो औषधि जल से लिप्त, सुगंधित चूर्ण से विभूषित तथा माला से अलंकृत करें। प्रत्येक वृक्ष का अधिवासन करें। वृक्ष के अधिवासन के समय ऋग्वेद, यजुर्वेद या सामवेद के मंत्रों से हवन करें।" वृक्ष तथा उद्यान की प्रतिष्ठा से परम सिद्धि की प्राप्ति होती है। पद्म पुराण में वृक्षारोपण का फल बताया गया है। पीपल का पेड़ लगाने से रोग नाश होता है और धन मिलता है। पाकड़ का पेड़ लगाने से यज्ञ का फल मिलता है। नीम का पेड़ लगाने से सूर्य देवता की कृपा हम पर बरसती है। इसी तरह बेल का पेड़ लगाने से शिव प्रसन्न होते हैं। कोई भी पेड़ लगाने से वातायन में सकारात्मक परिवर्तन होता है। पीपल, बरगद तो पूजनीय हैं ही। यजुर्वेद के शांति मंत्र में औषधियों-वस्पतियों के शांत रहने की प्रार्थना है- "पृथ्वी शांत हों, अंतरिक्ष शांत हों, वनस्पतियां औषधियां शांत हों।"

# आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ हैं लघु और कुटीर उद्योग

देश की प्रगति की ताकत ऊंची इमारतों वाले कॉरपोरेट टावरों के साथ-साथ उन कार्यशालाओं और कारखानों में भी बसती है, जहां श्रम, जिजीविषा और नवाचार मिलकर भारत का भविष्य गढ़ रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि यह क्षेत्र खासा व्यापक और निर्णायक हो चुका है। वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई का योगदान 30.1 प्रतिशत तक पहुंच गया है। भारत के कुल निर्यात में इनकी हिस्सेदारी 45.7 प्रतिशत है। उद्यम पोर्टल और उद्यम असिस्ट पोर्टल पर मिलाकर 6.5 करोड़ इकाइयां पंजीकृत हैं। इन इकाइयों ने लगभग 28 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। यह आंकड़े केवल अर्थशास्त्र की तालिकाएं नहीं, बल्कि इस तथ्य के साक्ष्य हैं कि भारत का विकास केवल बड़े कॉरपोरेट घरानों की चमक पर नहीं, बल्कि करोड़ों छोटे उद्यमों की जीवटता और परिश्रम पर भी मजबूती से टिका है।




डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा


निर्यात में इनकी उपलब्धियां किसी भी मानक से कम नहीं हैं। वर्ष 2020-21 मंक जहां 3.95 लाख करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा 12.39 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। 2023-24 में कुल निर्यात में हिस्सेदारी 45.73 प्रतिशत रही और मई 2024 में यह 45.79 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह निरंतर वृद्धि न केवल विदेशी मुद्रा अर्जन को सुदृढ़ करती है, बल्कि वैश्विक व्यापार में भारतीय लघु उद्योगों की विश्वसनीयता को भी स्थापित करती है।

> उद्यम और उद्यम असिस्ट पोर्टल पर 6.5 करोड़ इकाइयां पंजीकृत हैं। इन छोटी इकाइयों ने लगभग 28 करोड़ को रोजगार दिया है। यह आंकड़े इस तथ्य के साक्ष्य हैं कि भारत का विकास केवल बड़े कॉरपोरेट की चमक पर नहीं, बल्कि करोड़ों छोटे उद्यमों की जीवटता और परिश्रम पर भी मजबूती से टिका है।

एमएसएमई की ताकत यह है कि वे केवल उत्पादन और निर्यात तक सीमित नहीं हैं। ये समाज के हर हिस्से से जुड़े हैं। गांव, कस्बे, शहर और महानगर सबकी अर्थव्यवस्था में समान रूप से योगदान करते हैं। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में वे स्थानीय संसाधनों और परंपरागत कारीगरी को नया जीवन देते हैं, तो शहरी क्षेत्रों में डिजिटलीकरण और स्टार्टअप संस्कृति को गति प्रदान करते हैं। महिलाएं और युवा इसमें उद्यमिता के नए अवसर तलाशते हैं, जबकि परंपरागत कारीगर अपनी दक्षताओं को वैश्विक बाजार तक ले जाते हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कई परंपरागत व्यवसायों को दिया गया संरक्षण इस बात का प्रमाण है कि यह क्षेत्र केवल आर्थिक विकास का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और सांस्कृतिक धरोहर का भी संरक्षक है।

स्पष्ट है कि भारत का भविष्य केवल बड़े उद्योगों के विस्तार पर नहीं टिका है। आज एमएसएमई डिजिटल रूपांतरण को अपनाकर और वैश्विक मानकों के अनुरूप ढलकर भारत को सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में निर्णायक योगदान दे रहे हैं। भारत की ताकत उन असंख्य छोटे उद्यमों की जीवटता में निहित है, जो हर दिन अपने साहस और कौशल से नई संभावनाएं गढ़ रहे हैं। यही उद्योग आत्मनिर्भर भारत की असली रीढ़ हैं और यही भविष्य के भारत का आत्मविश्वास।

# देह नश्वर है और मृत्यु अटल सत्य

सांसारिक पंचतत्व से निर्मित स्थूल देह तो नश्वर है और मृत्यु एक अटल सत्य है, किंतु सूक्ष्म शरीरधारी आत्मा का अस्तित्व किन्हीं आयामों में बना रहता है। वे अदृश्य रहकर स्वजनों के संपर्क में रहती है और बहुधा स्पष्ट संपर्क तथा मार्गदर्शन करती है। दरअसल, मृत्यु के समय आत्मा अकेले शरीर से बाहर नहीं जाती। उसके साथ सूक्ष्म शरीर भी रहता है, जिसमें 27 अवयव होते हैं। ये हैंः पंच महाभूतों यानी पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश, वायु के अपंचीकृत रूप, दसो इंद्रियां, अंतःकरण चतुष्टय यानी मन, बुद्धि चित्त और अहंकार, पंच प्राण अर्थात् प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान तथा अविद्या काम और कर्म। इसी सूक्ष्म शरीर के अंदर शरीर रहता है, जो त्रिगुणात्मक है। यानी सत, रज और तम गुणों से युक्त। इसमें ही आत्मा अकर्ता होकर विद्यमान रहती है। यही आत्मा सहित सूक्ष्म शरीर प्रेत है, जिसे 'लिंग शरीर' भी कहते हैं। यहां हम 'मिथ' की बात न करके कुछ उदाहरण साझा करते हैं।




रघोत्तम शुक्ल
रिटायर्ड पीसीएस


प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक सुकरात के साथ एक 'डेमन' रहती थी और उनका मार्ग दर्शन करके हित साधन करती थी। लेखक और इतिहासकार प्लूटार्क ने उन पर लिखी पुस्तक 'जेनियोसोक्रेटिस' में ऐसी एक घटना का उल्लेख भी किया है। वह लिखते हैं, सुकरात कुछ सहयोगियों के साथ कहीं जा रहे थे। अचानक एक जगह रुककर बोले, 'अब आगे नहीं जाएंगे। मेरा डेमन रोक रहा है। साथियों ने इसे उनके मन का भ्रम बताया और उन्हें आगे चलते रहने पर मजबूर किया। आगे एक सकरे रास्ते में कुछ जंगली सुवर मिल गए और इस ग्रुप के कई लोग बुरी तरह घायल हो गए।

फ्रांस के हेनरी चतुर्थ को ऐसी ही एक आत्मा मदद करती रहती थी। उसने उन्हें सूचना दी कि आपकी हत्या का षड्यंत्र रचा जा रहा है। हेनरी ने अपने दरबारियों से इसका जिक्र भी किया, लेकिन लोगों ने इसे वहम कहकर नजरंदाज कर दिया। आखिरकार उनकी निर्ममतापूर्वक हत्या हो गई। कोलकाता के वकील बंकिमचंद्र चटर्जी की आत्मा जब उनकी पत्नी मग्नमयी देवी, जो योगिनी थीं, द्वारा बुलाकर वार्ता की गई, तो उसने अन्य बातों के साथ यह भी कहा कि 'अमुक दिन छोटा बेटा सुरेश जब कहीं से घर आ रहा था, तो मुझे याद करके बहुत दुखी था। मैं उसके साथ-साथ सिर पर हाथ रखे घर तक आया।

सोलहवें अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अपनी हत्या की पूर्वरात्रि में स्वप्न में वह दृश्य देख लिया था, जो अगले दिन घटित हुआ। रोमन शासक जूलियस सीजर की हत्या के मुख्य कारक ब्रूटस और कैसियस थे। सीजर के समर्थकों एंटोनी और आक्टेवियस ने फिलपी के मैदान में उनसे बदला लेने के लिए युद्ध किया। युद्ध की पूर्व रात्रि जब ब्रूटस अपने शिविर में अर्द्ध निद्रावस्था में था, तो वहां सीजर की आत्मा छाया के रूप में आई। ब्रूटस ने पूछा, "कौन हो?" उत्तर मिला कि "कल फिलपी के मैदान में मिलूंगा"। उस युद्ध में ब्रूटस और कैसियस दोनों हारे और बाद में आत्महत्या कर ली।

ये कौन सी रहस्यमयी अदृश्य शक्तियों का संसार हमारे इर्द गिर्द है! पूरा पर्दा शायद कभी न उठ पाए!

# भूस्खलन की नियति बनता उत्तराखंड

देवभूमि उत्तराखंड के पहाड़ अपने प्राकृतिक सौंदर्य से देश-दुनिया को आकर्षित करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अधिकांश पहाड़ अब खोखले हो रहे हैं। यानी अपनी जड़ें खो रहे हैं और हर मानसून में इस अनुपम सौंदर्य के लिए 'वाटर बम' बन रहे हैं। अतिवृष्टि, बादल फटने, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं इन हरी-भरी वादियों को सदियों का दुख दे जाते हैं। हर आपदा में राज्य और केंद्र सरकार प्रभावितों की हरसंभव मदद करती है, लेकिन हमें भविष्य के खतरनाक संकेतों को समझना और संभलना होगा।

हिमाचल, जम्मू कश्मीर जैसे राज्य भी अतिवृष्टि से अछूते नहीं हैं, मगर उत्तराखंड इनमें सर्वाधिक संवेदनशील बनकर उभरा है। हिमाचल के साथ बादल फटने की विनाशकारी घटनाओं का केंद्र बन चुका यह राज्य, जान-माल के भारी नुकसान के साथ भीषण तबाही झेल चुका है। कुमाऊं और गढ़वाल मंडल ने बादल फटने से आई तबाही के असहनीय दर्द झेले हैं। मानसून का आखिरी सत्र सितंबर शुरू हो चुका है, जिसे कमतर नहीं आंका जा सकता।

> सितंबर 1880 में शहर में हुए भूस्खलन ने अंग्रेजों को प्रकृति के संरक्षण के लिए सोचने पर विवश कर दिया था। भूस्खलन के बाद शहर बचाने को कड़े नियम बनाए गए। नालों का जाल बिछाया गया था, ताकि बारिश का पानी अपनी नियत राह पकड़ बहता चला जाए।

राज्य में बादल फटने की प्रमुख घटनाओं का जिक्र करें तो 17 अगस्त 1998 को कुमाऊं की काली घाटी में भीषण तबाही हुई थी। 16 व 17 जून 2013 की केदारनाथ आपदा का नाम सुनकर तो कलेजा कांप जाता है। वर्ष 2004 से इस साल तक बादल फटने की 22 से ज्यादा छोटी-बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि भविष्य में इसका दायरा शीतकाल के पश्चिमी विक्षोभ के वर्षाकाल में घटने से इंकार नहीं किया जा सकता। मानसून के विदाई कालखंड को इसलिए संवेदनशील माना जा रहा है कि यह माह तापमान के लिहाज से असंतुलित रहता है। मानसून का अधिकांश पानी बरस चुका होता है, लेकिन धरातल में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी और ऊपरी वायुमंडल में तापमान में कमी बादल फटने में मददगार हो सकते हैं।




अमित शर्मा
हल्द्वानी


आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि पूर्वानुमान के लिए तकनीक विकसित करनी होगी। इसके लिए हिमालय क्षेत्र में हिमालय की डिजिटल मैपिंग, ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन का विस्तार, रोजाना बैलून विधि, सीलोमीटर, क्लियर रडार (विंड प्रोफाइलर), क्लाउड रडार, डॉपलर रडार और बादलों को हटाने वाली क्लियर टेक्नोलॉजी इजाद करनी होगी, जिससे बादल फटना ही नहीं, बल्कि अन्य आपदाओं का भी पूर्वानुमान लगाना आसान हो जाएगा। विदेशों में ये तकनीक विकसित हो चुकी हैं।

कुमाऊं और गढ़वाल मंडल का वातावरण और भौगोलिक परिस्थितियां लगभग एक जैसी हैं। यह दोनों क्षेत्र हिमालय से सटे हैं। हिमालय की जलवायु के इन दोनों मंडलों को प्रभावित करने से इन दोनों ही क्षेत्रों में एकसमान आपदाएं आती हैं। कुमाऊं के पहाड़ शांत और शर्मीले हैं, तो गढ़वाल क्षेत्र में कुमाऊं की तुलना में अधिक ऊंचे और खड़े पहाड़ हैं, जो बादलों को रोकने में अधिक सहायक होते हैं और बादल फटने की घटनाओं को जन्म देते हैं।

नैनीताल भूस्खलन से सबक लेने का जीता जागता उदाहरण है। सितंबर 1880 में शहर में हुए भूस्खलन ने अंग्रेजों को प्रकृति के संरक्षण के लिए सोचने को विवश कर दिया था। उस भूस्खलन में 151 लोग दफन हो गए थे। हालांकि पहला दर्ज भूस्खलन 1866 में हुआ था। 1879 में भी आल्मा हिल में एक बड़ा भूस्खलन हुआ था, तब जाकर अंग्रेज प्रशासक प्रकृति के पालनहार बने थे। भूस्खलन के बाद शहर बचाने को कड़े नियम बनाए गए, जो अब फाइलों में दफन होकर रह गए हैं। नालों का जाल बिछाया गया था, ताकि बारिश का पानी अपनी नियत राह पकड़ बहता चला जाए। सड़कों के नीचे बनाए गए कलमठ तेज बारिश में सड़कों और पहाड़ों के सुरक्षा कवच का काम करते थे। वर्तमान में ये अधिकांश कलमठ अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं या दम तोड़ गए हैं।

इतिहासकार व पर्यावरणविद् प्रो. अजय रावत कहते हैं कि नैनीताल समेत पर्वतीय क्षेत्रों के पहाड़ों के दरकने की रफ्तार तेज हो चली है। दो दशक पहले तक हालात सामान्य थे, मगर बेतरतीब विकास ने यहां की आबो-हवा के साथ पर्यावरण का सुखचैन छीन लिया है। अभी भी समय है चेतने का, शासन, प्रशासन के साथ आमजन को भी पर्यावरण के प्रति सजग रहना होगा। तभी हम पहाड़ों को बचा पाएंगे।

# जब बोया पेड़ बबूल का तो फिर आम कहां से होय!

चाहता हर कोई है कि वह धन-धान्य से परिपूर्ण रहे। समाज में खूब प्रतिष्ठा हो तथा घर भी सुकून भरा हो, लेकिन चाहने मात्र से कोई काम तो हो नहीं सकता। हम कुछ करें भी नहीं। पूरे-पूरे दिन मौज में डूबे रहें, तो आसमान से पैसा टपकेगा नहीं कि सुबह सो के उठे और छत पर गए, बटोर लिए पैसे। ऐसे ही समाज में इज्जत के लिए आसपास पड़ोस के लोगों से कहें कि वे हमें साहब, हुजूर, मालिक कहें तथा देख के खड़े हो जाएं, जबकि काम तो ठीक इसके विपरीत करते रहे। हमेशा एक-दूसरे की चुगली की। सोचा था कि आसपास के लोग आपस में लड़ते रहेंगे तो सभी लोग हमें सलामी ठोकते रहेंगे। अब घर की बात की जाए तो पारिवारिक दायित्वों से हमेशा दूर रहकर घर में खुशहाली की कल्पना कहां तक सार्थक है?




सलिल पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार


मतलब यही निकलता है कि हर मोर्चे पर हम नकारात्मक जीवन जीते रहे और परिणाम सार्थक तथा सकारात्मकता की चाहते रहे, जबकि कहावत है कि 'बोया पेड़ बबूल का, आम कहां से होय?' आम खाने के लिए आम का ही बीज बोना पड़ेगा। इसके लिए सबसे पहली शुरुआत घर से नहीं, बल्कि बाहर से करनी पड़ेगी। जब हम घर के बाहर के लोगों को बेइज्जत करते रहेंगे, लोगों को परेशान करते रहेंगे तो वही रवैया घर में भी अपनाएंगे, क्योंकि बाहर के लोगों के साथ किया जाने वाला आचरण कुछ दिनों में आदत बन जाती है।

इंसान के सामने सबसे बड़ा संकट बाहर की गुलामी नहीं, बल्कि खुद की आदतों की गुलामी ज्यादा कष्ट देती है, जबकि इसके विपरीत हम यह सोचें कि हम प्रसन्नता चाहते हैं तो आसपास पड़ोस के लोग भी तो प्रसन्नता चाहते होंगे। ऐसा तो कोई मिलेगा नहीं जो कहे, हम दुःखी रहना चाहते हैं। सीधा फार्मूला है कि हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। आसपास पड़ोस के लोगों को एक-एक कर तंग किया है, मित्रों के साथ धोखेबाजी की है, सहकर्मियों के साथ द्वेष किया है तो एक दिन ऐसा आएगा कि सब आपस में मिलकर हमें सबक सिखा बैठेंगे। अब रही धन-धान्य की बात तो उसके लिए कर्म करना पड़ेगा। वह भी ईमानदारी पूर्ण कर्म हो। बेईमानी का कर्म हमेशा सफल नहीं होता है, इसलिए कहा गया है कि 'जैसी करनी वैसी भरनी।

# नेपालः वर्चस्व की रणनीति बनाने में जुटे मधेशी नेता

नेपाल के मधेश क्षेत्र में राजनीतिक वर्चस्व की बिसात बिछने लगी है। पिछले दिनों भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु में एक माओवादी नेता के यहां जुटे मधेश क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में मधेश क्षेत्र में मधेशी दलों के वर्चस्व को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र के तमाम वे नेता भी मौजूद रहे, जो नेपाल की राजनीति में थोड़ा बहुत दखल रखते हैं।



मधेश क्षेत्र भारत सीमा को स्पर्श करता है और इसमें नेपाल के 22 जिले स्थित हैं। यहां की करीब 90 लाख की आबादी भारतीय मूल की है और ये लोग स्वयं को भारत के निकट महसूस करते हैं। लोकतंत्र बहाली के बाद यहां की राजनीति में मधेशी और पहाड़ी वर्चस्व की जंग में मधेश की राजनीति कमजोर हुई है। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में मधेश क्षेत्र के सांसदों की संख्या इतनी होती थी कि वे सरकार बनाने और गिराने की ताकत रखते थे। नेपाल में जितने बड़े राष्ट्रीय दल हैं, सब के सब पहाड़ी वर्चस्व वाले हैं, लेकिन मधेश के सांसदों की संख्या उन्हें सदैव डराती रही है।




यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार


ऐसे में पहाड़ी वर्चस्व वाली सरकारों ने एक चाल चली। संसदीय सीटों के नए सिरे से परिसीमन की। मधेश के करीब 80 संसदीय सीटें पूर्व में पूरब और पश्चिम के क्षेत्रफल में रही हैं, जो मधेश बाहुल्य हैं और चुनावों में यहां से मधेशी उम्मीदवार ही जीतता था, वह चाहे जिस दल का हो। नेपाल की राजनीति में मधेश के अस्तित्व को समाप्त करने के षणयंत्र के तहत यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम से बदल कर उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर कर दिया गया। उत्तर की ओर पहाड़ी जनसंख्या अधिक है और वे एक मत होकर पहाड़ी उम्मीदवारों को जिताते हैं। संसदीय सीटों के परिसीमन में बदलाव का नतीजा यह हुआ कि प्रतिनिधि सभा में मधेशी सांसदों की संख्या कम होती गई और नेपाल की राजनीति में वे अलग-थलग पड़ते गए। मौजूदा प्रतिनिधि सभा में मधेशी सांसदों की संख्या बेहद कम है और वे बिखरे हुए भी हैं।

मधेश के कट्टर माओवादी नेता रामलोटन तिवारी के यहां हुई विभिन्न दलों के मधेशी नेताओं के जुटान में मैदानी इलाके की राजनीति में पहाड़ी वर्चस्व को रोकने को लेकर गहन चर्चा हुई। इसके लिए किसी भी दल का कोई भी मधेशी नेता हो, वे अंदरूनी तौर पर एक ऐसा मंच स्थापित करने की दिशा में आगे आए, जिसके माध्यम से वे एक-दूसरे से संपर्क बनाए रखें। इतना ही नहीं इसके लिए नेपाल के तराई से सटे भारतीय क्षेत्रों के प्रभावशाली नेताओं जैसे पूर्व राज्यमंत्री नर्वदेश्वर शुक्ल, पूर्व मेयर रामनरेश उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता राधे रमण त्रिपाठी आदि की भी सहभागिता रही। इन भारतीय नेताओं का नेपाल में अपनी जाति विशेष में थोड़ी-बहुत पकड़ है और ये वहां की सीमावर्ती राजनीति में भी दखल रखते हैं। नेपाल की तराई के अधिकांश लोगों की नाते-रिश्तेदारी भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में है। भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी के संबंध की इबारत यहीं से लिखी गई। रिश्तों की डोर में बंधे भारत और नेपाल के लोग एक-दूसरे के संपर्क में बने रहते हैं।

पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा का कहना है कि मधेशी नेता चाहे जिस दल से जीतेगा, कुछ तो उसके अंदर मधेश प्रेम रहेगा। रामलौटन तिवारी के यहां आयोजित कार्यक्रम में नेपाल के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सहस राम यादव, विधायक सुधाकर पांडेय, पूर्व मंत्री दान बहादुर चौधरी, पूर्व सांसद व पूर्व विधायक दृग नरायण पांडेय उर्फ पप्पू मेयर, अब्दुल कलाम सहित मधेश क्षेत्र के ढेर सारे पूर्व सांसद और पूर्व विधायक शामिल हुए। बैठक में जिस तरह विभिन्न दलों के मधेशी नेताओं की उपस्थिति रही, उससे यह लगा कि यदि मधेशी नेताओं की यह रणनीति कामयाब हो पाई तो निःसंदेह नेपाल में एक बार फिर मधेश राजनीति नई ताकत के साथ खड़ा होने में कामयाब होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## फिल्मों व पार्टियों में हीरोइनों के हॉटेस्ट ट्रेंड्स ब्यूटी व हाई फैशन ग्लैम का बिखेरते रहते जलवा

# बॉलीवुड ने साड़ी को दिया ट्रेंडी स्टाइल

फैशन और लाइफस्टाइल में तमाम बदलावों के बीच परंपरागत भारतीय परिधान साड़ी का ग्लैमर कभी कम नहीं होता। सदियों से साड़ी का क्रेज अपनी जगह पर कायम है। यह महिलाओं की खूबसूरती बढ़ाने वाला ऐसा परिधान है, जो कभी आउट आफ फैशन नहीं होता है। बॉलीवुड और फैशन डिजाइनर मिलकर इन्हें लगातार फिर से आकर्षक, ताजा, हल्का और पहनने लायक बनाते रहते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि बॉलीवुड सिर्फ साड़ी नहीं पहनता, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में साड़ी के एहसास को नए-नए आकार देता रहता है। सालों से तमाम अभिनेत्रियों ने फिल्मों में साड़ी पहनकर देसी और हॉट ग्लैमरस लुक के नए ट्रेंड्स बनाए हैं, और साड़ी जैसा परंपरागत पहनावा भी सेक्सी हो सकता है, इसे अपनी फिल्मों से साबित किया है।





## सुंदरता की परिभाषा, आकर्षण का जादू जैसी सिल्क साड़ियां

कहते हैं, सिल्क की साड़ियां कभी पुरानी नहीं होती हैं। इन साड़ियों का जादू भारतीय सुंदरता को परिभाषित करने की ताकत हमेशा बनाए रखता है। दीपिका पादुकोण और रेखा जैसी अभिनेत्रियां लगातार याद दिलाती रहती हैं कि कांजीवरम सिल्क से बढ़कर कुछ नहीं है। चाहे वह शुद्ध सोने की जरी हो या महीन मुलायम पेस्टल धागे, ये साड़ियां हमेशा महत्वपूर्ण रहती हैं। हल्की, मुलायम और पहनने में आसान। रेखा का सुनहरे और लाल कांजीवरम साड़ियों का अंतहीन संग्रह इन साड़ियों के पुराने आकर्षण को बरकरार रखता है। शादी समारोह के मौके पर दुल्हनें आज भी सिल्क के गुलाबी, लाल या पेस्टल कलर के मनमोहक लुक को ही चाहती हैं।

प्रस्तुति : मनोज त्रिपाठी, कानपुर

### जरी ग्लास साड़ी फैशन के नए स्टाइल का स्टेटमेंट

- वर्तमान में जरी ग्लास साड़ी सिर्फ ट्रेंड नहीं, बल्कि फैशन के नए स्टाइल का स्टेटमेंट बन चुकी है। इसकी एस्थेटिक ब्यूटी और एलिगेंस इसे हर खास मौके के लिए परफेक्ट बनाते हैं। आज जरी ग्लास साड़ी के लुका का बॉलीवुड से लेकर सोशल मीडिया तक हर कोई दीवाना है। जान्हवी कपूर, सोनम कपूर जैसी अभिनेत्रियों से लेकर फैशन इन्फ्लुएंसर्स तक, सभी इस ग्लैमरस साड़ी को अलग-अलग अंदाज में कैरी कर रही हैं। कंगना रनौत चुपचाप बनारसी सिल्क साड़ियों को वापस लाती रहती हैं। उनके लिए इसमें कोई झंझट नहीं, बस एक सादा ब्लाउज, भारी साड़ी और सिंपल बाल खूबसूरत लुक बना देता है। जब भी वो इसे पहनती हैं, बनारसी साड़ियों की बिक्री बढ़ जाती है। नए बनारसी डिजाइन भी हल्के रंगों पर केंद्रित हैं। धूल भरे गुलाबी, फीका पुदीना रंग, पुराने सुनहरे रंग, भारी-भरकम ब्रोकेड की बजाय छोटी बूटियां। पहनने में आसान, कम वजन, लेकिन आकर्षण वही।

### रेड कार्पेट और अवॉर्ड नाइट्स में स्टाइलिश अंदाज सीक्विन साड़ी

- सीक्विन साड़ियों को बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने फैशन में लोकप्रिय बना दिया है। रेड कार्पेट या अवॉर्ड नाइट्स के लिए अभिनेत्रियां सीक्विन वर्क की साड़ी पसंद करती हैं। कियारा आडवाणी और जान्हवी कपूर ने सिल्वर, शैंपेन और यहां तक कि काले रंग की चमकदार सीक्विन साड़ियां पहनी हैं। नोरा फतेही ने कई बार सीक्विन मैटेलिक साड़ी को अपने बोल्ड और फेमिनिन स्टाइल के साथ पेयर करके एक अलग लुक दिखाया है। दरअसल, ये साड़ियां रात के लिए हैं। बोल्ड तस्वीरों, स्पॉटलाइट और तेज संगीत वाली महफिल के लिए। इन्हें पारिवारिक समारोहों में नहीं पहना जा सकता। लेकिन ये ट्रेंड में इसलिए रहती हैं क्योंकि बॉलीवुड इन्हें जिंदा रखता है।





### रॉयल, ग्रेसफुल पर सौम्य लुक देती है ट्रांसपरेंट ऑर्गेंजा साड़ी

ऑर्गेंजा साड़ियों को लाइटवेट और ट्रांसपरेंट फ्रैबिक होने के नाते अक्सर कैरी करती नजर आती हैं। यह साड़ियां रॉयल और ग्रेसफुल लुक प्रदान करती हैं। आलिया भट्ट ने ऑर्गेंजा साड़ियों की श्रृंखला के सौम्य चलन को जन्म दिया है। पारदर्शी और मुलायम ऑर्गेंजा साड़ियां वजन में हल्की होती हैं, लेकिन आकार बनाए रखती है। इन साड़ियों को प्लीट करना आसान होता है और ये बिना चिपके मुलायम होकर गिरती हैं। बॉलीवुड को ऑर्गेंजा साड़ियों में सेज ग्रीन, बटर येलो, सॉफ्ट लिलाक कलर ज्यादा पसंद आ रहे हैं। युवा अभिनेत्रियां थ्रेड वर्क या बिखरे हुए फ्लोरल प्रिंट वाले प्लेन ऑर्गेन्जा पसंद कर रही हैं। ऐसी साड़ियां दिन के समारोह, मेहंदी जैसी आयोजनों के लिए पसंद की जा रही हैं। मिनिमल मेकअप और सिंपल हेयर स्टाइल के साथ यह साड़ी नेचुरल ग्लो देती है।

### लाइट मेकअप के साथ रफल्ड साड़ियां बनातीं अट्रैक्टिव लुक

शिल्पा शेट्टी और कैटरीना कैफ ने रफल्ड साड़ियों को पिछले साल पार्टियों की शान बनाया था। इससे पहले मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने सफेद रफल्ड साड़ी पहनकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरी थीं। सोनम कपूर, लारा दत्ता और माधुरी दीक्षित तक इन साड़ियों के प्रति दीवानगी दिखा चुकी हैं। रफल्ड साड़ियों के बॉर्डर पर लहरिया स्टाइल का लेस होता है, साड़ी बांधने पर यह लेस घूमकर पल्लू तक आता है, और अच्छा लुक देता। ये साड़ियां कॉकटेल नाइट्स, संगीत और शादी से पहले के कार्यक्रमों के लिए हैं। पेस्टल या मेटैलिक रंगों में रफल्ड जॉर्जेट साड़ियां नई और ताजा दिखती हैं।



## इस सप्ताह रिलीज होने वाली फिल्में

### 'एक चतुर नार' है डार्क कॉमेडी थ्रिलर




टी सिरीज की इस फिल्म में दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश दमदार किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर में रहने वाली होनहार लड़की की है, जो काफी महत्वाकांक्षी और चतुर है। एक बड़े आदमी का निजी वीडियो हाथ लगने के बाद वह आगे बढ़ने के लिए इस वीडियो के सीढ़ी की तरह स्तेमाल करती है। फिल्म को लेकर दिव्या ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, नागिन और नेवले का वार देखने के लिए हो जाओ तैयार।

### विदेशों में सराही गई 'जुगुनमा' अब पर्दे पर



इस फिल्म को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहा जा चुका है। अब भारत में रिलीज की जा रही है। यह एक मैजिकल और रियलिस्टिक टाइप की पिल्म है, जिसमें मनोज बाजपेई प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी 1980 दशक की है। इसमें जुगनू बने मनोज बाजपेयी रहस्यमयी तरीके से जल रहे जंगलों के बारे में पता लगाते हैं। दीपक डोबरियाल, तिलोत्तमा शोम, हीरल सिद्धू भी अहम किरदार में हैं।

### 'लव इन वियतनाम' एक रोमांटिक ड्रामा



यह फिल्म एक क्रॉस कल्चरल रोमांटिक प्रेम कहानी है, जो भारत और वियतनाम की पृष्ठभूमि में बुनी गई है। अवनीत कौर तथा शांतनु मिश्रा की इस फिल्म ने चीन में इतिहास रच दिया है, यह वहां 10 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनने जा रही है। फिल्म में वियतनामी एक्ट्रेस खा नागन के अलावा फरीदा जलाल, गुलशन ग्रेवर व राज बब्बर भी नजर आएंगे।

### हीर एक्सप्रेस : दिल छू लेने वाला फैमिली ड्रामा



इस फिल्म में पंजाब से यूके जाने वाली लड़की हीर के सपनों की कहानी है, जहां उसे तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हीर के रोल से बालीवुड में दिविता जुनेजा डेब्यू कर रही हैं। हीरो के रोल में प्रीत कमानी हैं। आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर व संजय मिश्रा फिल्म को फैमिली ड्रामा बनाते हैं।

## अरमानी माने फैशन की दुनिया में आसमानी क्रांति



फैशन इंडस्ट्री का किंग कहे जाने वाले जियोर्जियो अरमानी अपने पीछे सांस्कृतिक विरासत के साथ फैशन का इतिहास छोड़ गए हैं। 91 साल की उम्र में अरमानी का दो दिन पहले निधन हो गया। वह आधुनिक इतालवी शैली और शानो-शौकत के लिए जाने जाते थे। उन्होंने इटली को फैशन की दुनिया में नई ऊंचाई दी थी। अरमानी ने साहस दिखाते हुए लड़कियों को लड़कों और लड़कों को लड़कियों के कपड़े पहनाकर साबित किया था कि फैशन की दुनिया में क्रिएटिविटी की कोई सीमा नहीं है। आधी सदी तक फैशन और स्टाइल की दुनिया पर राज करने वाले अरमानी को बेहतरीन डिजाइनर माना जाता था। उनके डिजाइन किए हुए कपड़े राजघरानों के सदस्य और मशहूर हस्तियां पहनने के लिए बेताब रहती थीं। अरमानी ने अपनी क्रिएटिविटी से एक नया ग्लोबल लाइफस्टाइल खड़ा किया। उन्होंने सिर्फ डिजाइनर आउटफिट्स ही नहीं परफ्यूम, होम डेकोर और दूसरी क्रिएटिव फील्ड में भी नाम कमाय। उनका मानना था कि लोग फैशनेबल नजर आने के चक्कर में खुद को कपड़ों से लाद लेते हैं, जबकि ये गलत है। इसकी जगह लाइट परिधानों के साथ कंफर्ट का ध्यान रखकर भी स्टाइलिश नजर आया जा सकता है। अरमानी ने 1970 में ऐसा ट्रेंड सेट किया कि जिसका पूरी दुनिया के ड्रेसिंग स्टाइल पर असर पड़ा। उन्होंने हॉलीवुड के रेड कार्पेट पर भी अपनी मजबूत पकड़ बनाई। जोड़ी फॉस्टर की 1992 की ऑस्कर लुक से लेकर जूलिया रॉबर्ट्स तक, कई बड़ी हस्तियों ने उनके द्वारा डिजाइन किए गए परिधान ही पहने। उनके सूट्स और गाउन्स ने रेड कार्पेट फैशन को पूरी तरह बदल दिया। अरमानी के बाद रेड कार्पेट पर लग्जरी ब्रांड्स का कम्पटीशन बढ़ गया। लेकिन अरमानी फैशन की दुनिया में ब्रांड के साथ रईसी और एलीगेंस की पहचान बना रहा।

*फीचर डेस्क, कानपुर*

## अभिनेता सौरभ शुक्ला बोले-थिएटर, वेब सीरीज और फिल्में केवल दर्शकों तक पहुंचने का माध्यम

# जॉली एलएलबी 3 हंसाने के साथ करेगी सिस्टम पर चोट

जॉली एलएलबी की दो फिल्मों की सफलता के बाद जॉली एलएलबी 3 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बरेली नाट्य महोत्सव में शामिल होने बरेली आए अभिनेता सौरभ शुक्ला ने 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली अपनी फिल्म जॉली एलएलबी 3 पर चर्चा की। इस फिल्म में जज सुंदर लाल त्रिपाठी का दमदार किरदार निभाने वाले सौरभ ने बताया कि पिछली दो फिल्मों की तरह ये फिल्म भी लोगों को हंसाने के साथ सिस्टम पर चोट करेगी, क्योंकि फिल्म के निर्देशक सुभाष कपूर पेशे से पत्रकार रहे हैं, इसलिए मनोरंजन के साथ फिल्म दिखाने के अपने उद्देश्य से कभी नहीं भटकते हैं। बरेली के एक होटल में अमृत विचार से बातचीत में अभिनेता सौरभ शुक्ला ने नाटक के अभिनय, वर्तमान में थिएटर और अन्य माध्यमों के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने अपने नाटक 'बर्फ' के बारे में बताया कि इसका अभिनय वह 200 से अधिक बार कर चुके हैं, लेकिन पहली बार बरेलीवासी इससे रूबरू होंगे। यह एक थ्रिलर नाटक है, जिसमें रोमांच, रहस्य और पहेली का मिश्रण है। इस नाटक की स्क्रिप्ट एक सस्पेंस फिल्म के लिए लिखी गई थी, जो कश्मीर की बर्फीले वादियों में एक रहस्यमय गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की स्क्रिप्ट को नाटक में तब्दील करने का अर्थ था कि कश्मीर की वादियों के असल लुत्फ से दर्शकों को दूर ले जाना, लेकिन इस नाटक के विजुअल को थिएटर में भी जीवंत करने के लिए स्टेज डिजाइनर राहुल का हाथ है, जिन्होंने थिएटर में ही कश्मीर की बर्फ और सस्पेंस के माहौल को पैदा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। अभिनेता सौरभ ने बताया कि थिएटर, वेब सीरीज और फिल्में केवल दर्शकों तक पहुंचने का माध्यम हैं, इनसे किसी कलाकार के अभिनय पर फर्क नहीं पड़ता है। कंटेंट अच्छा है तो किसी भी माध्यम में लोगों को पसंद आता है।

बातचीत



### सस्पेंस-थ्रिलर नाटक बर्फ से दर्शकों के दिलों में उतरेंगे

- अभिनेता सौरभ शुक्ला बरेली में अस्तिता फाउंडेशन ड्रामा ड्रॉपआउट्स और वेगमाइन सिटी मॉल की ओर से प्रभावे ऑडिटोरियम अर्बन हाट में आयोजित सात दिवसीय बरेली नाट्य महोत्सव में शामिल होने आए हैं। यहां रविवार को वह सस्पेंस-थ्रिलर नाटक 'बर्फ' के जरिए दर्शकों के दिलों में उतरेंगे।

### युवाओं को संदेश सीखने की ललक कम न होने दें

- सौरभ शुक्ला ने फिल्मी सितारों के स्टारडम पर कहा कि स्टारडम उसी का होता है, जिसे लोग पसंद करते हैं। यह कोई देने वाली वस्तु नहीं है, न ही कोई नई चीज है। हर दौर में ऐसे सितारे हुए हैं, जो अन्य से अधिक लोकप्रिय रहे। युवाओं को संदेश देते हुए बोले, हमेशा युवा बने रहें, अपनी सोच को सीमित और सीखने की ललक को कम न होने दें, यदि सीखना बंद कर देंगे तो बूढ़े होने लगेंगे।

### आज भी रहती है थिएटर में परफार्मेंस की उत्सुकता

दिग्गज अभिनेता होने के साथ सौरभ शुक्ला मंझे हुए थिएटर कलाकार भी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बरेली के लोगों से मिलकर प्रसन्नता हुई। वह किसी सामान्य कलाकार की तरह आज भी अपने नाटक की परफार्मेंस के लिए मेहनत करते हैं और दर्शकों के बीच जाने के लिए उत्साहित रहते हैं। किसी कलाकार को केवल तब प्रसन्नता होती है, जब उसकी कला को सराहना मिलती है। लोग उसे नाम से नहीं उसके काम से जानते हैं।



लेखिका: शब्या सिंह तोमर, बरेली

## इंडियन बैंक सुरक्षित वेब पोर्टल पर स्थानांतरित

चेन्नई। इंडियन बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार अपनी कॉरपोरेट वेबसाइट का डोमेन बदलकर 'इंडियन बैंक डॉट बैंक डॉट इन' कर दिया है। पूरी कवायद का मकसद धोखाधड़ी के खिलाफ मजबूत सुरक्षा उपाय करना और डिजिटल बैंकिंग समाधानों में जनता का भरोसा बढ़ाना है। चेन्नई स्थित इस बैंक ने बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) के तहत यह पहल की है, जो इस डोमेन का विशेष रजिस्ट्रार है।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 7 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13 किग्रा 1940, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1880, क्लासिक (किग्रा) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2360, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2460, स्वास्तिक 2555

**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छोटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 6950, दाल चना 7500, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7000, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9200, मोटा हीरा 11200, अरहर गोला मोटा 8500, अरहर पटका मोटा 8900, अरहर कोरा मोटा 9400, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4420, पीलीभीत 4340, सितारगंज 4300, धामपुर 4420

### चीन से कम है भारत में चाय अनुसंधान निधि

**कोलकाता।** चीन के मुकाबले भारत में चाय की फसल को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान निधि बहुत कम है। चाय उद्योग के निकाय ने कहा कि भारत इस पर सालाना 30 करोड़ रुपये खर्च करता है, जबकि चीन का निवेश 110 करोड़ रुपये से अधिक है। चाय अनुसंधान संघ (टीआरए) की चेयरपर्सन नयनतारा पालचौधरी ने ये बात कही।

# जीएसटी में बदलाव से हर परिवार को होगा लाभ

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- खपत को मिलेगा बढ़ावा और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• बोलीं- दरों में कटौती का लाभ आमजन को देने के लिए उद्योगों से कर रहे बात

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि जीएसटी में व्यापक बदलाव 'लोगों के लिए सुधार है' और इस कदम से देश के हर परिवार को लाभ होगा। साथ ही इस कदम से खपत को बढ़ावा मिलेगा और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को गति मिलगी।

सीतारमण ने कहा कि हम दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को देने के लिए उद्योगों से बातचीत कर रहे हैं और उनका रुख सकारात्मक है। वह स्वयं 22 सितंबर से (जीएसटी दरों में कटौती के लागू होने की तिथि) इस बात पर विशेष नजर रखेंगी कि दरों में कटौती का लाभ लोगों को मिले। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामानों समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी में व्यापक बदलाव लोगों के लिए सुधार है और इस कदम से देश के 140 करोड़ लोगों पर सकारात्मक असर होगा। हर परिवार को इससे लाभ होगा। गरीब से गरीब लोग भी कुछ-न-कुछ खरीदते हैं, उन पर भी दरों में कटौती का सकारात्मक असर होगा।

सीतारमण ने कहा कि यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है और ज्यादातर मामलों में दरों में भारी कमी आई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे अब वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं। सीतारमण ने कहा कि इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि यह केवल दर में कटौती का मामला नहीं है बल्कि कंपनियों के लिए भी चीजें आसान होंगी। चाहे रिफंड का मामला हो या फिर अनुपालन का या पंजीकरण का, उनके लिए चीजें और सुगम होंगी।

सीतारमण ने कहा कि एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने पर, 90 प्रतिशत रिफंड स्वतः ही निश्चित समय के भीतर क्लियर हो जाएंगे। साथ ही तीन दिनों के भीतर कंपनियां सफलतापूर्वक अपना पंजीकरण करा सकेंगी। इसलिए, इसका लोगों और कंपनियों पर, विशेष रूप से छोटे उद्यमों, किसानों पर चौतरफा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि वे जो उपकरण खरीदेंगे, वे जो कीटनाशक खरीदेंगे, वे सभी सस्ते होने जा रहे हैं। जीएसटी परिषद में इस बात को लेकर आम सहमति थी कि लोगों को लाभ मिलना चाहिए हालांकि कुछ राज्य जरूर राजस्व को लेकर चिंतित थे। लेकिन इस बात को लेकर एक सहमति थी कि दरों में कटौती से फायदा होना चाहिए। जीएसटी दरों में कमी से वस्तुओं के दाम कम होंगे और खपत बढ़ेगी और इससे राजस्व बढ़ने के साथ अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

### सीतारमण ने जीएसटी सुधारों को समर्थन देने के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों को पत्र लिखकर आभार जताया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों को पत्र लिखकर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव को लागू करने में उनके समर्थन और सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया है। सीतारमण ने कहा कि राज्यों ने कर दरों में बदलाव के प्रस्ताव पर अपने विचार रखे, लेकिन अंततः इस बात पर सहमत हुए कि जीएसटी दरों में कटौती आम आदमी के हित में है। इसी तर्क के आधार पर इस सप्ताह की शुरुआत में जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी दरों में कटौती का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जीएसटी परिषद की बैठक में तीन सितंबर को जीएसटी में व्यापक सुधारों पर सहमति बनी थी। जीएसटी परिषद की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## कृषि उत्पादों पर दरों में कटौती की सराहना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने किसानों के लिए कृषि से जुड़े समानों पर से जीएसटी दरों में कटौती के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, संगठन ने सरकार से बीज क्षेत्र के लिए भी ऐसी ही राहत की मांग की है, ताकि बीज की उत्पादन लागत घटाई जा सके और किसानों को किफायती दरों पर बीज मिल सकें।

उद्योग संगठन ने कहा कि उर्वरक के कच्चे माल, जैविक कीटनाशकों, सूक्ष्म पोषक तत्वों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी में कटौती का यह कदम कच्चे माल की लागत को काफी हद तक कम करेगा और आर्थिक गति पैदा करेगा। एफएसआईआई के चेयरमैन और सवाना सीड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय राणा ने कहा कि यह भारतीय कृषि के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। सरकार ने सीधे किसानों को सशक्त किया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। हालांकि, एफएसआईआई ने कहा कि बीज क्षेत्र में भी इसी तरह के सुधार की आवश्यकता है। वर्तमान में, बीजों पर जीएसटी छूट होने के कारण, उद्योग को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ नहीं मिल पाता।



### कटौती से 10 करोड़ किसानों को फायदा

**नई दिल्ली।** डेयरी उत्पादों, कृषि से जुड़े सामानों और खाद्य प्रसंस्करण की चीजों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती से 10 करोड़ से ज्यादा डेयरी किसानों को सीधा फायदा होगा और सहकारिता क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। सहकारिता मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव से उर्वरक बनाने में लगने वाले उल्टे कर ढांचे की समस्या खत्म होगी और इससे किसानों के लिए कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने में मदद मिलेगी तथा बुआई के मौसम में उन्हें समय पर जरूरी चीजें मिल पाएंगी।

## महिंद्रा ने जीएसटी दर कटौती के बाद वाहनों की कीमत 1.56 लाख रुपये तक घटाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



महिंद्रा एंड महिंद्रा ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने यात्री वाहनों की कीमत को तत्काल प्रभाव से 1.56 लाख रुपये तक घटा दिया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शनिवार को कहा कि कीमत में कटौती तीन सितंबर, 2025 को आयोजित 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में संशोधित जीएसटी की घोषणा के बाद की गई है।

कंपनी ने कहा कि सभी लागू आईसीई वाहनों के लिए संशोधित कीमतें छह सितंबर 2025 से प्रभावी होंगी और ये बदलाव सभी डीलरशिप और डिजिटल मंच पर पारदर्शिता के साथ अपडेट किए जाएंगे। कंपनी ने बोलेरो/नियो रेंज की कीमत में 1.27 लाख रुपये, एक्सयूवी3एक्सो (पेट्रोल) में 1.4 लाख रुपये, एक्सयूवी3एक्सओ (डीज़ल) में 1.56 लाख रुपये, थार 2डब्ल्यूडी (डीजल) में 1.35 लाख रुपये, थार 4डब्ल्यूडी (डीजल) में 1.01 लाख रुपये और स्कॉर्पियो क्लासिक की कीमत में 1.01 लाख रुपये की कटौती की है। इसी तरह, स्कॉर्पियो-एन की कीमत में 1.45 लाख रुपये, थार रॉक्स में 1.33 लाख रुपये और एक्सयूवी700 में 1.43 लाख रुपये की कटौती की गई है। रेनो इंडिया ने भी कहा कि जीएसटी दर में हालिया कटौती का पूरा लाभ खरीदारों तक पहुंचाने के लिए वह अपने वाहनों की कीमतों में 96,395 रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### वाहनों की कीमतों में 3.49 लाख की कटौती करेगी टोयोटा

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शनिवार को कहा कि वह जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने वाहनों की कीमतों में 3.49 लाख रुपये तक की कटौती कर रही है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के उपाध्यक्ष वरिंदर वाधवा ने कहा कि ग्लैंजा हैचबैक की कीमत 85,300, टैसर 1.11 लाख, रुमियन 48,700, हाइराइडर 65,400, क्रिस्टा 1.8 लाख, हाइक्रॉस की कीमत 1.15 लाख रुपये और फॉर्च्यूनर की कीमत 3.49 लाख रुपये तक कम हो सकती है।

## अमेरिका से कृषि आयात पर कोई समझौता नहीं होगा : चौहान

**भोपाल, एजेंसी**



• केंद्रीय मंत्री बोले- किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय किसानों के हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ कृषि उत्पादों के आयात को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50% करने के बाद नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। इस वृद्धि में भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25% अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है।

अमेरिकी कृषि उपज पर आयात शुल्क में थोड़ी रियायत देकर भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि किसानों के हितों की कीमत पर कोई समझौता नहीं होगा। उनके हितों की रक्षा की जाएगी। विपक्ष के इस आरोप पर कि ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने से ही जीएसटी संरचना में बदलाव किए गए हैं, उन्होंने कहा कि भारत में होने वाले हर अच्छे काम के पीछे वे ट्रंप को देखते हैं... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को दिखाया है कि उनके लिए देश का हित सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमारे किसानों, मुर्गी पालकों, मछुआरों और गरीबों के हितों की रक्षा की जाएगी। भारत अपने फैसले खुद लेता है।



# कांग्रेस के शासनकाल में कर का था भारी बोझ

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जीएसटी दरों में कटौती को लेकर कांग्रेस व विपक्ष पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• बोले- आम लोगों को फायदा होने के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से न केवल आम लोगों को फायदा होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में उसके शासनकाल के दौरान कर का भारी बोझ था।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद का अहितकर और विलासिता की वस्तुओं की श्रेणी को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की श्रेणी में लाने तथा कई आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा। भाजपा मुख्यालय में वैष्णव ने कहा कि 22 तारीख, नवरात्रि का पहला दिन, हम सभी के लिए, सभी मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए और इस देश के 140 करोड़ नागरिकों के लिए एक नयी खुशी लेकर आएगा। जीएसटी सुधार देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का काम करेंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि इस सुधार से देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन में बड़ी राहत आई है। 2014 से पहले (कांग्रेस के शासन के दौरान) हर वस्तु पर लगने वाले विभिन्न प्रकार के करों के जाल के कारण आम लोगों पर भारी बोझ था।

वैष्णव ने कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार और पहले घोषित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट देश में मध्यम वर्गीय परिवारों सहित आम लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सरकार लगभग डेढ़ साल से जीएसटी सुधारों पर काम कर रही थी और प्रधानमंत्री लगातार इस पर नजर रख रहे थे और हर कदम पर 'मार्गदर्शन' दे रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिया गया यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से देश को एक नया आश्वासन दिया था। उन्होंने इस घोषणा के साथ उस संकल्प को वास्तविकता में बदल दिया है।

### जीएसटी सुधारों पर जागरूकता के लिए जनसंपर्क करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मोदी सरकार द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में किए गए नवीनतम सुधारों के बारे में व्यापारियों सहित आम जनता को बताने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जनसंपर्क अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। जीएसटी परिषद ने हानिकारक और विलासिता श्रेणी को छोड़कर सभी वस्तुओं के लिए कर की दर में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत करदर को पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है। जीएसटी परिषद द्वारा बुधवार को जटिल जीएसटी व्यवस्था में पूर्ण बदलाव को मंजूरी दिए जाने के बाद हेयर ऑयल से लेकर कॉर्न फ्लेक्स, टीवी और व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पॉलिसियों तक आम उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी कर की दरों में कटौती की गई। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने शनिवार को कहा कि भाजपा ने जीएसटी सुधारों के संबंध में एक पूरी कार्ययोजना तैयार की है। हमने राज्यों और जिलों में अपनी इकाइयों से आम लोगों को जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी देने को कहा है। हमने हर जिले में (लोगों को जीएसटी सुधारों से अवगत कराने के लिए) चौपाल आयोजित करने की योजना बनाई है। हमने व्यापारियों को सरलीकृत जीएसटी के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना बनाई है। बलूनी ने कहा कि भाजपा ने जीएसटी सुधारों पर देश भर में 'बहुत बड़े पैमाने पर' विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

### दिल्ली में धार्मिक अनुष्ठान से एक करोड़ रुपये का कलश चोरी

**नई दिल्ली।** लाल किला परिसर में आयोजित जैन धार्मिक अनुष्ठान से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का एक कलश चोरी हो गया। अधिकारी ने बताया कि 760 ग्राम सोने से निर्मित इस कलश में हीरे, माणिक और पन्ना सहित करीब 150 ग्राम बहुमूल्य रत्न जड़े हुए थे।

उन्होंने बताया कि यह कलश तीन सितंबर को अनुष्ठान के दौरान चोरी हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, सिविल लाइंस निवासी और व्यवसायी शिकायतकर्ता सुधीर जैन प्रतिदिन इस कलश को धार्मिक अनुष्ठान के लिए लाते थे। स्वागत के दौरान भीड़भाड़ और अफरा-तफरी में यह कलश मंच से गायब हो गया। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां कैद हुई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। यह अनुष्ठान लाल किला परिसर स्थित 15 अगस्त पार्क में नौ सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

## सांसद रशीद को उप राष्ट्रपति चुनाव में मतदान की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• जेल में बंद सांसद की वोट देने की याचिका कोर्ट ने की स्वीकार

राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने की अनुमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत ने रशीद की वोट देने की अनुमति संबंधी याचिका स्वीकार कर ली।

अदालत ने इससे पहले रशीद को संसद के मानसून सत्र में हिस्सा लेने के लिए 24 जुलाई से चार अगस्त तक हिरासत पैरोल दी थी। रशीद के वकील विख्यात ओबरॉय ने बताया कि उनके मुवक्किल को शपथपत्र देना होगा कि वह यात्रा खर्च का भुगतान करेंगे, जो उनकी अपील के परिणाम के अधीन होगा। ओबरॉय के मुताबिक इस संबंध में उनकी अपील दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है और अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह अपील प्राधिकारियों द्वारा दिए गए उस आदेश के विरुद्ध है, जिसमें उन्हें हिरासत पैरोल पर संसद में उपस्थित होने के लिए यात्रा व्यय के रूप में कई लाख रुपये का भुगतान करने को कहा गया था।

रशीद (58) को 2017 के आतंकी वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गिरफ्तार किया था। वह 2019 से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद ने 2024 लोकसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला को बारामूला से हराया था। उनपर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकवादी समूहों का वित्तपोषण का आरोप है।

## दुश्मन बने दोस्त को फंसाने के लिए पुलिस को दी धमकी

**नोएडा, एजेंसी**

• मुंबई पुलिस ने नोएडा से किया आरोपी को गिरफ्तार

मुंबई पुलिस को कथित तौर पर धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में नोएडा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि आरोपी ने अपने खिलाफ मामला दर्ज कराने वाले व्यक्ति को फंसाने और उससे बदला लेने के लिए मुंबई पुलिस को संदेश भेजा कि 14 आतंकवादी 400 किलो आरडीएक्स लेकर मुंबई में घुस गए हैं।

बिहार के पटना के आरोपी अश्विनी कुमार (51) पांच वर्ष से नोएडा के सेक्टर 79 में स्थित हाउसिंग सोसाइटी में रह रहा था। वह खुद को ज्योतिषी और वास्तु विशेषज्ञ बताता था। मुंबई पुलिस को नोएडा से संदेश भेजने का पता चलने पर सेक्टर 113 पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) सुमित शुक्ला ने बताया कि कुमार को सेक्टर 79 से गिरफ्तार कर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। कुमार ने स्वीकार किया कि उसने व्यक्तिगत रंजिश के चलते ऐसा किया।

अधिकारी ने कहा कि वह अपने एक दोस्त से बदला लेना चाहता था, जिसने 2023 में पटना में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले में उसे तीन महीने की जेल हुई थी। बदला लेने के लिए, कुमार ने उसके (दोस्त के) नाम का इस्तेमाल करके मुंबई पुलिस को धमकी भरा संदेश भेजा। मुंबई पुलिस गुरुवार को व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा संदेश मिलने के बाद अलर्ट पर थी।

### दिल्ली में यमुना का जलस्तर 207 मीटर से नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुराने रेलवे पुल के नीचे यमुना नदी का जलस्तर शनिवार को कम होकर 206.47 मीटर पर पहुंच गया, जो कई दिन से 207 मीटर के आसपास था। हालांकि जलस्तर अब भी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है।

दिल्ली में चेतावनी का निशान 204.50 मीटर, खतरे का निशान 205.33 मीटर है। जलस्तर 206 मीटर पर पहुंचने के बाद नदी के आसपास रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के जोखिमों पर नजर रखने के लिए प्रमुख अवलोकन बिंदु है। अधिकारियों के अनुसार निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के अस्थायी आवास के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे, मयूर विहार, कश्मीरी गेट और आसपास के इलाकों में टेंट लगाए गए हैं।

### केरल में तेजाब हमले में दो नाबालिग लड़कियां झुलसीं

**कासरगोड।** उत्तरी केरल के कासरगोड जिले के पनाथाडी गांव में दो नाबालिग लड़कियां उस समय झुलस गईं, जब उनमें से एक के पिता ने कथित तौर पर उन पर तेजाब डाल दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि राजापुरम पुलिस ने कर्नाटक के दक्षिण कन्नड के करिके निवासी मनोज के सी (48) के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे हुई जब मनोज पनाथाडी गांव के परकादावु में अपने साले के घर पहुंचा। मनोज और उसकी पत्नी के बीच अनबन रहती थी इसलिए वह पति का घर छोड़कर अपने भाई के घर आ गई थी। शुक्रवार को मनोज की 17 वर्षीय बेटी और उसकी रिश्ते की बहन (10) आंगन में खेल रही थीं, तभी उसने कथित तौर पर रबर शीट बनाने में इस्तेमाल होने वाले तेजाब की एक बोतल खोली और उन पर उड़ेल दी और मौके से भाग गया। तेजाब से मनोज की बेटी के हाथ और जांघ जबकि उसकी बहन के चेहरे और हाथ मामूली रूप से झुलस गए। दोनों लड़कियों को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

## सोनम सहित आठ लोगों के खिलाफ 790 पृष्ठों का आरोपपत्र मेघालय पुलिस ने किया दाखिल

**शिलांग, एजेंसी**

मेघालय पुलिस ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की इस साल हुई हत्या के मामले में उनकी पत्नी सोनम सहित आठ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि रघुवंशी की इस साल मई में अपनी पत्नी के साथ हनीमून पर मेघालय आने पर की गई थी।

पूर्वी खासी पवर्तीय जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिएम ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार को सोहरा उप-संभाग के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 790 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भौतिक साक्ष्य और अन्य दस्तावेज संलग्न हैं। पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम सोहरा जाने से पहले 21 मई को शिलांग आए थे। 26 मई को दंपति के लापता होने की सूचना मिली, जिसके बाद सोहरा पुलिस, विशेष अभियान दल (एसओटी), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), पर्वतारोही समूहों और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। कई दिनों की गहन खोज के बाद, राजा रघुवंशी का शव दो जून को सोहरा में प्रसिद्ध वेई सावडोंग झरने के पास, उम्बलई के अरलियांग रियात कुनोन्ग्रिम में खाई से बरामद किया गया। सोहरा पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। मेघालय पुलिस ने पूर्वी खासी पर्वतीय जिला के पुलिस अधीक्षक (शहर) हर्बर्ट खारकोंगोर के नेतृत्व में व विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी जांच में खुलासा हुआ कि सोनम का राज कुशवाहा के साथ संबंध था। दोनों ने तीन भाड़े के हमलावरों के साथ मिलकर हनीमून के बहाने रघुवंशी की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के मुताबिक, सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, आकाश सिंह राजपूत, विशाल सिंह चौहान और आनंद कुर्मी पर हत्या के आरोप लगाए गए हैं।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड



आरोपी राज और सोनम (फाइल फोटो)

• राजा रघुवंशी की हत्या के भौतिक साक्ष्य और अन्य दस्तावेज किया कोर्ट में पेश

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सीजेआई भगवान बुद्ध की जन्मस्थली पहुंचे

**काठमांडू।** भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई शनिवार को भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी पहुंचे। न्यायमूर्ति गवई इस समय चार दिन की नेपाल यात्रा पर हैं। लुंबिनी पहुंचने पर उनका स्वागत लुंबिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ल्हारक्याल लामा ने किया। लुंबिनी में उन्होंने मायादेवी मंदिर में मंत्रों का जप भी किया। न्यायमूर्ति गवई ने वहां दीप जलाकर विश्व शांति, मानव कल्याण और भारत-नेपाल के बीच गहरे मैत्रीपूर्ण संबंधों की कामना की। प्रधान न्यायाधीश काठमांडू में नेपाल के उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित 'न्याय क्षेत्र सुधारों पर नेपाल-भारत न्यायिक संवाद' को संबोधित करने के लिए वहां पहुंचे थे।

### सूडान में शांति सैनिकों पर हमले की निंदा की

**जुबा।** दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने पश्चिमी इक्वेटोरिया राज्य में शांति सैनिकों पर एक स्थानीय सशस्त्र समूह के हमले की निंदा की है जिसमें उनके हथियारों को जब्त कर लिया गया था। दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में जारी एक बयान में यूएनएमआईएसएस ने कहा कि यह हमला बुधवार को उस समय हुआ जब उसके सैन्यकर्मी तम्बुरा और मापुसे के बीच गश्त लगा रहे थे। बयान में कहा गया, मिशन बार-बार दुहराता है कि उसके शांति सैनिक ऐसे समय में नागरिकों की सुरक्षा में तैनात हैं जब पश्चिमी इक्वेटोरिया में विशेष रूप से तंबूरा और उसके आसपास पहुंच एवं सुरक्षा की स्थिति नाज़ुक बनी हुई है।

### केन्या : आतंकी हमले में एक की मौत, तीन घायल

**केन्या।** सोमालिया की सीमा के पास पूर्वी केन्या के गरिसा काउंटी में सुरक्षा दल पर अल-शबाब आतंकवादियों के हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। केन्या की पुलिस के मुताबिक आज शाम स्थानीय समयानुसार करीब छह बजे हागाडेरा-बियामाथोबे मार्ग पर सुरक्षा दलों पर घात लगाकर हमला किया गया था।हताहतों में राष्ट्रीय पुलिस रिजर्व और मा'विस्ले नामक स्थानीय सशस्त्र समूह के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादरोधी पुलिस हमले की घटना की जांच कर रही है।

### अरमानी को सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी

**मिलान।** फैशन की दुनिया में परिधानों की नयी परिभाषा गढ़ने वाले मशहूर इतालवी डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी को शनिवार को सैकड़ों आम प्रशंसकों और अतिविशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अरमानी ने गैर पारंपरिक परिधानों के साथ फैशन की दुनिया में धूम मचा दी थी। अरमानी का बृहस्पतिवार को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

## ब्रिटेन: मंत्रिमंडल के शीर्ष पदों पर महिलाओं को मिली जगह

- पाकिस्तान मूल की शबाना गृहमंत्री और यवेट को बनाया विदेश मंत्री

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शनिवार को सभी स्तरों के मंत्रिस्तरीय पदों में बड़े फेरबदल के तहत महिला सांसदों को मंत्रिमंडल के सबसे वरिष्ठ पदों पर नियुक्त किया है।

पाकिस्तानी मूल की शबाना महमूद की गृह मंत्री के पद पर पदोन्नति तथा गृह कार्यालय की पूर्व अधिकारी यवेट कूपर को विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने का अर्थ है कि चांसलर रेचल रीव्स के साथ शीर्ष तीन सरकारी पदों का नेतृत्व पहली बार महिलाओं के हाथ में होगा। स्टार्मर ने कम कर भुगतान विवाद के कारण एंजेला रेनर के उपप्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए विदेश मंत्री डेविड लैमी को उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। रेनर ने घर खरीद पर कर का कम भुगतान किए जाने के मामले में स्वतंत्र जांच के बाद शुक्रवार को उपप्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

महमूद ने शुक्रवार शाम गृह मंत्री का कार्यभार संभालते हुए कहा, गृह मंत्री के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा है। इस पद पर रहते हुए, मैं हर दिन इसी उद्देश्य के लिए समर्पित रहूंगी।

## आखिर क्यों विवादों के घेरे में है

# इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल

इथेनॉल एक रंगहीन, वाष्पशील और ज्वलनशील तरल है, जिसे एथिल अल्कोहल भी कहते हैं। इसका निर्माण अनाजों, गन्ने या बायोमास में मौजूद शर्करा या स्टार्च को खमीर के माध्यम से किण्वित करके किया जाता है। इसकी प्रकृति पारदर्शी, रंगहीन और तीखा स्वाद वाला तरल है जो अत्यधिक ज्वलनशील होता है और विभिन्न कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थों को घोलने में सहायक होता है। इसी कारण इसे पेट्रोल में मिलाया जाता है और इसके पीछे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन में कमी करने जैसे कई कारण गिनाए गए हैं। हालांकि, कई कारणों से इसका काफी विरोध भी किया जा रहा है। हाल ही में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री रोकने के लिए दायर की गई एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया है।



### मिश्रण

- ई-10 में 10% इथेनॉल 90% पेट्रोल होता है।
- ई- 20 में 20% इथेनॉल 80% पेट्रोल होता है।

### इथेनॉल की खूबियां

- इथेनॉल एक कार्बनिक यौगिक है, यह अल्कोहल समूह से संबंधित और मादक पेयों में मौजूद मुख्य सक्रिय घटक है।
- यह एक नवीकरणीय ईंधन है और गैसोलीन में योज्य के रूप में प्रयोग किया जाता है। यह अत्यधिक ज्वलनशील होता है।
- यह एक वाष्पशील कार्बनिक यौगिक है जिसे राष्ट्रीय प्रदूषक सूची में सूचीबद्ध किया गया है। यह स्वच्छ रूप से जलता है।

### इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लाभ

- देश की ऊर्जा सुरक्षा में सुधार क्योंकि इथेनॉल जैव ईंधन है जो कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करता है।
- इथेनॉल से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होता है, जो स्वच्छ हवा और नेट जीरो लक्ष्य में सहायक है।
- इथेनॉल उत्पादन से कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन, किसानों की आय और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलता है।
- इथेनॉल की ऑक्टेन रेटिंग अधिक होती है, जिससे बेहतर दहन होता है और इंजन का प्रदर्शन सुधरता है।

### प्रमुख उपलब्धियां

- कच्चे तेल के आयात में कटौती करके 1,06,072 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत हुई।
- इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से कार्बन उत्सर्जन में 544 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है।
- तेल कंपनियों ने डिस्टिलरों को 1,45,930, किसानों को 87,558 करोड़ रुपये वितरित किए।

### नुकसान का अंदेशा

- इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने जैसी फसलों के इस्तेमाल से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं और खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।
- गन्ने समेत कुछ फसलों को उगाने के लिए बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जिससे जल संसाधनों पर दबाव पड़ सकता है।
- कुछ पुराने वाहनों में इथेनॉल मिश्रण से इंजन के पुर्जों को नुकसान पहुंच सकता है, ई 20 के लिए नया बुनियादी ढांचा जरूरी होता है।
- इथेनॉल में पानी खींचने के गुण होते हैं, जिससे ईंधन प्रणाली में जंग लग सकती है। मूल्य में अस्थिरता का भी अंदेशा बना हुआ है।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री रोकने के लिए दायर एक जनहित याचिका को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इसलिए इन्कार कर दिया क्योंकि केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और विदेशी मुद्रा के संरक्षण के उपाय के रूप में इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम का बचाव किया था।

# हजरतबल मस्जिद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने पर और गरमाया माहौल

## कश्मीर के सभी सियासी दल एकजुट, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग

श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी

श्रीनगर की हजरतबल दरगाह में वक्फ बोर्ड की ओर से नवीनीकरण पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किए जाने को लेकर कश्मीर के सभी राजनीतिक दल एकजुट हो गए हैं। कुछ दलों ने इस घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी को बर्खास्त करने की मांग की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक सरकारी समारोहों के लिए है, धार्मिक संस्थानों के लिए नहीं जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती ने इस चिह्न के इस्तेमाल को ईशनिंदा करार दिया। कुछ धार्मिक नेताओं ने दलील दी कि यह इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध है।

हजरतबल मस्जिद के जीर्णोद्धार का उल्लेख करने वाली पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल करने को लेकर विवाद खड़ा होने के बाद शुक्रवार को सामूहिक नमाज के ठीक बाद अज्ञात लोगों ने पट्टिका पर लगे चिह्न को तोड़ दिया था। जम्मू और कश्मीर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय चिह्न को हटाने वालों के खिलाफ जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) सहित विभिन्न धाराओं में कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शनिवार को इस घटना के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शांति भंग करने, दंगा करने और आपराधिक साजिश रचने का मामला दर्ज किया।

हालांकि, भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने न केवल पट्टिका को क्षतिग्रस्त करने के दोषियों के खिलाफ बल्कि नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं पर सवाल उठाते हुए अशोक स्तंभ को विकृत करने के लिए 'पर्दे के पीछे' काम करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड को उस 'गलती' के लिए माफी मांगनी चाहिए जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।



श्रीनगर में पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन पर दरगाह हजरतबल में प्रार्थना के लिए इकट्ठे लोग।

### धार्मिक स्थलों पर राष्ट्रीय प्रतीक कभी नहीं देखा

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, सबसे पहले, यह सवाल उठता है कि क्या इस पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था या नहीं। मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर इस तरह से प्रतीक का इस्तेमाल होते नहीं देखा। उन्होंने कहा, मस्जिद, दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे सरकारी संस्थान नहीं हैं। ये धार्मिक संस्थान हैं और धार्मिक संस्थानों में सरकारी प्रतीकों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। नेशनल कांफ्रेंसने शनिवार को भारत के राज्य प्रतीक अधिनियम का 'उल्लंघन' करने के लिए अंद्राबी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा, इस कदम से मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानून के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। उनके (अंद्राबी) और पट्टिका लगाने वालों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। यह ईशनिंदा का कृत्य है।

### भाजपा ने कहा- घाटी में अलगाववाद और आतंकवाद फिर जिंदा करने की कोशिश

भाजपा ने पट्टिका को क्षतिग्रस्त करने की निंदा करते हुए दावा किया कि इसे मस्जिद से बाहर लगाया गया था और यह घटना घाटी में 'आतंकवाद और अलगाववाद' को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुनील सेठी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हजरतबल की घटना एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है और चिंता का विषय है। नेशनल कांफ्रेंस के एक विधायक ने अशोक स्तंभ वाली पट्टिका के बारे में ट्वीटकिया और उसकी तोड़फोड़ का वीडियो वायरल हो गया, जिससे देश के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। सेठी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक सभी धर्मों के लोगों के लिए सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह हमला कश्मीर की सूफी संस्कृति के भी खिलाफ है जो सहिष्णुता सिखाती है और इस घटना के खिलाफ घाटी के लोगों में आक्रोश है। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी मांग करती है कि कार्रवाई केवल उन लोगों तक सीमित नहीं होनी चाहिए जिन्होंने पट्टिका को क्षतिग्रस्त किया बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वाले लोगों पर भी होनी चाहिए।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय सत्र में नहीं शामिल होंगे मोदी, जयशंकर करेंगे प्रतिनिधित्व

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- ट्रंप 23 सितंबर को वैश्विक नेताओं को करेंगे संबोधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्चस्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। यहां जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची से यह खुलासा हुआ है। सूची के मुताबिक विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र नौ सितंबर को शुरू होगा। उच्च स्तरीय सत्र 23 से 29 सितंबर तक होगा जिसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा उसके बाद अमेरिका दूसरे स्थान पर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को यूएनजीए के मंच से वैश्विक नेताओं को संबोधित करेंगे। व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सत्र में यह उनका पहला संबोधन होगा। उच्च स्तरीय सत्र में शामिल होने वाले वक्ताओं की शुक्रवार को जारी संशोधित अनंतिम सूची के अनुसार भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। वह 27 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। दरअसल इससे पहले जुलाई में जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची में यह जानकारी दी गई थी कि प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे।

### मोदी की मैक्रों से यूक्रेन व द्विपक्षीय मुद्दों पर बात

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई और दोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ यूक्रेन के मुद्दे पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। भारत संघर्ष के जल्द समाधान और क्षेत्र में स्थायी शांति की बहाली के प्रयासों का निरंतर समर्थन करता रहा है। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों के साथ अच्छी बातचीत हुई।

### सत्ता के लिए अत्याचार कर रहे मुनीर : इमरान

**लाहौर।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर नये सिरे से हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह अपने शासन को सुदृढ़ करने के लिए अत्याचार का सहारा ले रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के मुख्य संरक्षक खान ने मुनीर पर अघोषित मार्शल लॉ लागू करने, पिछले फरवरी के चुनाव में लोगों का जनादेश चुराकर शहबाज शरीफ के नेतृत्व में कठपुतली सरकार स्थापित करने और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाया है।

### रूस में व्हाट्सएप-टेलीग्राम पर प्रतिबंध नए मैसेजिंग एप मैक्स को किया लांच

- मेटा को सरकार ने घोषित किया है चरमपंथी संगठन

**मॉस्को।** रूस के लाखों नागरिकों को मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर की ओर से अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है जो सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम से की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं।

बीबीसी के मुताबिक इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है। यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14.30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमशः 9.7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है। व्हाट्सएप की मालिकाना कंपनी मेटा को रूस में एक चरमपंथी संगठन घोषित किया गया है।

## ट्रंप ने जताई हमास की हिरासत में मौजूद इजराइली बंधकों की मौत की आशंका

- कहा- हमास ने सभी को फौरन न रिहा किया तो होगी खराब स्थिति

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि हमास लड़ाकों द्वारा बंधक बनाए गए 20 बंधकों में से कुछ की मौत हो गई होगी क्योंकि इजराइली सेना ने गाजा पर कब्जे के लिए अपना सैन्य अभियान शुरू करने के पहले निवासियों से शहर खाली करने का आह्वान किया है।

ओवल ऑफिस में पत्रकारों को दिए गए ब्रीफिंग में ट्रंप से जब गाजा की स्थिति और हमास आतंकवादियों के साथ इजराइल की चल रही लड़ाई के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह 20 लोगों की बात है लेकिन मुझे लगता है कि इन 20 लोगों में से कुछ की हाल में मौत हो गई होगी। मैं यही सुन रहा हूं। लेकिन मुझे उम्मीद है कि ऐसा नहीं हुआ हो। ट्रंप की मध्यस्थता प्रक्रिया के बारे में टिप्पणी थी, हम हमास के साथ गहन बातचीत कर रहे हैं। हमने उससे कहा कि अगर इजराइली बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो हालात कठिन और बदतर हो सकते हैं। ट्रंप ने कहा, सभी को अभी रिहा करो। अगर ऐसा हुआ तो उनके लिए बहुत होगा, वरना स्थिति और खराब होगी।

### इजराइल ने गाजा को खाली करने को कहा

**दीर अल बलाह।** इजराइल की सेना ने भुखमरी की कगार पर पहले ही पहुंच चुके गाजा शहर के फलस्तीनियों को शनिवार को निर्देश दिया कि वे शहर को खाली कर दक्षिण स्थित मानवीय क्षेत्र में चले जाएं।

इजराइल का यह निर्देश इलाके पर कब्जा करने के लिए अपने अभियान का विस्तार किए जाने के बीच आया जिसमें ऊंची इमारतों को भी निशाना बनाया जा सकता है। करीब 10 लाख आबादी वाले इस शहर के कुछ हिस्सों को पहले से ही 'रेड जोन' माना जाता है, जहां अपेक्षित आक्रमण से पहले ही लोगों को खाली करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर भारत के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण

- चेन्नई में अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी की पासिंग आउट परेड में बोले वायुसेना प्रमुख

चेन्नई, एजेंसी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है और भारतीय सशस्त्र बलों ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

वायुसेना प्रमुख ने यहां अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी की 'पासिंग आउट परेड' की समीक्षा के बाद कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने तीनों सेनाओं के बीच विशिष्ट समन्वय, सशस्त्र बलों और अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल और एकीकरण को प्रदर्शित किया। कुल 130 अधिकारी कैडेट और 25 महिला अधिकारी कैडेट को भारतीय सेना के विभिन्न अंगों और सेवाओं में कमीशन दिया गया, जबकि नौ मित्र देशों की 12 महिला विदेशी अधिकारी कैडेट ने भी सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा मिला।

सिंह ने कहा, जब हम भविष्य की ओर देखते हैं तो दो बातें निश्चित हैं। युद्ध का तेजी से बदलता स्वरूप और सैन्य शक्ति की बढ़ती प्रासंगिकता। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर हमारे अद्वितीय पराक्रम का एक ज्वलंत उदाहरण है। इन बलों के भविष्य के रूप में आपको यह समझना होगा कि रक्षा बल हमेशा से ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले रहे हैं और रहेंगे।



चेन्नई की ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते नवनियुक्त अधिकारी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 सितंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 23 .38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग

(कुंडली चक्र)
- 6 – मं.
- 4 – शु.
- 3 – गु.
- 5 – बु., के., सू.
- 7
- 8
- 2
- 11 – रा., चं.
- 9
- 1
- 10
- 12 – श.

दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 21 .41 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज नए अनुभवों की प्राप्ति होगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। युवाओं को नई जॉब का प्रस्ताव मिल सकता है। अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें।

**वृष** – आज आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ सकता है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आप जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मिथुन** – आज अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें। अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को सम्मिलित करें। आय के नए साधन विकसित करने का प्रयास कर सकते हैं। उधार लिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है।

**कर्क** – आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहेगा। सामाजिक कार्यों से जुड़ने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की बातों से मन व्यथित हो सकता है।

**सिंह** – आज किसी मित्र के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – आज का दिन काफी शानदार रहेगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उन पर काम करेंगे। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों का तनाव कम होगा।

**तुला** – आज परिजनों से अपने मन की बातें साझा करें। लोगों का मनोबल बढ़ाने में आप काफी सहायता कर सकते हैं, लेकिन फिर भी नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी हो सकते हैं। नजदीकी लोगों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। अच्छा समय आने का इंतजार करें। किसी को उधार धन न दें। आपको सोच-समझकर बातें करनी चाहिए। अनावश्यक चर्चा करने के कारण हास्य का पात्र बन सकते हैं।

**धनु** – आज सरकारी योजनाओं से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी। आय में वृद्धि होगी। कई दिनों से अटके हुए मामलों को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं।

**मकर** – आज धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। मित्रों के प्रति अविश्वास का भाव उत्पन्न न होने दें। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ाएगा। अधिकारी वर्ग के लोग आपके ऊपर क्रोधित हो सकते हैं। सोच-समझकर ही धन खर्च करें।

**कुंभ** – आज उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं। स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। दूर के रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। घर पर काफी आराम का वक्त बिताएंगे।

**मीन** – आज अपने व्यवहार में नरमी रखें। किसी पर भी अधिक विश्वास न करें। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपके सही कार्यों का भी विरोध हो सकता है। लापरवाह रवैये के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

## सुडोकू -92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |

### सुडोकू - 91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |



> मैं अभी पीछे नहीं हटने जा रहा हूं। मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की अपनी कोशिश जारी रखूंगा। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा। मैं कम से कम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। -नोवाक जोकोविच

स्टेडियम
बरेली, रविवार, 7 सितंबर 2025
अमृत विचार
www.amritvichar.com

हाईलाइट

## भारत ने एशिया कप की तैयारी शुरू की

**दुबई :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप की तैयारी के लिए ट्रेनिंग के पहले दिन अपने साथी खिलाड़ियों की ऊर्जा और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि साथी खिलाड़ियों की ऊर्जा और कौशल ने उन्हें टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करेगा। उसके बाद 14 सितंबर को पाकिस्तान और 19 सितंबर को ओमान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। प्लेऑफ 20 सितंबर से शुरू होंगे।

## विश्व कप में हर चुनौती का सामना करेंगे : हीली

**सिडनी :** आस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली को भरोसा है कि उनकी टीम भारतीय उपमहाद्वीप में होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्व कप में हर तरह की चुनौती से पार पाने में सफल रहेगी। ऑस्ट्रेलिया महिला वनडे विश्व कप में सात बार का चैंपियन है और वह भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार हीली ने कहा मैं निश्चित रूप से इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं, लेकिन क्रिकेट की परिस्थितियां हमारे ग्रुप के लिए एक अलग चुनौती पेश करती हैं, जिसके लिए मुझे लगता है कि हम वास्तव में अच्छी स्थिति में हैं।

## वुशु में भारत का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** भारत ने ब्राजील में 17वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें तीन महिला खिलाड़ी फाइनल में और दो पुरुष खिलाड़ी नाकआउट चरण में पहुंच गए। भारतीय वुशु संघ की विज्ञप्ति के अनुसार, महिला वर्ग में अपर्णा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 किग्रा भार वर्ग में इंडोनेशिया की थारिसा डीया फ्लोरिएंटिना को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। अपर्णा का अगला मुकाबला रविवार को स्वर्ण पदक के लिए वियतनाम की एनजी थी भुओंग नगा से होगा। करीना कौशिक ने 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में ब्राज़ील की नथालिया ब्रिकेसी सिल्वा को हराया। अब उनका मुकाबला चीन की शियाओवेई वू से होगा।

## मध्य क्षेत्र ने बढ़त हासिल की

**बेंगलुरु :** हर्ष दूबे (75 रन) और उपेंद्र यादव (87 रन) ने अलग अलग अंदाज में अर्धशतक जड़कर मध्य क्षेत्र को शनिवार को यहां पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई जिससे टीम दलीप ट्रॉफी के फाइनल की दहलीज पर पहुंच गई। सेमीफाइनल के तीसरे दिन स्टंप तक मध्य क्षेत्र ने आठ विकेट पर 556 रन बनाकर पहली पारी के हिसाब से 118 रन की बढ़त बना ली। दिन के अंतिम ओवर में दीपक चाहर (33 रन) के आउट होने के बाद सारांश जैन 37 और यश ठाकुर चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दूबे और यादव ने छठे विकेट के लिए 134 रन की भागीदारी निभाकर पश्चिम क्षेत्र से मैच छीन लिया। दोनों की बल्लेबाजी का अंदाज अलग था।

# भारतीय पुरुष टीम हॉकी एशिया कप के फाइनल में पहुंची

राजगीर(बिहार), एजेंसी

- सुपर चार के आखिरी मैच में चीन को 7-0 से हराया

स्ट्राइकर अभिषेक के दो गोल की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुपर चार के आखिरी मैच में चीन को 7-0 से हराकर एशिया कप टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अभिषेक ने मैच के 46वें और 50वें मिनट में गोल दागे।

उनसे पहले इस एकतरफा मुकाबले में शिलानंद लाकड़ा (चौथे मिनट), दिलप्रीत सिंह (सातवें), मनदीप सिंह (18वें), राजकुमार पाल (37वें) और सुखजीत सिंह (39वें) के गोल ने टीम की बड़ी जीत पक्की कर दी।

रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में भारत के सामने मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया की चुनौती होगी। इस जीत के साथ भारत सुपर चार लीग तालिका में सात अंकों के साथ शीर्ष पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चीन और मलेशिया दोनों तीन-तीन अंकों के साथ उनसे पीछे रहे।

इससे पहले भारत ने सुपर चार चरण के अपने शुरुआती दो मैचों में दक्षिण कोरिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था और मलेशिया को 4-1 से हराया था।



भारत के शिलानंद लाकड़ा (बाएं से दूसरे) गोल करने के बाद टीम के साथियों के साथ जश्न मनाते हुए। एजेंसी

## भारत ने महिला एशिया कप हॉकी में जापान को 2-2 की बराबरी पर रोका

**हांगझोउ (चीन) :** नवनीत कौर के आखिरी क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल की बदौलत भारत ने दो बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे पूल मैच में जापान को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। हिरोका मुरायामा ने 10वें मिनट में गोल करके विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज जापान को बढ़त दिलाई लेकिन 30वें मिनट में रुतजा दादासो पिसाल ने भारत के लिए बराबरी का गोल किया। चिको फुजीबायाशी ने 58वें मिनट में जापान को एक बार फिर आगे कर दिया मगर मैच के आखिरी मिनट में नवनीत ने गोल करके मुकाबला ड्रॉ करा दिया। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था और अब उसके सामने आठ सितंबर को सिंगापुर की चुनौती होगी। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं। दोनों पूल की शीर्ष दो टीमें सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर चार में शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को फाइनल में भिड़ेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अपनी अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और ड्रैग-फ्लिकर दीपिका के बिना खेल रहा है। ये दोनों खिलाड़ी चोटिल हैं। एशिया कप को जीतने वाली टीम 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले महिला विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगी।





कार्लोस अल्काराज।

# अल्काराज और सिनर में होगा यूएस ओपन का खिताबी मुकाबला

## कार्लोस ने नोवाक जोकोविच और सिनर ने फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। यह इस वर्ष लगातार तीसरा अवसर होगा जबकि दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले यह दो खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे।





इटली के यानिक सिनर ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ शॉट लगाते हुए।

अल्काराज ने शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6 (4), 6-2 से हराया। उन्होंने जीत हासिल करने के बाद सभी को एक पल रुकने के लिए कहा। अल्काराज ने जेब से अपना मोबाइल फोन निकाला ताकि वह सिनर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच दूसरे सेमीफाइनल का स्कोर देख सके, लेकिन तब उस मैच का पहला सेट ही चल रहा था। सिनर ने इसके कुछ घंटे बाद ऑगर-अलियासिमे पर 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल करके अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक और रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

जोकोविच ने मैच के बाद स्वीकार किया कि यह दोनों खिलाड़ी इस समय दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने कहा ये दोनों खिलाड़ी इस समय दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। इसमें कोई शक नहीं। उन्होंने खुद को खेल के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है।

रविवार को होने वाले फाइनल का परिणाम जो भी हो यह सुनिश्चित है कि यह जोड़ी पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को साझा करेगी और पिछले 13 में से 10 पर कब्जा करेगी। अल्काराज ने अभी तक पांच और सिनर ने चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इस मैच से नंबर एक रैंकिंग का भी फैसला होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मैच को देखने के लिए आ सकते हैं। अल्काराज ने जून में फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था। सिनर ने जुलाई में विंबलडन में इसका बदला चुकता कर दिया था। सिनर न्यूयॉर्क में लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक लगातार पांच साल तक यह हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट जीता था। सिनर ने लगातार पांच ग्रैंड स्लैम फाइनल में भी जगह बनाई है, जिसकी शुरुआत 12 महीने पहले अमेरिकी ओपन से हुई थी। अल्काराज ने अपना छठा प्रमुख खिताब और फ्लशिंग मीडोज में दूसरा खिताब जीतने की कवायद में एक भी सेट नहीं गंवाया है। अल्काराज़ ने कहा मैं मैचों, टूर्नामेंट, पूरे साल, कुल मिलाकर, निरंतरता बनाए रखने पर काम कर रहा हूं। बस किसी भी मैच में उतार-चढ़ाव न हो। शायद, मैं परिपक्व हो रहा हूं, खुद को और बेहतर तरीके से जान रहा हूं और यह समझ रहा हूं कि कोर्ट के अंदर और बाहर मुझे क्या करना चाहिए। सिनर का 2024 की शुरुआत से अल्काराज के खिलाफ रिकॉर्ड 1-6 है।



न्यूजीलैंड की एरिन रूटलिफ (बाएं) और कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोवस्की चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ। एजेंसी

## डाब्रोवस्की और रूटलिफ ने महिला युगल का खिताब जीता

**न्यूयॉर्क :** गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ ने फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके तीन वर्षों में दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त डाब्रोवस्की और राउटलिफ ने शुक्रवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया।

इसके बाद डाब्रोवस्की और रूटलिफ़ गले मिले। इन दोनों ने स्तन कैंसर के इलाज के बाद डाब्रोवस्की की पहली बड़ी जीत का जश्न मनाया। उन्होंने पिछले साल विंबलडन में खेलने के लिए अपना इलाज कुछ समय के लिए टाल दिया था। तब वे फाइनल में टाउनसेंड और सिनियाकोवा से हार गए थे।

# सबालेंका की निगाह चौथे ग्रैंड स्लैम खिताब पर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अमांडा अनिसिमोवा से यूएस ओपन में मुकाबला आज



**2025** में अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेलेगी बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका जब यहां आर्थर ऐश स्टेडियम में महिला वर्ग के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से भिड़ेंगी, तो उनकी निगाह अपना चौथा ग्रैंड स्लैम और अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब पर रहेंगी।

बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका 2025 में अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेलेगी। इससे पहले वह दो अवसर पर अमेरिका की खिलाड़ियों से हार गई थी और इस बार भी फाइनल में उनका मुकाबला एक अमेरिकी खिड़की से है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अमेरिकी खिलाड़ियों से फाइनल में हार का यह सिलसिला तोड़ पाती है या नहीं।

वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ से हार गई थीं। सबालेंका ने पिछले वर्ष न्यूयॉर्क में हुए फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को भी हराया था और वह इस जीत से प्रेरणा देने की कोशिश करेंगी। यही नहीं वह 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद अमेरिकी ओपन में लगातार ट्रॉफी जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश भी करेंगी। सबालेंका जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में अनिसिमोवा से हार गई थी और वह इसका बदला चुकता करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो नौ मैच खेले गए हैं उनमें अनिसिमोवा ने छह में जीत हासिल की है। दो महीने से भी कम समय पहले ऑल इंग्लैंड क्लब में सबालेंका को हराने के बाद अनिसिमोवा अपना पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल इगा स्वियातेक से 6-0, 6-0 से हार गई थी। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी अमेरिकी ओपन में इस तरह की कोई गलती नहीं करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उन्होंने हालांकि उस पराजय को पीछे छोड़ दिया है जो इस टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन से स्पष्ट नजर आता है। वह स्वियातेक को अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराकर विंबलडन की हार का बदला चुकता चुकी हैं और उनका पूरा ध्यान अब पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनने पर लगा होगा।



एरिना सबालेंका। एजेंसी

# जोकोविच ने कहा हार नहीं मानूंगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शुक्रवार को अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा कि वह 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे। कार्लोस अल्काराज के खिलाफ मुकाबले में जोकोविच कुछ अवसरों पर अच्छी स्थिति में दिखे लेकिन आखिर में उन्हें सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा

मैं अभी पीछे नहीं हटने जा रहा हूं। मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की अपनी कोशिश जारी रखूंगा। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा। मैं कम से कम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। सर्बिया के 38 वर्षीय खिलाड़ी जोकोविच ने इस सत्र में चारों ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन हर बार उससे आगे बढ़ने में नाकाम रहे। उन्हें तीन बार 22 वर्षीय अल्काराज़ और एक बार 24 वर्षीय यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा।

# यूपी टी-20 लीग युवाओं के लिए अवसर : सीएम





उत्तर प्रदेश प्रीमियर टी-20 लीग के समापन समारोह में ट्रॉफी व रोबोट के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में बीसीसीआई कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव शुक्ला व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीसीसीआई से किया अनुरोध 25 करोड़ आबादी के उत्तर प्रदेश की दो टीमें बनें
- मुख्यमंत्री योगी ने फाइनल मैच का टॉस उछालकर और घंटा बजाकर की शुरुआत

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश प्रीमियर टी-20 लीग का भव्य समापन शनिवार को अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फाइनल मैच का टॉस उछालकर और घंटा बजाकर शुरुआत की।

काशी रुद्रास और मेरठ मावेरिक्स के बीच रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। सीएम ने खिलाड़ियों और कप्तानों से मुलाकात की और ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी टी20 लीग युवाओं के लिए अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने बीसीसीआई से अनुरोध किया कि 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी को कम से कम दो टीमें दी जाएं, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अधिक अवसर मिलें। उन्होंने बताया कि वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस वर्ष के अंत तक पूरा हो जाएगा, जबकि अयोध्या, गोरखपुर और मेरठ में भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्टेडियम निर्माणाधीन हैं।

उन्होंने कहा कि हर गांव में खेल मैदान, हर ब्लॉक में मिनी स्टेडियम और हर जनपद में स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। पुराने खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त कर उभरते खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया जाएगा।

इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और यूपीसीए के वरिष्ठ पदाधिकारी, राज्य सभा सांसद राजीव शुक्ला, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और यूपी टी20 लीग के चेयरमैन डॉ. डीएम चौहान भी मौजूद रहे।

## बीसीसीआई 28 सितंबर को नए अध्यक्ष का चुनाव करेगा

**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) 28 सितंबर को यहां अपनी आम सालाना बैठक में नए अध्यक्ष और आईपीएल के अगले चेयरमैन का चुनाव करेगा।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के 70 साल के होने के बाद इस महीने की शुरुआत में दिए इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है। बीसीसीआई का संविधान किसी भी अधिकारी को 70 वर्ष से अधिक आयु तक किसी पद पर बने रहने की अनुमति नहीं देता है। आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल के कुल छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अनिवार्य ब्रेक पर जाने की संभावना है। हालांकि चुनाव बीसीसीआई के सभी प्रमुख पदों के लिए होने हैं लेकिन यह प्रभावी रूप से केवल एक पद के लिए ही होना है क्योंकि अन्य पदों पर अधिकारियों के बरकरार रहने की संभावना है।

बढ़ा रोमांच

टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक

# चोपड़ा व नदीम के बीच होगा मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम इस महीने के अंत में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फिर से पेरिस ओलंपिक भाला फेंक फाइनल की तरह मुकाबले के लिए तैयार हैं।

मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा 13 से 21 सितंबर के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता में 19 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि नदीम पाकिस्तान के एकमात्र एथलीट हैं। नदीम ने अगस्त 2024 में पेरिस में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। तब से दोनों प्रतिद्वंद्वी एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेले हैं। पर अब एक साल से भी ज्यादा समय के बाद तोक्यो में उनका आमना-सामना होने वाला है जिससे यह ओलंपिक और विश्व चैंपियन के बीच मुकाबला होगा।





नीरज चोपड़ा व अरशद नदीम।

सत्ताईस वर्षीय चोपड़ा गत चैंपियन होने के नाते पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पा चुके हैं। उन्होंने क्वालीफाइंग अवधि के दौरान कई बार 85.50 मीटर का क्वालीफाइंग मानक भी पार किया है। वहीं अठाईस वर्षीय नदीम ने मई में दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाइंग मानक हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक फाइनल के बाद नदीम ने एकमात्र इसी स्पर्धा में हिस्सा लिया है। इस पाकिस्तानी खिलाड़ी की जुलाई में इंग्लैंड में पिंडली की मांसपेशी की सर्जरी हुई थी। विश्व चैंपियनशिप में पुरुष भाला फेंक क्वालीफाइंग राउंड 17 सितंबर को और फाइनल अगले दिन होगा। तीन अन्य भारतीय सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी तोक्यो में इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं। इससे भारत के पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों की संख्या सबसे ज्यादा होगी। डायमंड लीग ट्रॉफी विजेता जर्मनी के जूलियन वेबर इस साल तीन बार 90 मीटर से ज्यादा थ्रो करने के बाद इस स्पर्धा में पसंदीदा दावेदार के रूप में उतरेंगे।